■ वर्ष 31 अंक 69 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर बुधवार 03 सितम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# पंजाब में सैलाब...मुसीबत बेहिसाब

## राज्य के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत



नई दिल्ली

पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने पंजाब में अगले 36 घंटे के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 12 जिले अमृतसर, गुरदासपुर, मोगा, पठानकोट, तरनतारन, फिरोजपुर, होशियारपुर, पटियाला, मोहाली, कपूरथला, जालंधर और लुधियाना बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। जालंधर में मंगलवार सुबह से तेज बारिश जारी है। इसके कारण सड़कों पर कई फीट तक पानी भर गया है। जालंधर कोर्ट कैंपस में भी पानी भरा है। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने फिरोजपुर में कहा कि जब देश संकट में था, पंजाब हमेशा देश के साथ खड़ा था। आज, पंजाब संकट में है, और मुझे पूरी उम्मीद है कि पूरा देश पंजाब के साथ खड़ा होगा। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने फोन किया और उन्होंने स्थिति की जानकारी ली। 1988 में जो बाढ़ आई थी, आज स्थिति उससे भी ज्यादा गंभीर है। पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री एस हरदीप सिंह मुंडियां ने मंगलवार को बताया कि बाढ़ से 12 जिलों में 2.56 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इससे हजारों लोग बेघर हो गए। जन-जीवन, संपत्ति, फसलों तथा पशुधन को भारी नुकसान पहुंचा है।उन्होंने बताया कि अब तक 15,688 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। सबसे अधिक गुरदासपुर में 5,549 लोग हैं। इसके बाद फिरोजपुर में 3,321, फाज़िल्का में 2,049, अमृतसर के 1,700, पठानकोट में 1,139 और होशियारपुर में 1,052 लोग शामिल हैं। राज्य सरकार ने 129 राहत शिविर स्थापित किए हैं। इनमें 7,144 लोग रह रहे हैं।

### दिल्ली में यमुना का रौद्र रूप

उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। दिल्ली में यमुना का पानी बढ़ने के बाद लोहा पुल को बंद कर दिया गया। शाहदरा के डीएम ने बताया कि लोहा पुल पर यातायात और आम लोगों की आवाजाही रोक दी गई है। नोएडा के याकूबपुर इलाके में यमुना नदी का पानी बढ़ा, जिसके बाद आसपास बने घर पानी में डूब गए हैं।

### के. कविता बीआरएस से सस्पेंड



**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी के. कविता को मंगलवार को तत्काल प्रभाव से पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। उन्हें अपने बयानों और हालिया गतिविधियों की वजह से पार्टी से सस्पेंड किया गया है। यह फैसला कविता के पिता, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने लिया। बीआरएस का कहना है कि कविता के हालिया बयान और उनकी गतिविधियां पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के खिलाफ है।

### एसबीआई ब्रांच से दो करोड़ के जेवर चोरी

**उज्जैन।** उज्जैन के महानंदा नगर की एसबीआई ब्रांच से 2 करोड़ के आभूषण और 8 लाख कैश चोरी हो गए। सीसीटीवी फुटेज में 2 बदमाश बैंक से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बैंक से चोरी हुआ सोना उन लोगों का है, जिन्होंने गोल्ड लोन ले रखा है। जानकारी के अनुसार, चोरी के दौरान बैंक का लॉकर तोड़ा नहीं गया है। पुलिस को आशंका है कि कोई अंदर का ही व्यक्ति है, जिसने इस वारदात को अंजाम दिया है।

### इंडिगो विमान से टकराया पक्षी

**मुंबई।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो-6ई812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। प्लेन में 272 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। घटना सुबह 7.01 बजे की है। विमान को 8.50 बजे कोलकाता पहुंचना था। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान से एक पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नोज अंदर धंस गई।

# केंद्र ने देश का 'दिल' दुखाया

## फंड देने से इंकार : अब राज्य सरकार 9026 करोड़ से पूरा करेगी अधूरे प्रोजेक्ट्स

भोपाल

मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन के अधूरे कामों के लिए केंद्र सरकार ने राशि देने से इंकार कर दिया है। लिहाजा, अब राज्य सरकार खुद ही अधूरे प्रोजेक्ट्स पूरा करने का खर्च उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट ने मंगलवार को फैसला लिया कि 8358 अधूरी नल-जल योजनाओं को पूरा करने के लिए 9026.97 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक में इंदौर से उज्जैन तक नया ग्रीनफील्ड फोरलेन रोड बनाए जाने का फैसला भी लिया गया। पहले यह सड़क लोक निर्माण विभाग बनाने वाला था, अब इसकी लागत बढ़कर 2935.15 करोड़ हो गई है। इसलिए इसे हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल से बनाया जाएगा। फोरलेन में 48 किमी लंबी सड़क, पेवर्ड शोल्डर, सर्विस रोड, अंडरपास, फ्लाईओवर और जंक्शन बनाए जाएंगे। काम 17 महीने में पूरा होगा। कैबिनेट की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार नर्मदापुरम से टिमरनी तक 72 किमी लंबा रोड हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल से बनेगा। इसकी लागत 972.16 करोड़ रहेगी। इसमें अंडरपास, फ्लाईओवर और जंक्शन शामिल हैं। उज्जैन के हरिफाटक आरओबी पर अभी टू लेन ब्रिज है, सिंहस्थ को देखते हुए इसे फोर लेन किया जाएगा। इसके लिए 371 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल गई है।



### जल जीवन मिशन की स्थिति

20,765 करोड़ रूपये की लागत वाली 27990 एकल नल-जल योजनाएं शुरू की गईं। 60,786 करोड़ रूपये की लागत वाली 148 समूह जल योजनाओं को मंजूरी मिली। इनमें से 15927 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, बाकी काम अधूरे हैं। 8358 योजनाएं अब फिर से चेक की जाएंगी और पूरी की जाएंगी। अगर इन्हें नहीं किया गया तो 7 लाख से ज्यादा परिवार पानी से वंचित रह जाते। अधूरे कामों को पूरा करने केंद्र का सरकार का हिस्सा 2813 करोड़ रूपये नहीं मिलेगा, इसलिए अब पूरी राशि राज्य सरकार खर्च करेगी। यह योजना कुल मिलाकर 80,000 करोड़ रूपये की है।

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज का रोड शो



बैठक में बताया गया कि धार जिले के पीएम मित्रा पार्क में 3 सितंबर को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह यहां रोड शो करेंगे। टेक्सटाइल उद्योग और देश के बाहर के लोग भी आएंगे। सिर्फ एक रुपए वर्ग मीटर प्रीमियम और 120 रुपए प्रतिवर्ग फीट विकास शुल्क लेकर पहले आओ पहले पाओ में भूमि आवंटन करेंगे। दो हजार करोड़ से अधिक की लागत लगेगी और तीन लाख प्रत्यक्ष और एक लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन होगा।

### देश में लाएंगे वैदिक घड़ी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन काल गणना का केंद्र है। इसमें एक सेकेंड का भी परिवर्तन नहीं आता है। सूर्य और नवग्रह के संचालन के हिसाब से काल गणना होती है। वैदिक घड़ी पहले देश में लाएंगे। इसका मोबाइल एप भी बना है। वर्तमान और वैदिक समय में अंतर भी पता लग सकेगा।

### फुटबॉलर की विदेश में ट्रेनिंग

पीएम नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ियों की तारीफ की थी। जर्मनी के एक फुटबॉलर ने भी ये पॉडकास्ट सुना और खिलाड़ियों को कोचिंग देने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार अब खिलाड़ियों को विदेश भेजने की तैयारी कर रही है।

# आप विधायक पुलिस की हिरासत से फरार

## पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी, गाड़ी चढ़ाने की भी कोशिश



चंडीगढ़

पंजाब के सनौर विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फरार हो गए। गिरफ्तारी के बाद थाना ले जाते समय पठानमाजरा और उसके साथियों ने पुलिस पर गोलीबारी की, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश कर विधायक स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर में भागे। पुलिस ने फॉर्च्यूनर को पकड़ लिया, लेकिन पठानमाजरा स्कॉर्पियो में फरार है। पुलिस टीम पीछा कर रही है। दरअसल, पठानमाजरा की पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज हुए रेप केस के पुराने मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। पटियाला के सिविल लाइंस थाने में यह एफआईआर दर्ज है। पंजाब पुलिस ने विधायक हरमीत को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था। इसी बीच, स्थानीय थाने ले जाते समय विधायक पठानमाजरा और उनके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। उधर, विधायक ने एक पुलिसकर्मी पर अपनी कार चढ़ाकर एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार जब्त कर ली है, लेकिन विधायक एक स्कॉर्पियो में फरार हैं। पठानमाजरा ने फेसबुक वीडियो में कहा था कि दिल्ली आप टीम पंजाब पर राज कर रही है और उनकी आवाज दबा रही है। पठानमाजरा ने हाल ही में सरकार की बाढ़ राहत पर आलोचना की थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा हटा ली गई थी। पुलिस ने कहा कि फरारी का मामला दर्ज कर तलाश तेज कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री ने जारी किया पहला मेड इन इंडिया चिप

## विक्रम नाम दिया सेमीकंडक्टर पर रखा बड़ा टारगेट

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौथे सेमिकॉन इंडिया कॉन्फ्रेंस की शुरुआत के साथ ही भारत का पहले इंडिया चिपसेट को अनवील कर दिया है। नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विक्रम 32-बिट प्रो चिप को शोकेश किया है। साथ ही प्रधानमंत्री ने सेमिकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि भारत में अपनी मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिपसेट का कमर्शियल प्रोडक्शन इस साल से शुरू करेगा। विक्रम चिप को इसरो के सेमीकंडक्टर लेबोरेट्री में डेवलप किया गया है। यह भारत का पहला फुली मेक इन इंडिया 32-बिट माइक्रो प्रोसेसर है। चिप किसी भी डिवाइस के लिए बहुत ही जरूरी पार्ट है, जैसे किसी इंसान के लिए ब्रेन। सेमिकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर का ग्लोबल मार्केट कुछ साल में 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को भी पार कर जाएगा। इस 1 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट में भारत का अहम हिस्सा रहने वाला है।

# दलाई लामा के पुनर्जन्म पर दखल बर्दाश्त नहीं

## तिब्बती मंत्री ने 65वें लोकतंत्र दिवस पर चीन को दिया जवाब

धर्मशाला



धर्मशाला में तिब्बती लोकतंत्र दिवस की 65वीं वर्षगांठ पर केंद्रीय तिब्बती प्रशासन काशाग ने चीन को स्पष्ट संदेश दिया। निर्वासित तिब्बत मंत्रिमंडल ने कहा कि दलाई लामा की विरासत तिब्बत की वास्तविक शक्ति है। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के अध्यक्ष सिक्योंग पेन्पा सेरिंग ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म को केवल तिब्बती बौद्ध परंपरा से मान्यता मिलेगी। चीन की 'सोने की कलश लॉटरी' और 'सरकारी अनुमोदन' की अवधारणा को उन्होंने निराधार बताया। काशाग ने अपने संदेश में दोहराया कि तिब्बत का भविष्य दलाई लामा की विरासत पर निर्भर है और वे चीन की किसी भी दखलअंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। काशाग ने दलाई लामा के आगामी 90वें जन्मदिवस को 'करुणा वर्ष' घोषित किया है। तिब्बतियों और समर्थकों से आग्रह किया गया है कि वे विश्व में करुणा, शांति, मानवीय मूल्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करें। 1959 में भारत आने के बाद मसूरी में निर्वासित सरकार की स्थापना की गई थी। 2 सितंबर 1960 को निर्वासित तिब्बती जनप्रतिनिधियों ने पहली बार शपथ ली। तब से यह दिन तिब्बती लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# राष्ट्रपति के मामले में संविधान की व्याख्या करेंगे

## राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संविधान की व्याख्या सिर्फ राष्ट्रपति के मामले में करेगा, किसी राज्य या व्यक्ति से जुड़े अलग-अलग मामलों में नहीं। कोर्ट ने यह टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाले मामले में की। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना या कर्नाटक जैसे राज्यों का उदाहरण देंगे, तो केंद्र को भी जवाब दाखिल करना होगा। इस पर सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा- हम अलग-अलग राज्यों के मामलों पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि केवल संविधान की धाराओं को देखेंगे। सुनवाई में सिंघवी ने कहा कि अगर विधानसभा किसी बिल को वापस नहीं भेजना चाहती तो वह अपने आप अस्वीकृत हो सकता है। अगर राज्यपाल बिल को विधानसभा को लौटाते ही नहीं हैं, तो अनुच्छेद 200 की प्रक्रिया ही रुक जाएगी।



सीजेआई ने सिंघवी से पूछा कि अगर राज्यपाल बिल को रोक कर रखें और वापस विधानसभा को न भेजें तो क्या होगा? इस पर सिंघवी ने कहा कि ऐसी स्थिति में बिल आगे नहीं बढ़ पाता और पहले के फैसलों के अनुसार वह 'फॉल थ्रू' मान लिया जाता है, जब तक कि अनुच्छेद 200 की पहली शर्त पूरी न हो। दरअसल, मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा था कि क्या अदालत राज्यपालों और राष्ट्रपति को बिलों पर फैसला करने के लिए समय-सीमा तय कर सकती है।

# मराठा आंदोलन: जरांगे ने खत्म की भूख हड़ताल

## कहा- सरकार ने हमारी मांगें मान ली, बॉम्बे हाईकोर्ट में आज फिर सुनवाई

मुंबई




मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने पांच दिवसीय भूख हड़ताल मंगलवार को खत्म कर दी। इसके बाद उन्होंने कहा, हम जीत गए हैं। सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं। यह भी कहा कि अगर सरकार आरक्षण की मांगों पर जीआर (आदेश) जारी कर देती है तो वह आज रात मुंबई छोड़ देंगे। उधर, बॉम्बे हाईकोर्ट ने जरांगे को अनशन स्थल आजाद मैदान पर 3 सितंबर की सुबह तक रुकने की अनुमति दे दी। इससे पहले अदालत ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने को कहा था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को भी फटकार लगाई। कहा कि प्रशासन ने उसके आदेशों को लागू क्यों नहीं किया। जबरन मैदान खाली कराने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए। अदालत ने कहा कि अगर बुधवार तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वह कड़ा आदेश जारी करेगी और किसी भी हद तक जाएगी। मंगलवार को एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस आरती साठे की बेंच ने दो बार सुनवाई की। जरांगे के वकील ने बेंच से बुधवार दोपहर 11 बजे तक का वक्त मांगा। वकील ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन जारी है। लॉ एंड ऑर्डर नहीं बिगड़ेगा, इसकी जवाबदारी लेते हैं। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल बीरेन्द्र सराफ ने बेंच से कहा- पुलिस ने सभी प्रक्रियाओं का पालन किया है। प्रदर्शनकारियों को उनकी गलतियों की लिस्ट सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान सड़कों पर भीड़ बढ़ी हुई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए चुनौती है। इस पर बेंच ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा- आपको दूसरे ही दिन अदालत आना चाहिए था, बताना चाहिए था कि 5 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ हो चुकी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुंबई के आजाद मैदान में आमरण अनशन जारी रखने पर मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे को भी फटकार लगाई। कोर्ट ने जरांगे और सभी प्रदर्शनकारियों को आज दोपहर 3 बजे से पहले आजाद मैदान खाली करने का आदेश दिया था। एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस आरती साठे की बेंच ने कहा, अगर 3 बजे तक आजाद मैदान खाली नहीं हुआ तो प्रदर्शनकारियों पर कठोर जुर्माना, अदालत की अवमानना की कार्यवाही और अन्य कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार क्या कर रही थी?

एक्टिंग चीफ जस्टिस ने कहा- आप किसी हाईकोर्ट के जस्टिस को पैदल चलकर अदालत पहुंचने पर सिर्फ इसलिए मजबूर नहीं कर सकते क्योंकि आपके प्रदर्शनकारी सड़क पर नाच रहे थे। हम राज्य सरकार से भी जानना चाहते हैं कि वह क्या कर रही थी?

# मझौली सचिव के कारनामों की लंबी फेहरिस्त फिजूल खर्ची में पूरे जिले में अब्बल

## 15 अगस्त में 41750 रुपए खर्च और 15000 रुपए की झंडा खरीदी नमूना मात्र


बुढ़ार (स्वतंत्रमत)।

जिस प्रकार से जिले में पंचायत के बिल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं और उन पर जिम्मेदार अधिकारियों का कार्यवाही ना के बराबर किया जाना साफ तौर पर अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं क्योंकि यदि अधिकारी इन मामलों पर संज्ञान लेते तो शायद ही सुंदरलाल जैसे सेक्रेटरी इस तरह के कारनामे कर पाते अब तो गैरत ही बची है क्योंकि सुंदर के कारनामों में तो मुर्दों के पैसे भी हजम कर लिए अब देखना है कि वरिष्ठ अधिकारियों का इस विषय को लेकर क्या प्रतिक्रिया होती है।


### टैंकर रिपेयरिंग के नाम पर किया गोलमाल

सचिव सुंदरलाल रजक के द्वारा टैंकर रिपेयरिंग के नाम पर एक ही वित्तीय वर्ष में कई बार बिल का भुगतान किया गया है पहला बिल रिजवी वेल्डिंग के नाम पर बिल 23 अप्रैल 2025 राशि 7320 की जिसमें टैंकर रिपेयरिंग चौनल बदलने का उल्लेख किया गया है। इसी प्रकार 02 जून 2025 को वेल्डिंग के नाम अरना ट्रेडर्स को 9500 वेल्डिंग कार्य और रिपेयरिंग के भुगतान किया गया है इन दोनों बिलों से आप देख सकते हैं की सचिव सुंदरलाल रजक ने किस प्रकार






से सरकारी राशि का गवन किया है। और सबसे बड़ी मजे की बात यह है कि अरुण ट्रेडर्स के नाम की कोई दुकान मझौली में भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं है ऐसे में बिल्डिंग रिपेयरिंग का कार्य साफ तौर पर शासकीय राशि की बंदरबात की ओर इशारा कर रही हैं टैंकर रिपेयरिंग पर फर्जी तौर पर भुगतान यह एक गंभीर सवाल है जबकि वर्तमान समय में जो टैंकर मझौली पंचायत में मौजूद है उस पर किसी भी तरह का रिपेयरिंग कार्य किया जाना सीधे तौर पर पैसों का बंदरबांट है क्योंकि टैंकर की हालत अच्छे हैं और पॉलिश के अतिरिक्त अन्य कोई खर्च टैंकर में किया जाना साफ तौर पर पैसों का गवन है।

### फिजूल खर्ची में अब्बल

सचिव सुंदरलाल रजक यही तक में नहीं रुका है फिजूल खर्ची के मामले में सुंदर लाल रजक ने कइयो रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं हाल ही में हर घर तिरंगा उत्सव के नाम पर 500 तिरंगा की खरीदी बिल क्रमांक 982 10 अगस्त 2025 कुल राशि 15000 जायसवाल ट्रेडर्स केशवाही के नाम भुगतान की गई है। इसी प्रकार 15 अगस्त के नाम पर बिल क्रमांक 408 13 अगस्त 2025 कुल राशि 12750 रुपए का भुगतान इनाम वितरण के नाम पर किया गया है । और इसके पश्चात बूंदी और नमकीन के नाम पर बिल क्रमांक 28 14 अगस्त 2025 कुल राशि 15000 रुपए की भुगतान गोविंद होटल एंड डेली नीड्स के नाम किया गया है कुल मिलाकर 15 अगस्त के नाम पर 41750 रुपए की राशि का भुगतान कर दिया है जबकि इस फिजूल खर्ची के लिए ऐसी एस जुलानिया जी ने निर्देश दिए गए थे जिसमें बिंदु क्रमांक 2 में लिखा गया है की बंदी नमकीन एवं अन्य फिजूल खर्ची में किसी भी तरह की कोई खर्च नहीं किया जाना है।

# युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के मार्गदर्शन पर जिला महासचिव निशांत जोशी की नेतृत्व एवं ब्लॉक अध्यक्ष शेख साजिल (सनी) की अध्यक्षता में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है जो कि इस प्रकार पेट्रोल पंप पर घटिया गुणवत्ता का पेट्रोल देने एवं कम मात्रा में पेट्रोल दिए जाने की शिकायत करते हुए, संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहते है हाल ही में पशुपति फीलिंग रेडियो स्टेशन के सामने से 80 का पेट्रोल भरवाया किंतु मुझे केवल 40 के बराबर ही पेट्रोल दिया गया इसके अतिरिक्त पेट्रोल की गुणवत्ता भी अत्यंत निम्न स्तर की प्रतीत हो रही है जिससे वाहन में तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं यह न केवल उपभोक्ताओं के साथ आर्थिक धोखाधड़ी है बल्कि आमजन की सुरक्षा से भी खिलवाड़ है ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच करना अति आवश्यक है ताकि दोषी पेट्रोल पंप के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके उक्त प्रकरण में युवा कांग्रेस ने मुख्य बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करें।, 1. पेट्रोल पंप की जांच हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए।, 2. पेट्रोल की गुणवत्ता की प्रयोगशाला द्वारा जांच करवाई जाए।, 3. तेल मशीनों की कैलिब्रेशन (मात्रा जांच) करवाई जाए।, 4. दोषी पाए जाने पर उचित दंडात्मक कार्यवाही की जाए। संवेदनशील प्रकरण के निराकरण की अपेक्षा युवा कांग्रेस रखती है। अन्यथा की स्थिति में संभाग की जनता के हित के लिए युवा कांग्रेस शहडोल सडको पर उतरकर आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे उक्त ज्ञापन में मुख्य रूप से जिला महासचिव सोनू चौबे, नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम, सूफियान अंसारी, दिलशाद अंसारी, सैफ खान, दानिश अली, सत्यम कुशवाहा, मिशम अली, जाहिद खान, गौरव प्यासी, मुस्ताक खान, अर्श अली, रहीम खान, आरिश खान, आसिफ खान, दीपांशु, अंकित, फरमान, शाहनवाज, शिवा, अवधेश, राजेश, बादल वंशकार, पुष्पेंद्र वंशकार, हनी अरोड़ा, संजीव भास्कर, अनस खान, सामी खान, सागर गुप्ता इमरान खान, समीर, साकिब खान, अभिषेक, गाजू, फैजान खान, अन्य युवक कांग्रेस साथी एवं कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में वार्ड नम्बर 11 राजेंद्र नगर के समस्त वार्डवासियों ने निस्तार वाले पानी की नाली से निकासी की व्यवस्था कराने, शहडोल के वार्ड नम्बर 38 निवासी सीमा खटिक ने पीएम आवास दिलाने, अनूपपुर जिले के ग्राम फुनगा निवासी गणेश प्रसाद शर्मा सेवा निवृत्त शिक्षक ने नियुक्ति वर्ष 1974-75 से पूर्ण वेतनमान दिलाने, उमरिया जिले के ग्राम महरोई निवासी फुल सिंह ने शासकीय कब्जे की भूमि का पट्टा दिलाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# 69वीं वर्षगांठ के अवसर पर बीमा कर्मियों द्वारा कार्यालय के समक्ष किया मानव श्रंखला का निर्माण

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी 69 वीं वर्षगांठ मना रहा है। शहडोल मण्डल के समस्त बीमा कर्मियों और समस्त बीमाधारकों को इस अवसर पर असंख्य शुभकामनाएं। 69 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 1956 में एलआईसी का गठन निजी बीमा कंपनियों के चंगुल से मुक्त होकर, पॉलिसीधारकों को बड़े पैमाने पर शोषण से बचाने और जरूरतमंदों व वंचितों को किफायती दामों पर बीमा उपलब्ध कराने के लिए हुआ था। आजादी के बाद हमारे देश में अनेक संगठनों का राष्ट्रीयकरण स्थापना हुई, लेकिन किसी भी सार्वजनिक उपक्रम ने अपना स्थापना दिवस एलआईसी की तरह नहीं मनाया। क्योंकि, एलआईसी राष्ट्रीयकरण के समय निर्धारित




अपने उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। चूँकि एलआईसी इन उद्देश्यों का अक्षरश: क्रियान्वयन कर रही है, इसलिए इसमें अपने सभी हितधारकों का सामना करने का साहस है। यदि हम देश के कोने-कोने तक बीमा का संदेश पहुँचाने के उद्देश्य का विश्लेषण करें, तो हम पाते हैं कि 1956 में 40 करोड़ की आबादी वाले देश में कुल 54 लाख पॉलिसी थीं, जो अब 140 करोड़ की आबादी में 27 करोड़ (व्यक्तिगत) और 8 करोड़ (समूह) तक पहुँच गई हैं। कुल प्रीमियम जो 1956 में 81 करोड़ था, 31 मार्च 2025 तक 4,88,148 (शुद्ध) करोड़ तक पहुँच गया है। इसी प्रकार 348 करोड़ की परिसंपत्ति 56,22,929 करोड़ तक पहुँच गई और जीवन निधि 1956 में मात्र 378 करोड़ से 47,84,941 करोड़ तक पहुँच गई। यदि हम जनता के कल्याण के लिए जनता का धन उद्देश्य पर ध्यान दें, तो 31 मार्च 2025 तक, एलआईसी ने सामुदायिक विकास कार्यों के लिए 54,52,296 करोड़ का योगदान दिया है। 69 वर्षों की यात्रा के दौरान युद्ध, प्राकृतिक आपदाएँ, आर्थिक संकट जैसी कई चुनौतियाँ इसके रास्ते में आईं, लेकिन एलआईसी अपने वादों से एक इंच भी पीछे नहीं हटी। यह केवल विशाल बीमाधारक जनता के निरंतर विश्वास और समर्थन तथा सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखने के अथक संघर्ष के कारण ही संभव हो पाया है। एल आई सी ने उसके जन्म के समय निर्धारित किए गए लक्ष्य, राष्ट्र के निर्माण और स्वतंत्र, आत्मनिर्भर विकास में बेमिशाल योगदान और महत्वपूर्ण भूमिका के साथ अपने सामाजिक उद्देश्य को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है। हम विगत कई वर्षो से इस दिन को 'राष्ट्रीयकृत एल आई सी की हिफाजत करो दिवस' के रूप में मना रहे हैं।

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में तहसील ब्यौहारी ग्राम खड़ेह निवासी रामकृष्ण विश्वकर्मा ने संबल अनुग्रह राशि दिलवाने, ग्राम सिंहपुर निवासी दाउलाल कुशवाहा ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, ग्राम खन्नौधी निवासी गणेश कुशवाहा ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाने संबंधी आवेदन किया। इसी तरह ग्राम सतखुरी निवासी रमललिया केवट ने पटटा दिलवाने, न्यू हाउसिंग बोर्ड शहडोल निवासी अनूप सिंह ने समर्पित अवकाश एवं ग्रेजुएटी की राशि भुगतान कराने हेतु जन सुनवाई में आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी



# कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई में प्राप्त 64 आवेदनों पर हुई सुनवाई

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गईए जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय.सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौरए अपर कलेक्टर जेपी यादवए डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिकए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम चटुवा निवासी सोनू लाल धुर्वे ने आवेदन में मां का कार से एक्सीडेंट में निधन हो गया थाए जिन्हें एक्सीडेंट सहायता राशि की मांग की है जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी को जांच कर सहायता राशि प्रकरण तैयार कर भुगतान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार माध्यमिक शाला रूसा के विद्यार्थियों ने विद्यालय में लंबे समय से शिक्षक के अभाव में गणित एवं विज्ञान शिक्षक की पढाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। जिसकी मांग रखी। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को विद्यालय में टीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि ताकि शिक्षा व्यवस्था मु सुधार किया जा सके।



आवेदक टीकाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वे प्राथमिक शाला नान डिण्डौरी में मध्यान्ह भोजन बनाने में रसोइया के रूप में कार्यरत थेए मुझे 8 माह से मानदेय नहीं मिला हैए जिससे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर ने डीपीसी को रसोइयों का लंबित मानदेय भुगतान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानिकपुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण पूरा होने के बाद भी संचालन प्रारंभ नहीं हुआ हैए जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है उन्होंने जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त नवीन भवन में आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम सढवाछापर निवासी श्रीमती तिजिया बाई ने फरवरी 2025 से राशन न देने का आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच करते हुए शिकायत का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत दर्री मोहगांव के अंतर्गत ग्राम बल्ही माल की महिलाओं ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि गांव की अधिकांश महिलाओं को अब तक योजना का लाभ नहीं मिला हैए आवेदन को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को गांव में जाकर जांच कर संबंधित सभी पात्र परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर नेहा मारव्या के प्रयासों से 2 साल बाद मिला रामविशाल को जीवन का आधार

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कभी.कभी तकनीकी त्रुटियां किसी व्यक्ति के जीवन में बड़ी मुश्किलें खड़ी कर देती हैं। ऐसा ही हुआ जिले के विकासखंड डिंडौरी के ग्राम डांडबिछिया निवासी रामविशाल के साथ। लगभग दो वर्ष पूर्व उनके आधार कार्ड को मृत स्थिति दर्शाते हुए डिएक्टिवेट कर दिया गया थाए जबकि रामविशाल जीवित थे। इस अनचाही ग़लती के कारण उन्हें शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा थाए क्योंकि केवाईसी पूरी न होने के कारण सभी लाभ उनसे वंचित हो रहे थे।

यह मामला जब डिंडौरी कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के संज्ञान में आयाए तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल पहल की। कलेक्टर ने स्वयं भोपाल स्थित यूआईडीएआई, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरणद्ध के अधिकारियों से संपर्क साधा और समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। उनकी सतत लगन और अथक प्रयासों का परिणाम यह रहा कि आज 02 सितंबर 2025 को रामविशाल का आधार कार्ड पुन: सक्रिय कर उन्हें सौंप दिया गया।



आधार कार्ड पाकर रामविशाल का चेहरा खिल उठा। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे शासन की समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगेए जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिलेगी।

जिला प्रशासन की इस तत्परता ने न केवल रामविशाल को राहत दीए बल्कि यह भी साबित किया कि जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनहित के प्रति संवेदनशीलता जुड़ जाती है तो असंभव दिखने वाले कार्य भी संभव हो जाते हैं।

# कोतवाली पुलिस की सराहनीय पहल, रातभर की मेहनत से लापता बालक परिजनों से मिला



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** मानवता और जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए कोतवाली पुलिस डिंडौरी ने एक लावारिस हालत में मिले 8 वर्षीय दिव्यांग ;श्रवण एवं वाणी बाधितद्ध बालक को उसके परिजनों से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसारए 1 सितंबर 2025 की रात को सुनील शुक्लाए निवासी सुब्खारए एक 8 वर्षीय बालक को थाना कोतवाली लेकर आए। बालक उद्योग कार्यालय डिंडौरी के पास लावारिस हालत में मिला था और वह बोलने तथा सुनने में असमर्थ था। थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नागपुरे ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्टाफ के सहयोग से तत्काल कार्रवाई की। रात में ही बच्चे को सुरक्षित वन स्टाफ सेंटर में रखा गया और उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी गई। लगातार प्रयासों के बादए बाल कल्याण समिति के सदस्य नागेंद्र चौरसिया की मदद से बालक के परिजनों का पता लगाया गया। पता चला कि बालक मुडिया कलाए थाना शाहपुर का निवासी है और मानसिक रूप से विक्षिप्त है। बाद में पुलिस ने उसे सुरक्षित रूप से उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी के साथ.साथ सहायक उप निरीक्षक प्रवीण खंपरियाए प्रधान आरक्षक हनुमान सिंह और आरक्षक राम सिंह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही।

# कागजों में गांव का विकास, सरपंच पर भ्रष्टाचार के आरोप

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

जिले के अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कमकों मोहनिया के सरपंच फूल सिंह तेकाम के विरुद्ध स्थानीय ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग किया है। सरपंच व पंचायत सचिव पर गंभीर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि पंचायत में विगत दो वर्षों में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन ढंग से कराए गए हैं और पंचायत के सरपंच ने भारी संपत्ति अर्जित की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जुलाई 2022 से अब तक सरपंच ने 35 से 40 लाख का घरए 15 लाख का ट्रैक्टर और लगभग 25 लाख की स्कॉर्पियो खरीद ली है। उनका कहना है कि सरपंच फूल सिंह द्वारा इतनी संपत्ति पंचायत की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से अर्जित की गई है।



**ग्रामीणों ने विधायक से की शिकायतए उच्च स्तरीय जांच की मांग**



### इन कार्यों का गुणवत्ता विहीन निर्माण और फर्जी बिलों पर भुगतान का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि कमको मोहनिया के सरपंच फूलसिंह मरकाम द्वारा द्वारा पंचायत के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता विहीन कार्य करके एवं 15वें वित्तए 5 वे वित्त ;पंच परमेश्वरद्धए एवं मनरेगा मे जमकर भ्रष्टाचार किया गया है चूंकि सचिव सानू पट्टा शराब के नशे में चूर रहता है इसलिए सरपंच मनमानी करता है। कमको टोला बर्रा टोला ग्राम पंचायत कमको मोहनिया के बीच हाथी नाला में स्टाप डेम की गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया गया जो अनुपयोगी है। पटपरा नाला सड़क टोला में स्टाप डेम अनुपयोगी है जिसमें भी गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया है। कूम्हा और कमको मोहनिया ;जैतपुरीद्ध के बीच स्टाप डेम निर्माण किया गया है जो गुणवत्ता विहीन होने के कारण अनुपयोगी है। दारदहा नाला के नाम से सेम्हर नाला ;हम्मीलाल मरावी के खेत पासद्ध में पुलिया निर्माण किया गया है जहां रोड भी नहीं है वो पूर्णत: अनुपयोगी है तथा गुणवत्ता विहीन निर्माण किया गया है। पोषक ग्राम दिवारी में स्टाप डेम का निर्माण रातों रात कराया गया जिसमें गिट्टी के जगह आस.पास के गोल पत्थरों को डालकर गुणवता विहीन कार्य किया गया है। दिवारी माल बड़े झोड़ी ओर डकरी खदरा के संगम के बीच लगभग 24 लाख के पुलिया में गुणवत्ता विहीन काम किया गया है। आदिवासी बालक छात्रावास के पास स्टाप डेम अनुपयोगी है जिसका निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन किया गया है। पंचायत में हुए निर्माण कार्य में कंटूर ट्रेंच के मजदूरों से अन्य निर्माण कार्य कराया गया है। रंगमंच आमाटोला कमको मोहनिया में बिना मूल्यांकन के निर्माण कार्य जारी है जिसमें बिना मूल्यांकन के फर्जी आहरण कर लिया गया है। रोहित शुक्ला घुटास से पंचायत ऑफिस सामग्री अलमारीए चेयर एवं अन्य सामग्री ;112300 रूपएद्ध का भुगतान किया गया है परंतु पंचायत में एक भी सामग्री उपलब्ध नहीं है। ओमप्रकाश पट्टा ग्राम निघोरी जनपद पंचायत अमरपुर के नाम से भी मनमानी राशि आहरित की गई है जबकि संबंधित सिर्फ छोटा सा चाय नाश्ता की दुकान चलाता है। लोकसभा चुनाव में कैंप में सार्वजनिक टैंट लगा था परंतु फर्जी तरीके से खुशी इलॉक्ट्रानिक्स निघोरी भानपुर को भुगतान किया गया है।

### ग्रामीणों ने की जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत की फर्जी बिलिंगए अनियमित भुगतान और भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही सरपंच व पंचायत सचिव के अब तक हुए कार्यकाल की विस्तृत जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# विघ्न हरण मंगलकरण, होत बुद्धि प्रकाश नाम लेत गणराज का, होत दु:खों का नाश

## विभिन्न स्वरूपों में रखी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं, देखने उमड़ा भक्तों का सैलाब


सिद्ध परिवार गणेश उत्सव समिति 3 सदर


सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति गढ़ा फाटक


आर्यावर्त गणेश उत्सव समिति आनंद कुंज गढ़ा


एकता गणेश उत्सव परिवार सदर


एकता गणेश उत्सव समिति काली मंदिर सदर


सिहोरा में विराजी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा,


सिहोरा में विराजी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा


सिहोरा में विराजी गणेश जी की प्रतिमा



### बच्चों ने दी भजनों की प्रस्तुति

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नर्मदा रोड स्तिथ कृष्णा हाइट हाउसिंग सोसाइटी बाल युवा मंच के सदस्यों ने विजय कांत विज़ के सहयोग भगवान श्री गणेश की सुन्दर झांकी के समक्ष सुन्दर तरीके से भजनों की प्रस्तुति दी एवं पूजा अर्चना कर शहरवासियों की सुख एवं शांति की कामना की । इस दौरान दीप्ति दरक, पूजा माहेश्वरी, मान्या दरक, तनय दरक, दिया माहेश्वरी, प्रभर दुबे, अर्थ गुप्ता, सानिध्य जेठा, नव्या दुबे, रेयांश सुराणा आदि बच्चों ने अपनी सहभागिता दी।

## तम्बाकू न देने पर चाकू मारकर हत्या

### गौरीघाट क्षेत्र का मामला, आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गौरीघाट में शनिवार को अज्ञात युवक पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने वाले आरोपियों को चिन्हित करते हुए पुलिस ने तरूण करियार, आकाश चौधरी और प्रेम बेन को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से हुई पहचान के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होने खाने के लिए जरा सी तम्बाखू मांगी, लेकिन युवक के मना कर दिया था। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार को झंडा चौक के पास होटल संचालित करने वाली रत्नीबाई पटैल ने पुलिस को बताया कि वह ग्राहकों को चाय-नाश्ता दे रही थीं। उसी दौरान जिलहरी मोड़ की ओर से एक युवक होटल के सामने आकर बैठ गया और कुछ देर में सड़क पर ही लेट गया, उसके शरीर से खून बह रहा था।राहगीरों ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस के पहुंचने से



पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की उम्र 35 से 40 वर्ष के करीब नजर आ रही थी। उसके दाएं पैर की जांघ पर धारदार हथियार से वार किए जाने पर घाव था, वहीं मृतक के हाथ में ओम व गर्दन में मां लिखा टैटू था। जिसके बाद से पुलिस उक्त अज्ञात की शिनाख्त और हत्यारों को पकड़ने का प्रयास कर रही थी।

## छात्रावासों की स्थिति सुधारने होगा समीक्षा दल का गठन

### शहर पहुंचे मंत्री विजय शाह ने कहा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र के छात्रावासों की स्थिति सुधारने के लिए सरकार सख्त कदम उठाएगी। इसके लिए जल्द ही समीक्षा दल का गठन किया जाएगा। ये संभागीय टीमें एक महीने में करेंगी छात्रावासों का निरीक्षण करेंगी। यह जानकारी जनजातीय मामलों के मंत्री विजय शाह ने जबलपुर में पत्रकारों से बातचीत की दौरान दी। जबलपुर संभाग के दौरे के दौरान मंत्री शाह ने कहा कि राज्यपाल के दौरे के बाद मिली रिपोर्ट के आधार पर यहां की स्थितियों में सुधार लाने की योजना बनाई गई है। अब सभी छात्रावासों का एक महीने के भीतर निरीक्षण किया जाएगा। समीक्षा दील में दो वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे। इस दौरान हॉस्टल की साफ-सफाई, पुताई, बिजली की वायरिंग, टॉयलेट की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता आदि कमियों की गहन जांच की जाएगी। मंत्री विजय शाह ने बताया कि हाल ही में मंडला के एकलव्य विद्यालय में एक छात्रा की मौत के बाद लापरवाही बरतने पर प्राचार्य और स्टाफ को तुरंत सस्पेंड कर दिया गया है।

### सरकार करेगी तुरंत फंड जारी

उन्होंने कहा कि निरीक्षण के बाद टीम एक रिपोर्ट सौंपेगी। हर हॉस्टल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के साथ मरम्मत और सुधार के लिए लगने वाले खर्च का अनुमान भी होगा। इसके बाद सरकार द्वारा तुरंत फंड जारी किया जाएगा, ताकि अगले 6 महीने में हॉस्टलों की स्थिति में सुधार लाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो स्टाफ लापरवाही बरतेगा, उसे दंडित किया जाएगा और समीक्षा दल को काम करने के लिए अलग से वाहन भी दिया जाएगा।

## किशोरी की निर्मम हत्या करने वाला कथित प्रेमी गिरफ्तार



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा में 4-5 अगस्त की दरम्यिानी रात शादी से इंकार करने की बात पर सिरफिरे आशिक ने कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली नाबालिग लड़की की घर में घुसकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने करीब 25 दिन बाद आरोपी राकेश रैकवार को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी राकेश रात कुल्हाड़ी लेकर लड़की में घर में चुपचाप घुस गया था। लड़की घर के एक कमरे में सो रही थी, उसने लड़की को जगाया और उससे शादी करने की बात कही, लड़की ने उसके शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया तो गुस्से में सिरिफरे आशिक राकेश ने लड़की पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला किए, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुए आरोपी राकेश रैकवार पिता इमरव रैकवार उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सकरा पाटन को पकडा गया। जिसने पूछताछ पर घटना करना स्वीकार किया।

आरोपी कि निशादेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को जप्त कर प्रकरण में आरोपी के विधिवत गिरफ्तार क माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये जेल निरुद्ध किया गया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ललई सिंह यादव की जयंती पर हुए आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार, कवि, लेखक, साहित्यकार, पदम श्री पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित सामाजिक न्याय के योद्धा, अंधविश्वास ,पाखंडवाद के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष करने वाले समाज सुधारक ललई सिंह यादव की जयंती का कार्यक्रम गोंडवाना चौक शहीद राजा शंकर, शाह कुंवर रघुनाथ सहाय प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया । इस अवसर पर उनके तेल क्षेत्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सभी ललई सिंह ने जीवन भर सामाजिक कार्यों,अंधविश्वास, पाखंड के खिलाफ संघर्ष किया, ज्ञान और विज्ञान वा तर्क से समाज को प्रेरणा देने का काम किया। दक्षिण भारत के परियार रामास्वामी नायकर जी की लिखी हुई, किताब सच्ची रामायण का हिंदी में अनुवाद भी किया । जिसको यूपी सरकार ने प्रतिबंधित किया था। लेकिन ललई सिंह जी ने न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा जीता था ।

## आगे भी जारी रहेंगी जबलपुर से गुजरने वाली कई स्पेशल ट्रेनें

### आगामी त्यौहारों को देखते हुए पमरे ने स्पेशल ट्रेनों के फेरों में किया विस्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों को देखते हुए एवं यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मौजूदा पथ और समय पर स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित किया गया है। विस्तारित स्पेशल ट्रेनें पूर्व मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर पश्चिम मध्य रेल से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 05559 रक्सौल-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन जो दिनांक 27 सितंबर तक अधिसूचित है, अब 27 दिसंबर तक और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन



पमरे के बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 05560 उधना-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब 28 दिसंबर तक और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के संत हिरदाराम नगर एवं बीना स्टेशनों से होकर गुजरती है।

ट्रेन संख्या 03379 धनबाद-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 02 दिंसबर तक और चलेगी। यह ट्रेन पमरे के सिंगरौली, बरगवां, ब्योहारी, कटनी साऊथ, जबलपुर, मदनमहल, पिपरिया एवं इटारसी से गुजरती है। ट्रेन संख्या 03380 एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब 04 दिंसबर तक और चलेगी। यह ट्रेन पमरे के इटारसी, पिपरिया, मदनमहल, जबलपुर, कटनी साऊथ, ब्योहारी, बरगवां एवं सिंगरौली से गुजरती है। ट्रेन संख्या 05557 रक्सौल-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अब पुन: चलाने का निर्णय लिया गया है। अब यह ट्रेन 25 सितंबर तक चलेगी। यह ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी से गुजरती है। ट्रेन संख्या 05558 एलटीटी-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 नवंबर तक चलेगी।

यह ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना से गुजरती है। ट्रेन संख्या 05585 सहरसा-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब 28 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी से गुजरती है। ट्रेन संख्या 05586 एलटीटी-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना से गुजरती है।

### एनएसओ छात्र संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एनएसओ छात्र संगठन द्वारा भोपाल मे आंदोलन कर मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने बताया की नर्सिंग शिक्षा घोटाला कर लाखो स्टूडेंट का भविष्य बर्बाद करने वाले एक भी अधिकारी मंत्री के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई है।

### फैजान बने प्रदेश सचिव



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति से तथा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर मप्र कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेश अध्यक्ष एड शेख अलीम ने युवा समाजसेवी मो. फैजान कुरैशी को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया हैं। नियुक्ति पर विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, कदीर सोनी, भूरे पहलवान, हाजी मुईन खान आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।


**कार्यालय प्राचार्य पं.जवाहर लाल नेहरू न.पा. उच्च. माध्य. शाला महाराजपुर, मण्डला**

UDISE No. 23420120012 Email.Id- nehrushala2015@gmail.com Phone No. 07642-257515

क्रमांक/161/कार्या.प्राचार्य/2025-26 दिनांक 01/09/2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

नगरपालिका परिषद मण्डला द्वारा संचालित पं. जवाहर लाल नेहरू न.पा.उच्च. माध्य. विद्यालय, महाराजपुर, में शैक्षणिक सत्र 2025-26, के लिए बी.एड. प्रशिक्षित अभ्यर्थियों से राजनीति शास्त्र (श्रेणी वर्ग-01) एवं हिन्दी (श्रेणी वर्ग-02) विषयों के अध्यापन कार्य कराने के लिए निकाय द्वारा निर्धारित मानदेय पर पार्ट टाईम के लिए अतिथि शिक्षकों की योग्यता अनुसार आवश्यकता है। आवेदक अपना आवेदन-पत्र निर्धारित तिथि 08/09/2025 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक में समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यालय प्राचार्य पंडित जवाहर लाल नेहरू न.पा. उच्च. माध्य. शाला महाराजपुर मण्डला में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि पश्चात आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे। नियम व शर्तें विद्यालय सूचना पटल पर देखे जा सकते हैं।

नोटः- अनुभवी अतिथि शिक्षकों को प्रथम प्राथमिकता दी जावेगी।

**प्रभारी प्राचार्य**
**पं.ज.ला.ने.न.पा.उच्चा.माध्य.शाला**
**महाराजपुर, मण्डला**

**गजानन नाफड़े**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मण्डला**

# कछरवार के कवि पहुँचे मुख्यमंत्री के पास, गाँव मे जल्दी पुल बनाये जाने का दिया आवेदन..!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

ग्राम कछरवार में निर्माणाधीन 2 पुल निर्माण समयावधि के पश्चात् भी पूर्ण न होने के कारण ठेकेदार द्वारा बनाये गये अस्थायी रपटा के टूटने से एक युवक की मृत्यु व प्रसूता एवं सर्पदंश के मारीज अस्पताल न पहुँचने एवं ग्रामीणों का रास्ता बंद हो जाने के संबंध में संजय कुमार राय (कवि) निवासी ग्राम कछरवार थाना व जिला उमरिया म0प्र0 का निवासी हूँ। ग्राम कछरवार में निर्माणाधीन पुल सड़क ब्रिज एन0एच0-78 रोड से कछरवार लंम्बाई 65.60 मीटर लागत 232.10 लाख रूपये कार्य आदेश दिनांक 06.10.2023, कार्य पूर्णता दिनांक 05.04.2025 ठेकेदार मेसर्स रामप्रसाद सोनी रीवा म0प्र0 कंसलटेंट का नाम मेसर्स ई0एस0 कंसलटेंसी ग्वालियर म0प्र0, क्रियान्वयन एजेंसी म0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास प्राधि0 क्रिया0ई0 उमरिया एवं सड़क ब्रिज एन0एच0-78 से कछरवार रोड पैकेज क्र0 एम0पी0-44 बी0आर0303 लंम्बाई 65.60 मीटर लागत रूपये 300.74 लाख रूपये कार्य आदेश दिनांक 08.01.2024 एवं कार्य पूर्णता दिनांक 07.01.2025, ठेकेदार का नाम मेसर्स के0डी0एस0 कंशट्रक्शन कंपनी रीवा कंसलटेंट का नाम ई0सी0एस0 ग्वालियर म0प्र0 क्रियान्वयन एजेंसी महाप्रबंधक म0प्र0 ग्राम सड़क विकान प्राधिकरण परियोजना क्रिया0ई0 है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते अस्थायी रपटा भी पानी में वह गया जिससे ग्राम कछरवार निवासी युवक दीपक पिता लक्ष्मण वर्मन उम्र 21 वर्ष की पानी में बहने से मौके पर ही मृत्यु हो गई,, यदि ठेकेदार द्वारा समय पर पुल का निर्माण करा दिया गया होता या अस्थायी तौर बनाये गये रपटा को मजबूत बनाया गया होता तो युवक लक्ष्मण वर्मन सहित महिला प्रसूता एवं सर्पशंद युवक की जान भी बच जाती किंतु लापरवाह ठेकेदार की कार्य शैली के चलते समय पर एक वर्ष पूर्व से बन रहे पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाने के कारण एवं अस्थायी रपटा भी वह गया जिससे ग्राम कछरवार महित कई 10-12 गांव का अवागवन अवरूद्ध हो गया है, ठेकेदार के द्वारा वैकल्पिक राम्ते की कोई व्यवस्था नहीं की गई जिससे ग्रामवासियों को भारी परेशानी को सामना करना पड़ रहा है व स्कूली छात्र-छात्राओं सहित रोजाना के काम के लिये जिला मुख्यालय उमरिया व अन्य कार्यों के लिये ग्रामीणों को आने एक मात्र रास्ता पुल न बनने के कारण बंद हो चुका है, ठेकेदार द्वारा अभी भी कोई निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया जा रहा है और न ही अस्थायी रपटा को पुन: बनाया जा रहा है जिससे लगभग एक माह मे ग्रामीणों का मार्ग बंद हो चुका है और गुणवत्ता विहीनकार्य कराया जा रहा है। अत: ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही किये जाने एवं शीघ्र पुल निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने की कृपा की जाये।



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर हमले के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले के विरोध में सोमवार 1 सितंबर को दोपहर 3 बजे जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजीनियर विजय कोल के नेतृत्व में निकाले गए इस विरोध कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के नाम पुलिस अधीक्षक उमरिया को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में प्रदेशभर में तेजी से फैलते नशे के कारोबार पर तुरंत रोक लगाने एवं कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग रखी गई। कांग्रेसजनों ने कहा कि बढ़ते नशे का कारोबार समाज के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है,खास तौर से नशे का अवैध कारोबार से युवाओं पर गहरा असर पड़ा है,जो गम्भीर खतरा है , कांग्रेस इसके खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. विजय कोल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं पर हो रहे हमले लोकतंत्र पर हमला है और पार्टी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह,वरिष्ठ नेता मिथिलेश राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी विजय कोल,जिला अधिवक्ता सघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह जी,ओबीसी जिलाध्यक्ष मिथलेश राय,के पी सिंह, ब्लाक अध्यक्ष शिशुपाल यादव, राहुल देव सिंह, संतोष सिंह सेवादल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।



# ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने कलेक्टर पहुंचे बुदबुदा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में कलेक्टर श्री मृणाल मीना 02 सितम्बर को वारासिवनी विकासखंड के ग्राम बुदबुदा पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बुदबुदा में आयोजित इस जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, जनपद सीईओ सुश्री दीक्षा जैन, तहसीलदार एवं सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बुदबुदा में आयोजित जनसुनवाई में धानीटोला के प्रकाश मंडलवार शिकायत लेकर आए थे कि उन्होंने अपने घर पर पक्का शौचालय बना लिया है। लेकिन अब तक शासन से शौचालय की राशि नही मिली है। इसी प्रकार बुदबुदा की मनीषा मरठे प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्वीकृत कराने की मांग लेकर आयी थी। मनीषा का कहना था कि उसका मकान गिर गया है और उसके पास रहने के लिए अपना कोई मकान नही है। अत- उसे मकान निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि स्वीकृत की जाए। इन दोनो प्रकरणों में जनपद सीईओ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बुदबुदा की इस जनसुनवाई में दो किसान शिकायत लेकर आए थे कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना का लाभ नही मिल रहा है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने मौके पर ही पटवारी को तलब कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और पटवारी को सख्त निर्देश दिये कि सभी पात्र किसानो को इस योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। बुदबुदा में आयोजित इस जनसुनवाई में उद्योग विभाग के संबंधित 01, शिक्षा विभाग के 02, पंचायत विभाग के 06, बिजली विभाग का 01, महिला एवं बाल विकास विभाग के 07 तथा राजस्व विभाग के 10 आवदेन प्राप्त हुए थे।



# खनिज विभाग की कार्यवाही लगातार जारी मुरूम का अवैध उत्खनन करते जेसीबी जब्त

उमरिया (स्वतंत्रमत)

नए खनिज अधिकारी के आने के बाद विभाग लगातार अवैध खनन और परिवहन पर कार्यवाही कर रहा है जिससे अवैध खनन माफियाओं पर भय व्याप्त हैं। सरकार की मंशानुसार खनिज विभाग कार्य कर रहा है लेकिन जिले का अधिकांश भाग जंगलो से घिरा हुआ है और वन विभाग की शह पर अनेक अवैध उत्खनन और परिवहन हो रहे रहे हैं जिन्हें वन विभाग रोकने में असमर्थ दिख रहा है..! खनिज अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक की टीम द्वारा खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन में 1 जे.सी.बी. मशीन इंजन सीरियल नंबर एच 00413545 जिसका चालक/ऑपरेटर चन्दा प्रसाद साहू पिता मस्तराम साहू निवासी ग्राम कौडिया तहसील चंदिया, जे.सी.बी. मालिक अनिल उर्फ सूर्य प्रताप सिंह पिता नारायण सिंह निवासी ग्राम कौआझर तहसील चंदिया तथा 1 ट्रेक्टर चेचिस नंबर पीवाय 3029 डी 568426 मय ट्राली नंबर निल को जप्त किया गया। वाहन मालिक चरका गडारी पिता सुखदेव गडारी निवासी ग्राम बांसा तहसील चंदिया जिला उमरिया (म.प्र.) खनिज मुरूम का उत्खनन करते पाये जाने से पुलिस थाना चंदिया में खड़ा करवाया गया है। प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।




# वाय आकार के सरेखा आरओबी से यातायात का श्रीगणेश

## प्रशासन ने गुमराह किया और भाजपा के झंडे व बैनर तले ब्रिज का उद्घाटन हुआ : अनुभा मुंजारे

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बहुप्रतिक्षित सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का गणेशोत्सव के पावन पर्व में यातायात के लिये श्रीगणेश कर दिया गया हैं। 3 वर्ष बाद यह आरओबी बनकर तैयार हो गया और 2 सितंबर को औपचारिक रूप से इसका आवागमन के लिये शुभारंभ कर दिया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से रैली निकाली और नगर भ्रमण किया तथा आरओबी में पहुंचकर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद भारती पारधी और भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए आतिशबाजी करते हुए खुशियां जताई। वहीं इधर, कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि प्रशासन के द्वारा उनको गुमराह किया गया और भाजपा के झंडे व बैनर के तले ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया हैं, ऐसे की पार्टी के अधीन शासकीय कार्यक्रम में कांग्रेस के विधायक कैसे शामिल हो सकते हैं।

बालाघाट शहर की बढ़ती जनसंख्या और यातायात के दबाव को लेकर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने 3 वर्ष पहले आरओबी निर्माण को लेकर प्रयास प्रारंभ किये थे प्रदेश की भाजपा सरकार से अपने सहज स्वभाव की वजह से वे बड़ी सौगातों को पाने तथा विशेष निधि स्वीकृत कराने का दमखम रखते थे। यही वजह है कि बालाघाट को एक नहीं बल्कि 4 आरओबी की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिली। जिसमें सरेखा आरओबी का शुभारंभ कर दिया गया है जबकि गर्रा आरओबी निर्माणाधीन है वहीं भटेरा आरओबी के निर्माण के लिये कार्य प्रारंभ हो चुका हैं। पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि खुशी का पल है कि गणेशोत्सव में सरेखा आरओबी का श्रीगणेश हुआ है इसका नामकरण महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से किया गया है। 989 लंबाई का यह ब्रिज है 90 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है आगामी समय में सर्विस रोड का कार्य होगा। 5 सितंबर 2022 को तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज जी ने इसका भूमिपूजन किया था आज हमने इस आरओबी का विधिवत लोकार्पण कर दिया है। गर्रा और भटेरा में आरओबी का निर्माण कार्य प्रारंभ है। सरेखा आरओबी प्रारंभ होने से आवागमन में सहुलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमने जो भी वादा किया है उसे पूरा किया है राजनीति में जनसेवा के लिये है और जनता की सेवा में ही जीवन समर्पित है। सांसद भारती पारधी ने कहा कि बालाघाट के लिये हर्ष का विषय है भाऊ के अथक प्रयासों से इस आरओबी को स्वीकृति मिली और बनकर तैयार हुआ है। अभी औपचारिक रूप से फोर व्हीलर और टू व्हीलर के लिये इसका शुभारंभ हुआ है आगामी समय में हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री इसका लोकार्पण करेंगे। जनता का साथ बना रहे जिसमें हम इसी तरह विकास कार्य की सौगात देते रहेंगे। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा हाथों में झड़ा लेकर ब्रिज का उद्घाटन हुआ हैं, यह प्रशासनीय कार्यक्रम में भाजपाई बैनर तले हो रहें हैं, मैं कड़े शब्दो में निदा करती हूं, सरकारी कार्यक्रम में राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। जबकि विभाग के द्वारा 2 सितम्बर को सरकारी कार्यक्रम के तहत ब्रिज का उद्घाटन होना हैं, जब हमने देखा कि भाजपाई झड़ा लेकर रैली निकाली गई हैं तो हम रूक गए फिर अधिकारियों को कहा कि हम आ रहें हैं रूकिए लेकिन जब हम गए तो वहा पर उद्घाटन हो गया था।





# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड ने छात्र परिवहन सुरक्षा पर किया परामर्श जारी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड ने अपने छात्रों के परिवहन के संबंध में एक सख्त परामर्श जारी किया है, जिसमें सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्वपूर्ण महत्व पर ज़ोर दिया गया है। स्कूल ने भीड़भाड़ वाले और अपर्याप्त रखरखाव वाले निजी वाहनों के उपयोग पर चिंता व्यक्त की है, और इस गंभीर मुद्दे को हल करने के लिए अभिभावकों और अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। स्कूल प्रबंधन ने वैन और ऑटो-रिक्शा जैसे निजी वाहनों का उपयोग उनकी निर्धारित बैठने की क्षमता से अधिक छात्रों को ले जाने के लिए किए जाने के उदाहरण देखे हैं। इसके अलावा, इनमें से कुछ वाहनों में उचित सुरक्षा सुविधाएँ और कानून द्वारा आवश्यक वैध दस्तावेज़ों का अभाव है। अत- इस संबंध में अभिभावकों से अपेक्षा है कि, वह स्वयं भी इस बात पर ध्यान दें कि, विद्यालय जाने हेतु उपयोग होने वाले वाहनों में वैध लायसेंस व सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हों साथ ही संबंधित वाहन में क्षमता से अधिव बच्चों को न बैठाया जाये । साथ ही, सड़क सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर एवं अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्यालय एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता के स्पष्ट निर्देश के मद्देनज़र, सभी छात्रों, अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि, कानूनी ड्राइविंग आयु से कम या बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाले छात्रों द्वारा मोटर चालित दोपहिया वाहनों का उपयोग सख्त वर्जित है। स्कूल प्रबंधन इस बात पर ज़ोर देता है कि, इस अवैध व्यवहार से उत्पन्न किसी भी दुर्घटना या कानूनी कार्रवाई के लिए वह ज़िम्मेदार नहीं होगा। यह निर्णय हमारे छात्रों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने और मोटर वाहन अधिनियम के कानूनी प्रावधानों का पालन करने के लिए लिया गया है। यह प्रथा स्थापित सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करती है और छात्रों के जीवन को गंभीर जोखिम में डालती है।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों का शाल श्रीफल से किया गया सम्मान



उमरिया (स्वतंत्रमत)

शासन के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को सेवा निवृत्त होने के बाद पीपीओ प्रदान करते हुए कलेक्टर सभागार में शाल श्रीफल से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सम्मानित किया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शासकीय सेवा में आने के पश्चात सेवा निवृत्त होना शासकीय प्रक्रिया है। सेवा निवृत्ति के पश्चात सभी समाज से जुड़ें,अपने घर के दायित्वों का निर्वहन करे। उन्होंने पीपीओ पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की ।उन्होने कहा कि आप अपना मार्गदर्शन आगे भी देते रहें। आपके मार्गदर्शन एवं अनुभवों का लाभ मिलने पर उमरिया जिला शिखर पर पहुंच सकेगा । कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम सहित अन्य जनों ने अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, ममता परस्ते,राजीव लोचन व्दिवेदी,राम खेलावन कोरी, उमा देवी,धर्मेंद्र नाथ शर्मा, रवीन्द्र पाठक, वंशरूप सेन, मनोज कुमार चतुर्वेदी, राम भजन प्रजापति, राम लाल प्रजापति, अनिल कुमार शर्मा, घनश्याम दास मिश्रा,राम लखन व्दिवेदी,नारायण प्रसाद रजक तथा रवि कुमार मानिकपुरी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।जिला पेंशन अधिकारी अखिलेश पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सहायक पेंशन अधिकारी सत्यवती प्रजापति, विश्वजीत पुसाम, सतेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

# मानपुर में नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष के स्वागत के लिए उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब.!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष इंजी.विजय कोल का जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम मानपुर आगमन पर सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नगर के सिकुड़ी मोड में बड़े गर्मजोशी के साथ आत्मीय स्वागत किया। सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिगड़ी मोड से डीजे और पटाखों की गड़गड़ाहट के साथ विशाल बाइक रैली निकालकर जिला अध्यक्ष के स्वागत रैली में जय कांग्रेस, विजय कांग्रेस के नारे लगाते हुए नगर के बस स्टैंड बाजार से होते हुए गौतमान टोला में विराजमान हनुमान जी महाराज के मंदिर के पास सैकड़ो कार्यकर्ताओं का हुजूम खत्म हुआ। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय कोल ने हनुमान मंदिर पर अनंत बलवंत श्री हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात पुरानी पंचायत स्थित गांधी प्रतिमां में पुष्प अर्पित कर सभी कार्यकर्ताओं ने रघुपति राघव राजा राम का गायन कर बापू को याद किया जिसके बाद जिला अध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता नगर के बरसाना गार्डन पर कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए पहुंचे जहां सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के सहप्रभारी नीरज सिंह बघेल का मार्ल्यपण कर बधाई प्रेषित की। संगठन के जिला अध्यक्ष का ब्लॉक संगठन मंत्री विजय गौतम अपने साथियों सहित बाबा साहब द्वारा लिखी संविधान उद्देशिका भेट की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विजय कोल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन हम सभी से बड़ा है, इसलिए मैं व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर पार्टी के लिए समर्पित भाव से पार्टी का काम करूंगा और पार्टी में सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं को महत्व और पार्टी में स्थान देंगे मै जननायक श्री राहुल गांधी के अनुरूप संगठन को चलाने का प्रयास करूंगा। स्वागत उपरांत आयोजित कार्यकर्ता बैठक में विजय कोल ने संगठन की मजबूती और आदिवासी अधिकारों की रक्षा को कांग्रेस की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि गरीब आदिवासियों को पिहरी लेने पर वन अमले की प्रताड़ना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके विरोध में कांग्रेस 03 सितम्बर को दोपहर 2 बजे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र पनपथा वन कार्यालय का घेराव करेगी। उन्होंने जोश से लबरेज कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता हैं और हमें 24 घंटे संगठन के लिए समर्पित रहना होगा। बहुत जल्द जिले का व्यापक दौरा कर सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा।



**न्यायालय तहसीलदार तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट(म.प्र.)**

रा.प्र.क्र. /0016/अ-154/वर्ष 2025-26
साकिन- मुर्री, प.ह.न. 42
रा.नि.म. माटे,,तहसील किरनापुर

// इश्तहार पत्र प्रकाशन //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खलील कुरैशी पिता ईसाक जाति पिंजारा निवासी ग्राम मुर्री तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपनी दादी रहेमतबी पति सुल्तान की मृत्यु दिनांक 11/03/1985 को मृत्यु हो जाने से मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे नियत दिनांक 09/09/2025 को या तो स्वयं, किसी अभिभावक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपतियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपतियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन अपील किया गया हैं।

तहसीलदार किरनापुर

## खाद वितरण की करें मॉनिटरिंग

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खाद उर्वरक वितरण की सतत् मॉनिटरिंग करें। साथ ही उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने जिले में डबल लॉक सहित खाद वितरण केन्द्रों में यूरिया वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि डबल लॉक से सोसायटी में खाद का उठाव कराएं। मुनादी के माध्यम से खाद के उपलब्ध स्टॉक की जानकारी लोगों तक पहुँचाएं। आगामी 15 दिवस में सोसायटी के माध्यम से खाद वितरण करना सुनिश्चित करें।

## उपसंचालक को मिला प्रशस्ति पत्र

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने जुलाई माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक रोहित बड़कुल को 91.38 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएमओ हुए सम्मानित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने जुलाई माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े को 91.79 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें।

## जिला प्रबंधक सम्मानित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने जुलाई माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में जिला प्रबंधक लोक सेवा श्रीमती कविता गुप्ता को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें।

## आज लगेगा दिव्यांग शिविर

**मण्डला(स्वतंत्र** मत)। सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. अमित अग्रवाल ईएनटी विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय जबलपुर द्वारा ईएनटी संबंधी दिव्यांगजनों की जांच एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु शिविर लगाया जायेगा। ऐसे श्रवण बाधित बोलने-सुनने से संबंधित दिव्यांगजन उक्त शिविर में जांच एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र आज शासकीय महिला बहुउददेशीय एएनएम प्रशिक्षण केंद्र स्टेडियम ग्राण्डड के पास मण्डला में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## एएनएम सीधी भर्ती 6 तक

मण्डला(स्वतंत्र मत)। उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक 5747/2023 तथा संबंधित याचिका कर्ताओं जिन्होंने कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह 5 के अंतर्गत महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सीधी भर्ती हेतु आयोजित परीक्षाओं में हिस्सा लिया था। संबंधितों की नियुक्ति संबंधी नियमानुसार निर्णय लिये जाने हेतु 3 सितंबर से 6 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला के समक्ष समस्त यथोचित मूल दस्तावजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## संडे ऑन साइकिल का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के अवसर पर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा पूरे मंडला जिले में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला खेल अधिकारी विकास खराडकर ने किया। मुख्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने जिला खेल अधिकारी विकास खराडकर एवं अन्य साइकिलिस्टों के साथ पैडल मारकर फिटनेस और खेल का संदेश दिया। आयोजित रैली ऑडिटोरियम, कलेक्ट्रेट, बैगा बैगी चौराहा, नेहरू स्मारक, बिंझिया चौराहा, बस स्टैंड, चिलमन चौक, उदय चौक, बुधवारी, नावघाट सिंहवाहिनी, रानी रामगढ़ स्कूल होते हुए ऑडिटोरियम में समाप्त हुई। विधायक विधानसभा क्षेत्र नारायण सिंह पट्टा ने भी युवाओं के साथ साइकिल चलाई और जनता को फिट रहने का संदेश दिया।

# बृजबिहारी सरकार ने कहा गाय को मिले राष्ट्र माता का दर्जा

### गौरक्षा जागरण यात्रा एवं दिव्य महादरबार का मंडला में समापन





मण्डला(स्वतंत्र मत)

परम पूज्य बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी महाराज का आगमन 28 अगस्त को महिष्मति नगरी में हुआ था। भक्तों ने महाराज श्री का स्वागत महाराजपुर पौंडी में पुष्पमाला से किया और यहां से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल वृंदावन गार्डन बिंझिया पहुंची। 90 दिवसीय गौरक्षा जागरण यात्रा का आयोजन कर रहे बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी ने यात्रा का मंडला में समापन किया और यहां पर दिव्य महादरबार का आयोजन हुआ। भक्तों से 11 लौंग बिना फूलवाली अर्पण कराते हुए परम पूज्य बृजबिहारी सरकार ने भक्तों की समस्याओं का निदान करते हुए उनकी जिज्ञासा का समाधन किया। इस अवसर पर बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी ने धर्मप्रेमियों से कहा कि गौमाता को राष्ट्र माता घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 90 दिवसीय गौरक्षा जागरण यात्रा का उद्देश्य गौमाता की सुरक्षा रक्षा और सम्मान है। उन्होंने बताया कि जिस तरह गौ हत्या गौ तस्करी हो रही है यह चिंतन का विषय है। वहीं धर्मपरिर्वन भी समाज को विनाश की ओर धकेल रहा है। महिष्मति नगरी का आध्यात्मिक वातावरण उस समय भक्तिभाव से सरोबार हो उठा जब परम पूज्य बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री महाराज का नगर में दिव्य आगमन हुआ। वहीं ब्रज बिहारी सरकार ने मां नर्मदा के पूजन के लिए पंच चौंकी महाआरती में सहभागिता दर्ज कराई और यहां पर मां नर्मदा की भव्य महाआरती कर आर्शीवाद लिया। वहीं भक्तों ने उनका जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया। महाराज श्री ने अपने पावन आशीर्वचन में कहा कि गाय केवल भारतीय संस्कृति की आत्मा ही नहीं बल्कि मानवता की आधारशिला है। उसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने गौरक्षा को धर्म संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए लोगों से संकल्प कराया कि समाज में गौमाता की सेवा और संरक्षण हेतु सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दिव्य दरबार की सबसे विशेष झलक तब देखने को मिली जब भक्तजनों से महाराज श्री ने 11 लौंग बिना वाली लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान बताया। भक्तजन अपनी-अपनी परेशानियां सुनाकर जब समाधान पाते तो उनके चेहरे पर अविश्वसनीय आश्चर्य और अपार खुशी झलकने लगी। यह क्षण श्रृद्धालुओं के लिए अलौकिक और अविस्मरणीय बन गया। कार्यक्रम स्थल वृंदावन गार्डन में भक्तों की इतनी भीड़ उमड़ी कि पूरा परिसर मंत्रोच्चार, भजन और जयकारों से गूंज उठा। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी के चेहरे पर आस्था और आनंद की चमक देखी गई। परम पूज्य बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी महाराज ने कहा कि गौ सेवा ही परम सेवा है और जब तक हमारी संस्कृति में गोरक्षा का संकल्प जीवित रहेगा तब तक भारत विश्व में आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र बना रहेगा। उन्होंने गौरक्षा को लेकर कहा कि गाय भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की धरोहर है।

जिस घर-गांव में गौ माता का वास होता है वहां सदैव सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। गौ माता केवल दुग्धदायिनी ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता के पोषण का आधार हैं। आज आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर गौरक्षा के लिए जागरूक हों और समाज में संदेश दें कि गाय हमारी माता है उसकी सेवा करना ही सच्ची उपासना है। महाराज श्री ने स्पष्ट कहा कि जिस दिन समाज ने गौ माता की रक्षा का संकल्प पूरी निष्ठा से ले लिया उसी दिन भारत विश्वगुरु बनने के मार्ग पर और तेजी से अग्रसर होगा। उन्होंने गौ माता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौ माता का प्रत्येक अंग हमारे लिए कल्याणकारी और जीवनदायी है। गौधन ही वास्तविक धन है और यही भारतीय संस्कृति का आधार रहा है। महाराज श्री ने बताया कि गौमूत्र औषधीय गुणों से परिपूर्ण है।

यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है और कई असाध्य रोगों में लाभकारी माना गया है। गोबर से बने कंडे और खाद खेतों को उर्वरक बनाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी शुद्ध करते हैं। गाय का दूध, दही, घी और मक्खन न केवल शरीर को बल और ऊर्जा देते हैं बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति में भी सहायक होते हैं। गाय की पीठ पर हाथ फेरने और उसके पास बैठने से मन को अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि गौ माता केवल जीव नहीं बल्कि चराचर जगत की आराध्या शक्ति हैं। उनके अंग-अंग में देवताओं का वास बताया गया है। इसलिए गोरक्षा केवल धार्मिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि मानवीय दायित्व भी है।



# शिक्षकों को शोषण मुक्त कराने मवई में बैठक

मण्डला/मवई (स्वतंत्र मत)

ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मवई ब्लॉक के उन शिक्षकों की बैठक ली गई जिनकी 3 संताने हैं। मवई ब्लॉक के कई शिक्षकों द्वारा एसोसिएशन को अवगत कराया गया था कि मवई क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों के द्वारा तीन संतान के नाम पर ऐसे शिक्षकों को ब्लैकमेल किया जा रहा है।बैठक में ऐसे ही एक शिक्षक ने बताया कि उनसे एक लाख रुपए की डिमांड की गई थी और भी शिक्षकों ने अपनी इसी प्रकार की पीड़ा से एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी महिला विंग जिला अध्यक्ष मीना साहू ने उपस्थित शिक्षकों को तीन संतान से संबंधित सभी नियमों के एक एक शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि वे इस नियम के दायरे में नहीं आते है। न तो नियुक्ति के समय उनकी तीन संताने थी न उनकी तीसरी संतान के समय उन पर मप्र सिविल सेवा नियम लागू होता था और न विभाग द्वारा नियम बनने के बाद किसी भी शिक्षक के द्वारा कोई अंडरटेकिंग ली गई है। एसोसिएशन ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे निर्भयता और ईमानदारी के साथ अपनी नौकरी करें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे मनोयोग से करें बच्चों के बीच परिश्रम करें। नियमों से अब सभी अवगत हो चुके हैं अब यदि कोई व्यक्ति धमकाता है पैसे की डिमांड करता है तो उसकी जानकारी दें पुलिस में इसकी शिकायत की जाएगी। पदाधिकारियों ने शिक्षकों से यह भी अपील की कि वे तीन संतान से संबंधित अपनी जानकारी न छिपाएं सही जानकारी निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से सेवा पुस्तिका में इंद्राज कराएं। बैठक में पदाधिकारियों ने शिक्षकों को अवगत कराया कि एसोसिएशन ने मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कूमट से मुलाकात कर तीन संतान वाले मामले में शिक्षकों का पक्ष रख चुके हैं और उन्होंने आश्वासन दिया है कि किसी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा नियमों से अलग जाकर कोई कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी। शिक्षक अपने दायित्वों का भलीभांति निर्वहन करें। एसोसिएशन शीघ्र ही सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव और पूर्व मंडला कलेक्टर संजय शुक्ला से मुलाकात कर उनके समक्ष शिक्षकों का पक्ष रखेगा।बैठक में अन्य पदाधिकारियों में सरिता सिंह,उमेश यादव, प्रदीप पटेल,आसित लोध, गोपाल राजपूत आदि पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# नागरिकों ने भाजपा नेतृत्व का किया आभार



मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का सरही प्रवेश द्वारा जो कि वर्ष 2008 में पर्यटकों के लिए खुला था लेकिन 2008 से लेकर 2025 तक इस जोन के वाहन पूरी संख्या में यहां से प्रवेश नहीं कर रहे थे और सरही प्रवेश द्वार उपेक्षित जैसी स्थिति में था साथ ही स्थानीय रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया था। ग्राम के नागरिकों, गाइड जिप्सी मालिक वाहन चालक होमस्टे संचालक सहित सभी ने इस समस्या से भाजपा नेतृत्व को अवगत कराया और कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते,जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक शिवराज शाह शिवा भैया, भाजपा नेता डॉ. विजय आनंद मरावी, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे,मंडल अध्यक्ष बिछिया नीरज भट्ट के द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने प्रयास किए गए। कान्हा क्षेत्र के ग्राम के समाजसेवी भोजराज यादव, नरेश सार्वे, शोभित रावत देवी यादव, सरपंच पार्वती ऊईके, उपसरपंच लखन पंद्रे, पंचू पुशाम, मूलचंद यादव, राकेश यादव, राजेंद्र यादव, तुलाराम यादव, नरबद यादव, संतोष यादव,दीपक यादव, अंतराम यादव, लल्ला यादव, रोहित यादव, राजेश यादव, संतु यादव, अनिक यादव, सुमित यादव सहित अन्य ग्रामवासियों ने भी प्रयास समय समय पर किया है और फलस्वरूप प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्थिति को देखते हुए पत्राचार किया गया और प्रधान वन संरक्षक के द्वारा 29/08/2025 को आदेश जारी किया गया और टिकट की संख्या बढ़कर सुबह 19 और सायं 17 कर दी गई है जो कि पोर्टल में भी उपलब्ध है। ग्राम के नागरिकों, जिप्सी संचालक, होमस्टे संचालक, नप अध्यक्ष बिछिया रजनी मरावी, पार्षद शशिकांत, पूनम रजक श्रीवास्तव ने भाजपा नेतृत्व के सभी लोगों का आभार प्रकट किया और पुष्पमाला शॉल श्रीफल से स्वागत किया।

# फुटबॉल लीग में रोमांचक मुकाबले

मण्डला(स्वतंत्र मत)

महात्मा गांधी स्टेडियम में स्व. मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग के अंतर्गत मेकल फुटबॉल क्लब मंडला व यंग स्टार फुटबॉल क्लब और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला व खैरी फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। मेकल फुटबॉल क्लब मंडला व यंग स्टार फुटबॉल क्लब के बीच खेले गए मैच में मेकल ने यंग स्टार को 5/1 से शिकस्त दी। मेकल की तरफ से अभिषेक हर्ष कुमार व कमलेश ने 1-1 और विकास ने 2 गोल किए। यंग स्टार की तरफ से एक मात्र गोल उत्कर्ष राय ने किया। दूसरा मैच खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला व खैरी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में हिमांशु, कुनाल और अनुज के गोलों की मदद से खैरी 3/0 से विजयी रही।




इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत, ललित लोधी, मोहन शाह, अभिषेक, स्वामी शारदात्मानन्द, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ दिलीप शर्मा, जिला फुटबाल संघ व नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अनिल सोनी, राजेंद्र शर्मा, पार्षद विनय वरदानी, अली इमाम अंसारी, मतीन खान, कुशल अग्निहोत्री, राजेंद्र सिंगौर पंचू, पंकज उसराठे, मुजबी हसन, बिलाल अहमद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# मिशन लीडरशिप पर महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



नैनपुर(स्वतंत्र मत)

शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर में एक दिवसीय मिशन लीडरशिप एफओआरजीई एस एस सी डी कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य जिसमें मुख्य अतिथि 1एम. पी.आर्टी रेजीमेंट एनसीसी जबलपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रांत त्यागी ( सेना मेडल) रहे द्य यह कार्यशाला महाविद्यालय नैनपुर के प्राचार्य डॉ. गोपीचंद मेश्राम के संरक्षण में आहूत की गई।

कर्नल विक्रांत त्यागी ने अपने उद्बोधन में एनसीसी कैडेट्स को परिदृश्य आधारित साक्षात्कार की तैयारी , छिपी हुई प्रतिभाओं को उजगार करने के तरीके, टीम निर्माण की प्रक्रिया और एक अच्छे नेतृत्व के गुणों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया द्य उन्होंने कैडेट्स को विभिन्न समूहों में बांटकर प्रोजेक्टर और उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया द्य

क्राइस्ट चर्च स्कूल सालीवाडा जबलपुर के प्राचार्य सितिज शायरील जेकॉब ने तेजी से बदलते तकनीकी दौर और डिजिटलीकरण को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला और वीडियो एवं प्रैक्टिकल गतिविधियों के जरिए कैडेट्स को प्रशिक्षित किया द्य

एग्रीकल्चर कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राहुल डोंगरे (हृह) ने स्वस्थ जीवन शैली और सकारात्मक आदतों के मानसिक स्वास्थ्य व तंदुरुस्ती पर प्रभाव को रेखांकित किया द्य मनोवैज्ञानिक डॉ. सुमित पासी ने मनोविज्ञान में शोध और विश्लेषण की भूमिका बताते हुए समस्याओं के समाधान की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया द्य ब्रेन चाइल्ड स्कूल के प्राचार्य निशांत शुक्ला ने प्रभावी संवाद, टीम को प्रेरित करने और संगठनात्मक लक्ष्यो की प्राप्ति के लिए खुले संवाद के महत्व पर विचार रखे द्य

इस ऐतिहासिक कार्यशाला में 1 एम.पी. आर्टी रेजीमेंट एनसीसी जबलपुर से सूबेदार मेजर राकेश कुमार, नायक सूबेदार सुनील कुमार सहित सभी पीआई स्टाफ, जबलपुर संभाग के महाविद्यालयो व स्कूल के ,हृह और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ योजना भवन में किया गया। इस अभियान में उपस्थित महिलाओं एवं प्रतिभागियों को प्रभारी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर श्रीमती मधुलिका उपाध्याय द्वारा महिला अधिनियम, मिशन शक्ति अंतर्गत योजनाओं, हब अंतर्गत दी जाने वाली साहयताओं एवं शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। घरेलू हिंसा, दहेज हिंसा एवं अन्य हिंसाओं से निपटने के लिए वन स्टॉप सेंटर पर दी जाने वाली सुविधाओं जैसे परामर्श सहायता, विधिक सहायता, पुलिस सहायता, अस्थाई आश्रय, स्वास्थ्य सहायता, आकस्मिक सहायता की जानकारी दी गई। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर द्वारा विपरीत परिस्थितियों से निपटने हेतु त्वरित कार्यवाही के लिए डायल 112 पुलिस हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 07642- 252699 वन स्टॉप सेंटर आदि नंबरों की जानकारी दी गई।

# उखड़ गए है सड़को में लगे फाइबर के ब्रेकर

### सड़को में निकली कीलों से लोग हो रहे परेशान

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगरीय क्षेत्र के मार्गों में फाइवर के बने गति अवरोधक अब उखड़ चुके हैं । नगर सौंदर्यीकरण के रूप में पिछली परिषद ने इन्हें मुख्य सड़को में लगवाकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं । शुरूआत में तो ये आम अवाम को काफी खूबसूरत लगते हुये जरूरत और आवश्यकता का सामान लग रहे थे। मगर अब ये जगह जगह से उखड़ चुके है। जिनमे लगने वाली कीलें बाहर आ चुकी हैं । जिनसे दुपहिया वाहन अब प्रभावित भी हो रहे हैं । अब जरूरत है इन्हें पुनः सहेजने की। जाहिर है कि वार्डो की गलियों में दिनरात वाहनों की धमाचौकड़ी को नियंत्रित करने फाइबर के ये विशेष स्पीड ब्रेकर लगवाए गये थे। जिनसे बहुत हद तक यातायात को नियंत्रित करने का अवसर भी बना था। मगर ये ज्यादा दिनों तक टिक नही पाये । अब ऐसा क्यों हुआ ये अलग बात है। मगर आम जनता की सुविधा के मद्देनजर बनाई गई सुविधा अब असुविधा में बदल गई है । इन गति अवरोधकों के रूप में लगा इनका फाइबर बीच बीच से या तो फट गया है या फिर पूरा ही उखड़ गया है। जिसके कारण इनकी कीलें अब सड़को पर सीधी खड़ी नजर आ रही है । लिहाजा वाहनो के लिए अब ये परेशानी का शबब बन गये है । जिनमे फसकर लोग कभी कभार चोटिल भी हो रहे हैं । अब इन्हें नये सिरे से सहेजने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। या फिर इन्हें दुरुस्त कर नए सिरे से लगवाकर सुविधा जनक बनाने की आवश्यकता है । जनापेक्षा है कि नगर पालिका परिषद ऐसे ब्रेकरों को और आकर्षक बनाकर अच्छे पैमाने के ब्रेकरों को लगवाकर आम अवाम को सुविधा पहुंचाने की कोशिश जरूर करेगी।


## नाम सुधार सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पंकज अग्रवाल पिता श्री मदनलाल अग्रवाल उम्र 45 वर्ष नर्मदा जी वार्ड मंडला का मूल निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं। यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। यह की मेरा पुत्र प्रणव अग्रवाल का जन्म दिनांक 12.03.2009 को हुआ है तथा मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेजों में प्रणव अग्रवाल ही लिखा हुआ है जो की सही है और सत्य है। यह कि में अपने पुत्र का आधार कार्ड बनवाते समय उसका नाम त्रुटिवश सोम अग्रवाल लिखवा दिया था जो की गलत है उसके आधार कार्ड में सोम अग्रवाल दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही नाम प्रणव अग्रवाल है और मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना समझा, लिखा, एवं पढ़ा जावे, इसके अलावा मेरे पुत्र प्रणव अग्रवाल के जो भी दस्तावेज पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिचय पत्र, पेन कार्ड, इत्यादि में प्रणव अग्रवाल जाना, समझा, लिखा एवं पढ़ा जावे जो सही है इस बात की मैं शपथ करता हूं।**

**सही नाम - प्रणव अग्रवाल**
**PRANAV AGRAWAL**
**गलत नाम -सोम अग्रवाल**
**SOM AGRAWAL**
**शपथकर्ता**
**पंकज अग्रवाल**
**पिता मदनलाल अग्रवाल**
**पता- नर्मदा जी वार्ड मंडला**

संपादकीय

# महफिल किसने लूटी?

सासाराम से शुरू होकर वोटर अधिकार यात्रा पटना पहुंचनी थी, पहुंच भी गई। ये यात्रा विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के बैनर तले निकाली गई, और नेतृत्व कदम कदम पर राहुल गांधी के हाथ में ही दिखा। कहने को तो राहुल गांधी और तेजस्वी यादव साथ में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे थे, लेकिन पूरी यात्रा में राहुल गांधी ही छाये रहे। तीन साल पहले राहुल गांधी जब भारत जोड़ो यात्रा पर निकले थे, तब भी कांग्रेस की ऐसी ही मंशा थी। लेकिन, उस वक्त विपक्ष के कम नेताओं का ही साथ मिला। न्याय यात्रा को लेकर तो सहयोगी दल नाराज ही इसलिए थे, क्योंकि कांग्रेस ने अकेले यात्रा निकालने की घोषणा कर डाली थी। लेकिन, अब लगता है कि राहुल गांधी ने सारी कसर निकाल ली है।

बिहार के हिसाब से देखें तो तेजस्वी यादव को भी वैसे ही मौजूदगी दर्ज करानी चाहिए थी, जैसे उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव जताते हैं। लेकिन क्या तेजस्वी यादव ऐसा कर पाए, नहीं। क्यों नहीं कर पाए, ये सवाल अभी बना रहेगा। बहरहाल, वोटर अधिकार यात्रा का हासिल यही है कि महफिल किसने लूटी? वोटर अधिकार यात्रा का बिहार विधानसभा चुनाव में कितना प्रभाव होगा, अभी कोई अंदाजा नहीं है। यात्रा के पूरे सफर को देखें तो काफिला जहां से भी गुजरा, ज्यादातर जगह कांग्रेस के झंडे और राहुल गांधी के नारों की ही गूंज अधिक सुनाई दी। तमिलनाडु से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और तेलंगाना से रेवंत रेड्डी भी वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए। यह राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के लिए अच्छी बात रही। लेकिन अभी भी सवाल ये है कि क्या राहुल गांधी ने कांग्रेस को बिहार में आरजेडी की पिछलग्गू होने की तोहमत से उबार दिया है? यह सवाल काफी महत्वपूर्ण है। जवाब तो बाद में मिलेगा, लेकिन लोग अभी से संभावित जवाब को महसूस करने लगे हैं। कन्हैया कुमार तो नहीं, लेकिन पप्पू यादव को तो राहुल गांधी ने मैदान में उतार ही दिया है।

वोटर अधिकार यात्रा में अखिलेश का साथ आना भी महत्वपूर्ण है। पूरी यात्रा का यही वो पहलू है, जो तेजस्वी यादव के पक्ष में जाता है। निश्चित तौर पर अखिलेश यादव स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मुद्दे पर राहुल गांधी के साथ रहे हैं, लेकिन बिहार के जातीय समीकरणों के हिसाब से भी उनकी मौजूदगी बहुत मायने रखती है। टीएमसी नेता ममता बनर्जी का दूरी बना लेना भी वोटर अधिकार यात्रा में कांग्रेस के दबदबे का संकेत है। ममता बनर्जी दिल्ली में तो इंडिया ब्लॉक की बैठकों में बड़े नेताओं को भेजती हैं। ऐसा लग रहा था वोटर अधिकार यात्रा में वो जरूर शामिल होंगी। लेकिन ममता बनर्जी ने युसुफ पठान और ललितेशपति त्रिपाठी को भेज दिया। कुल मिलाकर, बिहार में राहुल गांधी के मोर्चे पर आगे नजर आने के कारण ही लगता है ममता बनर्जी ने रस्मअदायगी भर की है। बहरहाल, वोटर यात्रा की पूर्णाहूति पर जो तस्वीर सामने आ रही है, राहुल गांधी के 2025 के पहले बिहार दौरे के मकसद को समझना आसान हो गया है। राहुल गांधी ने कांग्रेस को सीटों के मोलभाव के लिए बेहतर स्थिति में ला दिया है, और तेजस्वी यादव कहीं चूक गए हैं।

# चीन-भारत के मिठासभरे संबंधों से नयी विश्व संरचना संभव



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं तो यह उद्देश्यपूर्ण एवं वजहपूर्ण थी, क्योंकि बदलती दुनिया में हाथी और ड्रैगन का साथ-साथ चलना जरूरी हो गया है। दोनों शीर्ष नेताओं की सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच विश्व अर्थ-व्यवस्था के लिए भी नई संभावनाएं पैदा की हैं, चीन में दिखे दोनों देशों के मिठासभरे संबंध अनेक नई आशाओं एवं उम्मीदों को नया आकाश देने वाले बनते हुए प्रतीत हुए हैं। दोनों देशों के रिश्तों में लंबे समय बाद सकारात्मकता की नई हवा बहती दिखाई दे रही है। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात ने संकेत दिया है कि दोनों देश पुराने मतभेदों और अविश्वास को पीछे छोड़कर साझेदारी की नई इबारत लिखना चाहते हैं। यह मुलाकात केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं थी, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सहयोग और संवाद की अपरिहार्यता को स्वीकार करने का प्रयास थी।

भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी बड़ा योगदान होगा। हालांकि सीमाई विवाद और विश्वास की कमी जैसे मुद्दे अब भी बने हुए हैं, परंतु यदि इन्हें परे रखकर साझा आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाए तो यह संबंध नई ऊँचाइयों को छू सकते हैं। भारत और चीन के बीच यह संवाद केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबदबे के बीच एशियाई शक्ति संतुलन को नई दिशा दे सकता है। यदि दोनों राष्ट्र व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाकर आपसी हितों पर ध्यान केंद्रित करें तो न केवल तनाव कम होंगे, बल्कि विश्व राजनीति में एशिया की भूमिका भी मजबूत होगी। निश्चित ही लंबे समय से चली आ रही आपसी अविश्वास की दीवारों और तनाव की बर्फ को पिघलाने का प्रयास हुआ है।

सबसे पहले, इन वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि भारत और चीन अब केवल मतभेदों में उलझे रहने के बजाय साझेदारी की संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग की दिशा में नए आयाम खुल सकते हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यदि यह संबंध संतुलन और पारस्परिक विश्वास पर आधारित हो जाए, तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अपार गति मिल सकती है। इस मुलाकात ने अमेरिका की दादागिरी पर भी चोट की है। डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक आर्थिक नीतियां और संरक्षणवादी रुख एशिया के उभरते राष्ट्रों को नई गठबंधन राजनीति की ओर धकेल रहा है। भारत-चीन के बीच बढ़ती समझदारी और रूस की भूमिका के साथ एक त्रिकोणीय शक्ति का उभार संभव है, जो पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देगा। यह न केवल शक्ति-संतुलन की नई धुरी बनेगा, बल्कि विश्व शांति और सौहार्द की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। पाकिस्तान पर भी इसका असर दिखना स्वाभाविक है। भारत-चीन की नजदीकी पाकिस्तान के लिए असुविधा का कारण बनेगी, क्योंकि उसकी विदेश नीति लंबे समय से चीन पर आश्रित रही है।



भारत-चीन संबंधों का यह नया अध्याय यदि संतुलित, यथार्थवादी और सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाया जाए तो एशिया ही नहीं, पूरे विश्व की राजनीति में एक स्थिरता और संतुलन स्थापित हो सकता है। यह विश्व को बहुध्रुवीय बनाने की दिशा में ठोस कदम होगा। लेकिन, इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी होगी। इतिहास गवाह है कि चीन के साथ हर मित्रवत वार्ता के पीछे उसका रणनीतिक हित गहराई से काम करता है। डोकलाम, गलवान और सीमाई विवाद आज भी अधर में हैं। चीन की आर्थिक नीतियों और विस्तारवादी प्रवृत्ति को अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसलिए यह साझेदारी अवसर तो है, लेकिन चुनौती भी। भारत को यह ध्यान रखना होगा कि व्यापारिक रिश्तों और राजनीतिक साझेदारी में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा सर्वोपरि रहे। भारत को हर स्थिति में अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और रणनीतिक हितों के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहिए। भले ही शंघाई सहयोग संगठन में आतंकवाद से लड़ना भी शामिल हो, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चीन ने इस मुद्दे पर किस तरह भारतीय हितों के खिलाफ काम किया है। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर के समय चीन की भूमिका को ओझल नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके चीन भारत की निकटता वक्त की जरूरत है।

2020 में हुई गलवान घाटी की झड़प के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला चीन दौरा है। जाहिर है, दोनों देशों के रिश्तों के मद्देनजर यह सवाल महत्वपूर्ण था कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति कितनी दूर तक जाती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं से जो असामान्य हालात पैदा हुए हैं, उसने दोनों नेताओं की बातचीत की अहमियत को और बढ़ा दिया। अमेरिका एवं चीन, अमेरिका एवं भारत के नये बने तनावपूर्ण माहौल में हुई मोदी और शी की इस बातचीत ने कई स्तरों पर पॉजिटिव संकेत दिए हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना अर्थपूर्ण है कि भारत और चीन दोनों ही देश सामरिक स्वायत्तता रखते हैं और इनके आपसी रिश्तों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ध्यान रहे, ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, उसके लिए एक तीसरे देश रूस के साथ भारत के रिश्तों को ही आधार बनाया गया है। इस बयान के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने यह परोक्ष संकेत दिया है कि सामरिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए ही द्विपक्षीय रिश्ते फल-फूल सकते हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात न केवल द्विपक्षीय रिश्तों को पुनर्परिभाषित करती है, बल्कि वैश्विक राजनीति पर भी गहरा असर डाल रही है। इस वार्ता को महज़ दो पड़ोसी देशों का संवाद मानना भूल होगी; यह इक्कीसवीं सदी के बदलते शक्ति समीकरणों का प्रतीक है, यह एक नये शक्ति का अभ्युदय दुनिया में संतुलन एवं शांति का सशक्त माध्यम बनेगा।

भारत, चीन और रूस के बीच बढ़ती नजदीकी वैश्विक शक्ति-संतुलन के नए युग की आहट देती है। यदि यह त्रिकोणीय शक्ति प्रभावी रूप से उभरती है, तो न केवल एशिया की आर्थिकी और सुरक्षा संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि विश्व में बहुध्रुवीयता की वास्तविक नींव भी रखी जाएगी। ऊर्जा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे क्षेत्रों में तीनों देशों का सहयोग पश्चिमी देशों की एकाधिकारवादी प्रवृत्ति को चुनौती देगा। खासकर रूस की सामरिक मजबूती, चीन की आर्थिक शक्ति और भारत का जनतांत्रिक एवं नैतिक प्रभाव मिलकर ऐसी नई धुरी रच सकते हैं, जो केवल शक्ति का संतुलन ही नहीं बल्कि शांति और सह-अस्तित्व की भी नई परिभाषा प्रस्तुत करेगी।

दूसरी ओर, यह उभरता हुआ शक्ति-संतुलन अमेरिका की दादागिरी के लिए एक सीधी चुनौती है। डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति संरक्षणवाद, दबाव और व्यापार युद्ध की रणनीति पर टिकी रही है, जिसने न केवल चीन बल्कि भारत जैसे देशों को भी सतर्क किया है। यदि भारत-चीन-रूस का यह समीकरण मजबूत होता है, तो ट्रंप की एकतरफा नीतियां प्रभावहीन हो जाएंगी और वैश्विक राजनीति में अमेरिका का वर्चस्व सीमित हो जाएगा। इस नये शक्ति-संतुलन से छोटे और विकासशील देशों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें अब केवल एक ध्रुवीय दबाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह स्थिति विश्व में लोकतांत्रिक संतुलन और समानता की भावना को प्रोत्साहित करेगी।यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे। इसका अंदाजा दोनों पक्षों को है। तभी बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि मतभेद झगड़े में तब्दील नहीं होने चाहिए।

# निगरानी में मतदाता सूची!



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में जारी सघन मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य अब विधि सेवा प्राधिकरण के दायरे में भी आ गया है। इस मामले में न्यायालय के समक्ष दायर याचिकाओं की सुनवाई चल रही है जो कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ हैं। न्यायालय ने आज इस सम्बन्ध में जो आदेश दिया है वह काफी महत्वपूर्ण है और इशारा करता है कि आगामी 30 सितम्बर को चुनाव आयोग अपनी अंतिम संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित नहीं कर सकता क्योंकि न्यायालय ने साफ कह दिया है कि जिन 65 लाख लोगों के नाम चुनाव आयोग ने बिहार की मतदाता सूची से उड़ाये हैं उन्हें 1 सितम्बर के बाद भी अपना नाम जुड़वाने के लिए समय दिया जायेगा और चुनाव आयोग इसके लिए मना नहीं कर सकता। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि चुनाव आयोग अपना नाम जुड़वाने या हटवाने वाले मतदाताओं के आधार कार्ड को एक सबूत नहीं मान रहा है जबकि न्यायालय ने ही यह आदेश दिया था कि आधार कार्ड को एक पक्का सबूत माना जाना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने शिकायत की है कि इसके बावजूद चुनाव आयोग उनके आवेदन स्वीकार नहीं कर रहा है और मतदान केन्द्र स्तर के अधिकारी अपना हाथ खड़ा कर रहे हैं।

इस पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों ने निर्देश दिया कि बिहार विधि सेवा प्राधिकरण के स्वयं सेवकों को इस काम में लगाया जाये और राजनैतिक दल भी आगे आकर इस काम में सहयोग करें। इससे जाहिर होता है कि चुनाव आयोग का काम अब पूरी तरह पारदर्शी तरीके से होने में मदद मिलेगी। चुनाव आयोग ने बिहार की मतदाता सूची अन्तरिम तौर पर जारी की थी और कहा था कि राज्य के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 65 लाख के नाम हटा दिये गये हैं। पहले उसने इसका कारण भी बताने से इन्कार कर दिया था मगर जब सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया तो उसने सभी 65 लाख लोगों के नाम सार्वजनिक किये और कारण भी बताया। चुनाव आयोग भारत में एक स्वायत्तशासी स्वतन्त्र संस्था है और सरकार का अंग नहीं है। इसकी जिम्मेदारी सीधे मतदाताओं के प्रति होती है क्योंकि यह भारतीय नागरिकों को मिले एक वोट के संवैधानिक अधिकार की रक्षा करता है। इसका कर्त्तव्य बनता है कि भारत का एक भी जायज मतदाता छूटे नहीं। चूंकि भारत का पूरा लोकतन्त्र मूल रूप से वोट के अधिकार पर ही आश्रित है अत: प्रत्येक मतदाता का हक बनता है कि उसके वोट का अधिकार संरक्षित रहे।

चुनाव आयोग जब अपनी मतदाता सूची का संशोधन करता है तो उसका लक्ष्य रहता है कि 18 वर्ष के हर वयस्क नागरिक का वोट बने। बिना किसी शक के चुनाव आयोग भारत के वैध नागरिकों का ही वोट बनाता है मगर उसे यह अधिकार नहीं होता कि वह मतदाताओं की नागरिकता की जांच करे। इसके विपरीत प्रत्येक मतदाता की यह जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी नागरिकता की घोषणा करे। उसे चुनाव आयोग को यह लिख कर देना होता है कि वह भारत का नागरिक है। उसकी इस नागरिकता की जांच केवल केन्द्रीय गृह मन्त्रालय ही कर सकता है। गृह मन्त्रालय हर दस साल बाद जनगणना का काम करता है और भारतीय नागरिकों की वैधता की इसमें जांच भी हो जाती है। भारत में यह काम पिछले 2010 -11 के बाद से नहीं हुआ है। अत: इसे कराने की घोषणा केन्द्र सरकार ने तीन महीने पहले ही कर दी थी। यह जनगणना 2027 में फरवरी महीने से शुरू होगी। मगर इससे पहले घरों या परिवारों की जनगणना होगी जो अप्रैल 26 से लेकर सितम्बर महीने तक जारी रहेगी। इसके लिए भारत के महामंजीयक की ओर से सरकार से लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की मांग की गई है। बहुत स्पष्ट है कि इस जनगणना में प्रत्येक भारतीय की गिनती होगी और उन घुसपैठियों का भी पता चलेगा जो भारत की धरती पर अवैध रूप से रह रहे हैं। मगर मतदाता सूची में भी किसी घुसपैठिये का नाम नहीं आना चाहिए। इसके लिए भी कानून में प्रावधान है।

किसी भी मतदाता की नागरिकता को कोई दूसरा व्यक्ति चुनौती दे सकता है। इसकी अपनी प्रक्रिया है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऐसे सवाल पहली बार उठ रहे हैं। 90 के दशक में जब मुख्य चुनाव आयुक्त स्व. टी.एन. शेषन थे तो उन्होंने प्रत्येक मतदाता के लिए पहचान पत्र या वोटर कार्ड जारी करने को आवश्यक बना दिया था। इससे भी घुसपैठियों को पहचानने में मदद मिली थी। मगर वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त ने आधार कार्ड को ही मतदाता की पहचान मानने से इन्कार कर दिया और 11 ऐसे दस्तावेजों में से किसी एक को सबूत के तौर पर दिखाने का नियम बनाया था जो भारत के नागरिकों के पास होते हैं। मगर आधार कार्ड ऐसा दस्तावेज है जो भारत के लगभग हर निवासी के पास होता है। निवासी व नागरिक में फर्क होता है जिसकी पहचान गृह मन्त्रालय करता है। अत: चुनाव आयोग का कार्य मतदाता सूची बनाने तक ही सीमित किया गया। वर्ष 2027 में जो जनगणना होगी उसमें जातिगत गणना भी की जायेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि भारत में कितने लोग अनुसूचित जाति व जनजाति के हैं, कितने पिछड़े वर्ग के हैं, कितने अलपसंख्यक समुदायों के हैं और कितने सवर्ण कहे जाने वाले लोग हैं। वर्तमान में चुनाव आयोग जो बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य कर रहा है और 65 लाख लोगों को मताधिकार से वंचित कर रहा है, उसके बारे में कहा जा रहा है कि इनमें सर्वाधिक गरीब तबके के लोग हैं और महिलाएं भी शामिल हैं। जाहिर है कि इससे आम लोगों में अपने वोट के अधिकार के प्रति चिन्ता उठी है। बिहार की गूंज देश के अन्य राज्यों में भी सुनाई पड़ने लगी है। प. बंगाल इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस राज्य में अगले वर्ष 2026 में चुनाव होने वाले हैं। कुछ अन्य राज्यों में भी चुनाव होने हैं। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले की रोशनी में ही सब तथ्यों का अवलोकन किया जाना चाहिए। मोटे तौर पर यही कहा जा सकता है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य बिहार की तरह अफरा-तफरी में नहीं किया जाना चाहिए।

# भरोसे के आंसू

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

महिला सशक्तिकरण पर जितने मर्ज़ी लेख लिख लो, किताबें छाप लो, उनमें से कुछ पृष्ठ पढ़ भी लो, गोष्ठियां आयोजित कर लो, ज्यादा बढ़िया कवरेज के लिए किसी महानुभाव को मुख्य अतिथि बना लो, उनके भाषण पर तालियां बजा लो, बरसों आंदोलन चला लो लेकिन मर्दानगी शब्द सुनते, कहते, पढ़ते, लिखते कुछ अलग सी भावना दिमाग में उगने लगती है जिसमें जान हो, ताकत सी लगे और ठहराव आता दिखे।

आंसुओं को सामान्य तौर पर महिलाओं का ख़ास हथियार माना जाता है। लड़कियां, महिलाएं आंसुओं के माध्यम से झूठ को सच साबित कर देती हैं। लेकिन घड़ियाली या मगरमछी आंसू तो किसी के भी प्रभावोत्पादक हो सकते हैं। कई विषयों पर विदेशी अध्ययनों और सर्वेक्षणों ने मुझे सोचने और समझने का अलग अंदाज़ दिया। आंसू सम्बन्धी मामले में भी ऐसा हुआ। पिछले दिनों विदेश में हुआ एक अध्ययन कहता है कि पुरुषों के मगरमच्छ आंसू, महिलाओं के मगरमच्छ आंसूओं से ज्यादा भरोसेमंद होते हैं।



यह विदेशी भी कैसे कैसे अध्ययन करते हैं। हमारे जैसे विश्वगुरुओं से ही कुछ विषय और ज्ञान लेकर अध्ययन करते तो कुछ और ही नतीजे होते। हमारे सर्वेक्षण और निरीक्षण करने के तरीके सबसे अलग हैं। हमारे यहां तो टीकाकरण और नसबंदी भी कमाल की जाती है। हम सीधे मूल उद्देश्य पर ही सर्वेक्षण और प्रयोग करते हैं। हमारे निरीक्षक तो वास्तविक सड़कों पर घूमकर रेत, बजरी और तारकोल का कण कण का अध्ययन करते हैं। सितम्बर के महीने में हिंदी प्रयोग बारे निरीक्षण होता है तो बहुत ज़्यादा सख्त ईमानदारी प्रयोग की जाती है।

विदेशियों ने आंसुओं का जो विश्लेषण किया उससे पता चला कि घडियाली आंसू उन लोगों के ज्यादा भरोसेमंद लगते हैं जिनसे रोने की उम्मीद कम की जाती है। देखा जाए इस सन्दर्भ में विश्लेषण की ज़रूरत न थी। जो व्यक्ति कभी कभार रोएगा वो तो जी भर कर खूब रोएगा ही और उनके क्या हमारे समाज में भी मर्दों को आंसू बहाने का मौका कम ही मिलता है। वे तो अपनी प्रेमिकाओं, पत्नियों या सहकर्मियों के आंसू निकलवाने के लिए ज़्यादा जाने जाते हैं।

विश्लेषण के मुताबिक भावनात्मक आंसुओं को अक्सर ईमानदार और सच्चा माना जाता है। दूसरों को भ्रमित करने के लिए, आंसुओं का भी इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे आंसुओं को मगरमच्छ के आंसू कहा जाता है। नकली रोने वाले लोग ज्यादा दिखावा करते हैं। आंखें सिकोड़ना, दुखी होने का दिखावा जैसे हाव भाव ज्यादा प्रयोग करते हैं। ऐसे अध्ययन के बारे जानकर लगता है संसार में कितना समय फालतू बातों में बर्बाद किया जाता है। हमें तो इस बारे सदियों से सब कुछ पता है। अफ़सोस की बात यह है कि यह अध्ययन, प्रतिभागियों को पुरुष और महिलाओं के आंसू बहाते चेहरों की डिजिटल रूप से सम्पादित तस्वीरें दिखाकर, सवाल पूछकर किया गया और जवाब देने वालों का अध्ययन देखो जिन्होंने मर्दाना आंसुओं को ज्यादा प्रभावशाली बता दिया।

हमारे यहां पुरुष और महिलाओं का अंतर बिलकुल स्पष्ट होने के बावजूद उन्हें बराबर माना जाता है। उन्हें समान अधिकार प्राप्त हैं। थोडा बहुत ऊपर नीचे, दाएं और बाएं तो हर समाज में चलता है। दुनिया मानती है, आंसू बह जाने से हर शरीर विश्राम करता है। आंसुओं में दूसरों को द्रवित करने की शक्ति भी मानी जाती है। आंसू मर्दाना हों तो क्या भरोसा ज़्यादा बहता है।

# अमेरिकी दादागिरी के खिलाफ मोदी का दृढ़ रुख देखकर कई अन्य देशों का हौसला भी बढ़ रहा है



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के दिनों में यह साबित कर दिया है कि भारत किसी भी दबाव में झुकने वाला देश नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकारों ने भारत को रूस से तेल खरीदने और चीन-रूस के साथ संवाद रखने पर लगातार कोसा, लेकिन मोदी ने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूती से थामे रखा। इसका नतीजा यह हुआ कि न केवल भारत की साख और आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि जापान समेत कई एशियाई देशों का भी मनोबल ऊँचा हुआ है, जो अमेरिका की एकतरफा दादागिरी से असहज रहे हैं।

दूसरी ओर, ट्रंप को अब यह अहसास हो रहा है कि भारत पर दबाव बनाने की उनकी नीति उल्टी पड़ गई है। तेल, टैरिफ और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को घेरने की अमेरिकी कोशिशों ने दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्तों को दरार की ओर धकेल दिया है। यह विडंबना ही है कि ट्रंप ने अमेरिकी हितों के नाम पर बार-बार अपने व्यक्तिगत कारोबारी स्वार्थ साधे, कभी पाकिस्तान की वकालत करके, तो कभी चीन से बेमतलब का बैर लेकर। यही वजह है कि अमेरिका के भीतर ही उनकी आलोचना बढ़ रही है और उनके नेतृत्व की नाकामी उजागर हो रही है। इसके विपरीत, वैश्विक मंच पर मोदी एक ऐसे नेता के रूप में उभरे हैं जो न केवल अमेरिका की आँखों में आँखें डालकर बात कर सकता है, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का भी प्रतिनिधि बनकर खड़ा है। उन्होंने यह संदेश साफ़ कर दिया है कि भारत का लोकतंत्र किसी की कठपुतली नहीं है।

असल में, यह परिदृश्य दर्शाता है कि मोदी बनाम ट्रंप की टक्कर अब सिर्फ़ भारत-अमेरिका संबंधों का सवाल नहीं रह गई है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाला विमर्श बन चुका है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता जितनी मजबूत होगी, उतना ही दुनिया के अन्य देशों को भी अमेरिका के दबाव से मुक्त होकर स्वतंत्र कूटनीति अपनाने का साहस मिलेगा।

इसके अलावा, शंघाई सहयोग संगठन (स्ष्ह) के मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदर्शन केवल कूटनीतिक उपस्थिति भर नहीं था, बल्कि यह भारत की वैश्विक पहचान और मोदी की व्यक्तिगत नेतृत्व क्षमता का स्पष्ट साक्ष्य भी बन गया। इस सम्मेलन में जब व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग जैसे दिग्गज नेता भी सबसे अधिक संवाद मोदी से करते दिखे, तब यह संदेश पूरी दुनिया तक पहुँचा कि आज भारत केवल एक दर्शक या मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा रहा, बल्कि एजेंडा-निर्धारक शक्ति के रूप में उभर चुका है।

मोदी की छवि यहाँ एक संतुलित वैश्विक नेता के रूप में उभरती है- जो अमेरिका और पश्चिमी देशों से साझेदारी रखता है, रूस से ऐतिहासिक संबंध बनाए रखता है और चीन जैसे प्रतिस्पर्धी पड़ोसी से भी संवाद कायम रखता है। यही रणनीतिक संतुलन भारत को विशेष बनाता है और मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित करता है, जिसकी बात सुनी जाती है और जिसका रुख अनदेखा करना कठिन है।

बहरहाल, पूरी दुनिया के लिए यह संकेत है कि भारत अब न तो दबाव में झुकने वाला देश है, न ही किसी खेमे का अंधानुयायी। भारत का नेतृत्व अपने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ वैश्विक स्थिरता और शांति की दिशा में ठोस पहल करने की क्षमता रखता है। मोदी के इर्द-गिर्द स्ष्ह में केंद्रित यह संवाद इस बात का सबूत है कि वैश्विक मंचों पर भारत की रणनीतिक स्वायत्तता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। संक्षेप में कहा जाये तो स्ष्ह शिखर सम्मेलन से निकला सबसे बड़ा संदेश यही है- भारत अब केवल एक उभरती हुई शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति का धुरी बन चुका है, और नरेंद्र मोदी उसका सबसे मुखर चेहरा हैं।

# हाथी और ड्रैगन का साथ आना जरूरी- लेकिन भरोसा बड़ी चीज है

संतोष कुमार पाठक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से त्रस्त दुनिया के कई देशों की नजरें इस बार चीन के तियानजिन शहर में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की बैठक पर लगी हुई थी। क्योंकि इस बैठक के दौरान दुनिया के 3 ताकतवर देशों- भारत, रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात भी होनी थी और साथ ही अलग-अलग द्विपक्षीय बैठक भी तय थी। खासतौर से दुनियाभर की निगाहें इस बात पर टिकी हुई थी कि भारत और चीन के आपसी संबंधों में क्या बदलाव आने वाला है। चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक भी हुई। बैठक के दौरान अलग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात भी हुई और दोनों नेताओं के साथ पीएम मोदी ने अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक भी की। पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बहुत ही अच्छे माहौल में द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक के दौरान दोनों देशों के साथ आने की बात कहते हुए चीन के राष्ट्रपति ने कहा, दुनिया बदलाव की ओर बढ़ रही है। चीन और भारत दुनिया की दो सबसे प्राचीन सभ्यताएं हैं। हम दोनों दुनिया के सबसे ज़्यादा आबादी वाले देश हैं और ग्लोबल साउथ का हिस्सा हैं। दोस्त बने रहना, अच्छे पड़ोसी होना, ड्रैगन और हाथी का साथ आना बहुत ज़रूरी है।

जिनपिंग की ये तमाम बातें सुनने में भले ही बहुत अच्छी लगती हो लेकिन कड़वी हकीकत तो यही है कि दोनों देशों के बीच जारी तनाव को कम करने के लिए चीन के राष्ट्रपति ने जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम उठाने का ऐलान नहीं किया। जबकि पिछले महीने ही भारत की यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत में दोनों देशों के आपसी रिश्तों को सुधारने के लिए 10 सूत्रीय एजेंडे पर सहमति बनी थी। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा रहा था कि इस 10 सूत्रीय एजेंडे के तहत चीन के राष्ट्रपति पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान सीमा पर शांति एवं स्थिरता बनाए रखने, चीनी सेना को बॉर्डर से पीछे हटाने और विश्वास बहाली के तहत कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। भारत के अभिन्न अंग लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर 2020 से पहले की स्थिति अभी तक बहाल नहीं हो पाई है। सीमा पर पूरी तैयारी और साजो-सामान के साथ चीन ने 50 हजार से ज्यादा की फौज को तैनात कर रखा है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों का मंदारिन में नामकरण करके भी अपने नापाक इरादों को जाहिर कर दिया है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भी चीन पूरी तरह से पाकिस्तान के साथ ही खड़ा नजर आया। तियानजिन शहर में जिनपिंग ने भारत के साथ संबंधों को लेकर शब्दों से एक माहौल बनाने की कोशिश तो की लेकिन यह सभी जानते हैं कि जब तक वह भारत की चिंताओं पर ठोस काम नहीं करेंगे तब तक शायद ही कोई भारतीय उन पर भरोसा कर पाएगा। अमेरिका के टैरिफ आतंकवाद से त्रस्त भारत को चीन के साथ जाने से पहले पाकिस्तान के आतंकवाद और उसे चीन द्वारा दिए जा रहे समर्थन के बारे में भी ध्यान रखना होगा। इस मौके का फायदा उठाकर चीन, न केवल भारत में निवेश और व्यापार करने की खुली छूट चाहेगा बल्कि टिकटॉक सहित 50 से ज्यादा चीनी एप्स पर भारत द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को भी हटवाने की कोशिश करेगा। भारत के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन चीन का रास्ता भी पूरी तरह से साफ नहीं है। चीन ने वर्ष 2013 में अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को धमाकेदार अंदाज में शुरू किया था लेकिन यह कई तरह के संकटों में घिर गया है। तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे का मामला हो या तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी को चुनने का मामला हो या फिर ताइवान को लगातार धमकाने का मामला हो, वास्तविकता तो यही है कि इन सभी मुद्दों का स्थायी और अंतिम समाधान भारत के बिना चीन हासिल नहीं कर सकता है। ऐसे में मोदी सरकार को हर मौके और हर मंच पर चीन को यह बताना होगा कि हाथी और ड्रैगन तभी डांस कर सकते हैं जब ड्रैगन के हाथ में किसी भी तरह का कोई खंजर नहीं होगा। क्योंकि भरोसा बड़ी चीज है, जिसे चीन ने हर बार तोड़ने का काम किया है और पाकिस्तान के रवैए से तो पूरी दुनिया ही वाकिफ है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।**

# वादे तोड़कर बढ़ाए हमले...रूस पर बड़ा कदम उठाने की तैयारी में अमेरिका

वाशिंगटन

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन में चल रहे युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों सहित सभी संभावित कार्रवाइयों पर विचार कर रहा है। फॉक्स न्यूज़ से बात करते हुए बेसेंट ने कहा कि पुतिन ने घृणित तरीके से बमबारी अभियान बढ़ा दिया है। इसलिए, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सभी विकल्प विचाराधीन हैं और मुझे लगता है कि हम इस सप्ताह उन पर बारीकी से विचार करेंगे। यह टिप्पणी अलास्का शिखर सम्मेलन के दो हफ्ते बाद आई है, जहाँ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने पर चर्चा के लिए मुलाकात की थी। शिखर सम्मेलन में, ट्रंप ने रूस को शांति समझौते की दिशा में प्रगति दिखाने के लिए दो हफ्ते की समयसीमा दी थी। यह समयसीमा सोमवार को समाप्त हो गई, और शांति की दिशा में कोई स्पष्ट प्रगति नहीं हुई।

इस बीच, चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रूस की कार्रवाइयों का बचाव किया। उन्होंने दावा किया कि यह संघर्ष 2014 में कीव में हुए तख्तापलट के कारण शुरू हुआ था, जिसे उन्होंने पश्चिमी देशों द्वारा उकसाया गया था। पुतिन ने यह भी कहा कि यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के पश्चिम के प्रयास रूस की सुरक्षा के लिए सीधा ख़तरा हैं, और उन्होंने आक्रमण के लिए लंबे समय से चले आ रहे औचित्य को दोहराया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि अगर पुतिन सोमवार तक शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्ध नहीं होते हैं, तो यह दिखाएगा कि उन्होंने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप के साथ खेल किया है।



जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ बोलते हुए, मैक्रों ने चेतावनी दी, अगर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा निर्धारित समय सीमा, तक ऐसा नहीं होता है, तो इसका मतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने एक बार फिर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खेल किया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने भी पिछले हफ्ते इस स्थिति पर टिप्पणी की थी और जनता को याद दिलाया था कि ट्रंप ने पुतिन को शांति वार्ता के लिए सहमत होने के लिए एक या दो हफ्ते का समय दिया था। अब जबकि समय सीमा समाप्त हो चुकी है और बातचीत की कोई संभावना नहीं दिख रही है, पश्चिम और रूस के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना है।

## डॉ. मित्तल संयुक्त अरब अमीरात में भारत के नये राजदूत नियुक्त

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डा.मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल श्री संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद उन्होंने भारत और तालिबान शासन के बीच औपचारिक संपर्क शुरू कराने में अहम भूमिका निभायी थी। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच राजनयिक संबंध 1972 में स्थापित हुए थे। दोनों देशों के बीच पिछले छह-सात वर्षों में संबंध काफी मजबूत हुए हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के बाद इनमें नयी ऊर्जा आयी है। अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ-साथ वहां के कुछ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों ने भी भारत की यात्रा की है।

# हिरासत में मौत हत्या के बराबर : अखिलेश

लखनऊ ( वार्ता)



हरदोई जिले में एक युवक की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि हिरासत में हुई मौत हत्या के बराबर है। इसमें संलिप्त लोगों को कठिन से कठिन सजा मिलनी चाहिए।

दरअसल दो दिन पूर्व हरदोई जिले के शाहाबाद कोतवाली में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शाहाबाद पुलिस ने रवि राजपूत (20) को एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में हिरासत में लिया था। रविवार को उसने कोतवाली परिसर में स्थित शौचालय में फंदा लगा लिया। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीरज जादौन ने कहा कि घटना की जांच कराई जा रही है।

इस मामले को लेकर मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हिरासत में मौत का रिकॉर्ड बनानेवाला उप्र का शासन-प्रशासन किस हद तक असंवेदनशील है। इसका नया उदाहरण अब हरदोई से आया है। अखिलेश यादव ने कहा कि हिरासत में मौत दरअसल 'हत्या' के बराबर होती है। सभी संलिप्त लोगों को कठिन से कठिन सज़ा मिलनी चाहिए।

गौरतलब है कि वोट चोरी के आरोप सामने आने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ लगातार मोर्चा खोल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरो पर है। भाजपा के लोग गरीबों की जमीन, तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा भूमाफिया पार्टी बन गयी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कानून-व्यवस्था पर जीरों टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। भाजपाई और उनके साथी सहयोगी कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे है। लोगों के साथ अन्याय कर रहे है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। लोग अन्याय, अत्याचार से त्रस्त है।

# कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी : भाजपा

नयी दिल्ली, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जबकि कानून के मुताबिक देश के किसी भी नागरिक के पास सिर्फ एक वोटर आईडी होनी चाहिए।

श्री भंडारी ने कहा कि ऐसे में जब श्री खेड़ा का सच सामने आ चुका है तो क्या देश भर में घूमकर आम मतदाताओं के वोटों को फर्जी बताने और वोट चोरी का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अपने पार्टी के नेता के खिलाफ कुछ कार्रवाई करेंगे या कुछ बोलेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस मीडिया प्रमुख खेड़ा के पास दो वोटर आईडी .. एक्सएचसी 1992338 और एसजेई 0755967 हैं। यह दोनों वोटर कार्ड, दो अलग अलग विधानसभाओं के हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि तो क्या यह मान लें कि श्री गांधी के करीबी नेता वोट धांधली में संलिप्त हैं। वोट चोरी का सच अब सामने रख दिया गया है। श्री भंडारी ने कहा कि श्री गांधी हर छह महीने में मुद्दे बदलकर देश की जनता को गुमराह करने का काम करते हैं, यह उनका पैटर्न भी है। श्री गांधी को देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने के लिए आरोप लगाना छोड़ देना चाहिए।

# नीतीश सरकार के इंजीनियर निकले अरबों की अवैध संपत्ति के मालिकः तेजस्वी यादव

पटना, (वार्ता)

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर आरोप लगाते हुये आज दावा किया है कि नीतीश कुमार के नजदीकी मंत्री के अधीन कार्यरत तीन इंजीनियरों के पास से 500, 300 और 100 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ है।

श्री यादव ने आरोप लगाया है कि एक इंजीनियर के घर से 13 करोड़ रुपये नकद बरामद हुये और वह 500 करोड़ की संपत्ति का मालिक है। एक अन्य इंजीनियर ने आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी के दौरान 10 करोड़ रुपये के नोट जला दिये और आठ घंटे तक घर का गेट नहीं खोला। इसके बावजूद उसके पास से नकद बरामद हुआ और उसकी कुल संपत्ति 100 करोड़ आंकी गई। वहीँ तीसरे इंजीनियर के पास 300 करोड़ रुपये की संपत्ति का खुलासा हुआ है। उन्होंने इन मामलों को 'राजग सरकार की जनित संस्थागत भ्रष्टाचार' का जीता- जागता उदाहरण बताया और सवाल किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ग्लोबल टेंडरिंग से मालामाल होने वाले मंत्री के घर सुबह- शाम किस हिसाब- किताब के लिये जाते हैं। श्री यादव ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री स्वयं उन अपराधियों और भ्रष्टाचारियों से मुलाकात करते हैं जिन्हें सरकार और उनके ही विभागों द्वारा प्रमाणित किया गया है। उन्होंने कहा कि, 'थाना और प्रखंड स्तर पर व्याप्त घूसखोरी और भ्रष्टाचार की गवाही 14 करोड़ बिहारी दे रहे हैं।' नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से जवाब मांगते हुये कहा है कि जब इतना काला धन और भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है, तो मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री अब तक चुप क्यों हैं? क्या यह नहीं दर्शाता है कि भ्रष्टाचार में उच्च स्तर पर भी संलिप्तता है?



# एम्बुलेंस घोटाले पर चुप क्यों है केरल सरकार : कांग्रेस

तिरुवनंतपुरम, (वार्ता)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्य समिति सदस्य रमेश चेन्निथला ने केरल सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने कथित एम्बुलेंस घोटाला मामले में चुप्पी साध ली है और इससे लगता है कि उसने अपनी गलती मान ली है। श्री चेन्निथला ने कहा, पिनाराई विजयन नीत केरल सरकार ने खुद को ऐसी सरकार बना लिया है जो बिना कमीशन के कोई भी सौदा नहीं करती। उन्होंने आगे कहा कि कमीशन के सौदों को सुगम बनाने में सरकार ने उल्लेखनीय दक्षता तो दिखाई, लेकिन गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पूरी तरह उपेक्षा की।उन्होंने दावा किया कि राज्य भर में सभी हृदय शल्य चिकित्साएं रुकी हुई हैं, क्योंकि आपूर्तिकर्ताओं ने बकाया भुगतान न होने से एंजियोप्लास्टी उपकरण उपलब्ध कराना बंद कर दिया है। उन्होंने मंजेरी मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थानों में आवश्यक दवाओं और शल्य चिकित्सा उपकरणों की भारी कमी की ओर भी इशारा किया।

कांग्रेस नेता ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग की और ज़ोर देकर कहा कि सरकार गरीबों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में विफल रही है।

# प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर : राज्यपाल

लखनऊ ( वार्ता)

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मंगलवार को राजभवन, लखनऊ में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम, अधिकारियों को जमीनी स्तर पर शासन-प्रशासन, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की कार्यप्रणाली समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अधिकारियों का यह अनुभव, विदेश सेवा में कार्य करते हुए भारत की छवि को और सशक्त बनाने में सहायक होगा। राजभवन में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास, स्टार्ट-अप, कृषि, निवेश, पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहर से सम्बन्धित पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और विदेशों के साथ निवेश तथा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अनेक अवसर यहाँ उपलब्ध हैं। राज्यपाल ने अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न समझौता ज्ञापन संपन्न हुए हैं। विश्वविद्यालयों ने नैक में सर्वोच्च ग्रेड प्राप्त कर अपनी गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि विदेशी विद्यार्थी अब उत्तर प्रदेश में आकर हिंदी और संस्कृत सहित अन्य विशयों का भी अध्ययन कर रहे हैं। राजभवन द्वारा, चुनौतियों को अवसर में बदलकर समाजहित में किये जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि राजभवन परिसर में स्थापित विद्यालय के बच्चों तथा भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों को राजभवन में बैंड का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इन बच्चों द्वारा गठित राजभवन बैंड ने 26 जनवरी को विधान सभा के सामने आयोजित परेड में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त कर राजभवन का गौरव बढ़ाया।

# वाराणसी में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**वाराणसी,(वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को अगवा कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता के पिता ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल से मुलाकात की। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सोमवार रात तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोनिया निवासी निहाल समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। निहाल के पिता राजू उर्फ शरीफ और लालू की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। कोनिया बड़ी मस्जिद निवासी निहाल ने तीन महीने पहले नाबालिग बेटी का अपहरण किया था। पीड़िता के पिता जब अपनी बेटी का पता लगाने निहाल के घर पहुंचे तो उन्हें भगा दिया गया। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि उनकी बेटी अब उनके मजहब की हो गई है। पीड़ित पिता ने बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने इस मामले में निहाल समेत चार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2), 352, 137(2), 191(2) और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 5(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आस्ट्रेलियाई सरकार अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों पर लगाने जा रही है प्रतिबंध

कैनबरा, (वार्ता)

आस्ट्रेलिया की सरकार ने मंगलवार की घोषणा की है कि वह अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों को प्रतिबंधित करने जा रही है, इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल भी शामिल हैं, जो अश्लील चित्र बनाने की क्षमता रखते हैं। संचार मंत्री एनिका वेल्स ने मंगलवार को कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि छिपे हुए ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके। ये टूल्स और ऐप्स स्पष्ट रूप से अश्लील डीपफेक सामग्री बना सकते हैं।

सुश्री वेल्स ने एक बयान में कहा कि आस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक के लिए एक जगह है, लेकिन ऐसे किसी भी ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है, जिनका उपयोग केवल लोगों, विशेषकर हमारे बच्चों को हानि पहुंचाने वाले, अपमानित करने और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम इस पर कार्रवाई किये बिना नहीं रह सकते। अपमानजनक तकनीकें व्यापक रूप से और आसानी से उपलब्ध हैं और अब वास्तविक और अपूरणीय क्षति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूदा कानूनों की पूरक होगी, जो पीछा करने और यौन सामग्री के बिना सहमति के वितरण पर रोक लगाती है। नये कानून भी अपमानकारी टूल तक पहुंच को सीमित करने की ज़िम्मेदारी तकनीकी कंपनियों पर डालेंगे। संघीय सरकार की ई-सुरक्षा आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट ने जून में कहा था कि पिछले 18 महीनों में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों की डिजिटली बनायी गयी अंतरंग तस्वीरों की घटनाओं की संख्या पिछले सात सालों की तुलना में दोगुनी हो गयी है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# हेयर स्टाइल से प्रसिद्ध थीं साधना



बॉलीवुड में साधना को एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर याद किया जाता है अपनी विशिष्ट अदायगी से सिनेप्रेमियों को अपना दीवाना बनाया, साथ हीं वह अपने बालों की स्टाइल 'साधना कट' की वजह से भी वह प्रसिद्ध थीं। साधना का जन्म 02 सितंबर 1941 को करांची पाकिस्तान तब ब्रिटिश इंडिया में हुआ था। माता-पिता की एक मात्र संतान होने के कारण साधना का बचपन बड़े प्यार के साथ व्यतीत हुआ था। वर्ष 1947 में भारत के बंटवारे के बाद उनका परिवार कराची छोड़कर मुंबई आ गया था। इस समय साधना की आयु मात्र छ साल थी। साधना का नाम उनके पिता ने अपने समय की पसंदीदा अभिनेत्री साधना बोस के नाम पर रखा था। साधना जब स्कूल की छात्रा थीं और नृत्य सीखने के लिए एक डांस स्कूल में जाती थीं, तभी एक दिन एक नृत्य-निर्देशक उस डांस स्कूल में आए। उन्होंने बताया कि राजकपूर को अपनी फिल्म के एक ग्रुप-डांस के लिए कुछ ऐसी छात्राओं की जरूरत है, जो फिल्म के ग्रुप डांस में काम कर सकें। साधना की डांस टीचर ने कुछ लड़कियों से नृत्य करवाया और जिन लड़कियों को चुना गया, उनमें से साधना भी एक थीं। इससे साधना बहुत खुश थीं, क्योंकि उन्हें फिल्म में काम करने का मौका मिल रहा था। राजकपूर की फिल्म थी श्री 420 के डांस सीन की शूटिंग से पहले रिहर्सल हुई। वह गाना था- रमैया वस्ता वइया..। साधना शूटिंग में शामिल होती थीं। नृत्य-निर्देशक जब जैसा कहते साधना वैसा ही करतीं। शूटिंग कई दिनों तक चली। लंच-चाय तो मिलते ही थे, साथ ही चलते समय नगद मेहनताना भी मिलता था। वर्ष 1955 में राज कपूर की फिल्म श्री 420 के गीत ईचक दाना बीचक दाना में साधना को कोरस लड़की की भूमिका मिली थी। वर्ष 1958 में साधना को सिंधीफिल्म अबाणा में काम करने का मौक़ा मिला जिसमें उन्होंने अभिनेत्री शीला रमानी की छोटी बहन की भूमिका निभाई थी और इस फिल्म के लिए इन्हें एक रुपए की टोकन राशि का भुगतान किया गया था। बॉलवुड में साधना ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1960 में प्रदर्शित फिल्म लव इन शिमला से की। फिल्म के सेट पर उन्हें फिल्म के निर्देशक आर.के.नैय्यर से प्रेम हो गया और बाद में उन्होंने उनसे शादी कर ली। वर्ष 1961 में प्रदर्शित फिल्म हम दोनो साधना के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई।

# श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने

संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकात-प्यारेलाल ने अपने सदाबहार संगीत से श्रोताओं को करीब चार दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संगीतकार प्यारेलाल शर्मा का जन्म तीन सितंबर 1940 को हुआ था। बचपन के दिनों से ही उनका रुझान संगीत की ओर था और वह संगीतकार बनना चाहते थे। उन्होंने संगीत की अपनी प्रारंभिक शिक्षा पंडित रामप्रसाद शर्मा से हासिल की। इसके बाद वह गोवा आ गये और एंथोनी गोंजालविस से वॉयलिन सीखने लगे। इसी दौरान घर की आर्थिक मदद करने के लिये वह रणजीत स्टूडियो में वायलिन बजाने लगे। एक बार प्यारेलाल को लता मंगेशकर के संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला। उस कार्यक्रम में संगीतकार लक्ष्मीकांत को मेंडोलियन बजाने का मौका मिला था। लता मंगेशकर ने लक्ष्मीकांत और प्यारेलाल की प्रतिभा को पहचाना और संगीतकार शंकर जयकिशन, एस.डी.बर्मन और सी.रामचंद्र को सहायक के लिए लक्ष्मीकांत और प्यारेलाल के नाम सुझाये। बाद में लक्ष्मीकांत और प्यारेलाल ने अपनी जोड़ी बनाकर सिने करियर की शुरुआत संगीतकार कल्याणजी, आनंद जी के सहायक के तौर पर की। सहायक के तौर पर उन्होंने 'मदारी', 'सट्टा बाजार', 'छलिया' और 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' जैसी कई फिल्मों में काम किया। इस बीच उनकी मुलाकात भोजपुरी फिल्मों के निर्माता के.परवेज से हुयी जिन्होंने लक्ष्मीकांत और प्यारेलाल को चार फिल्मों में संगीत देने का प्रस्ताव दिया लेकिन दुर्भाग्य से इनमें से किसी भी फिल्म में उन्हें संगीत देने का मौका नहीं मिल पाया। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की किस्मत का सितारा निर्माता-निर्देशक बाबू भाई मिस्त्री की क्लॉसिक फिल्म 'पारसमणि' से चमका। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की कामयाबी ने लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल को बतौर संगीतकार फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित कर दिया। कहा जाता है कि फिल्म 'पारसमणि' में लता मंगेशकर से गवाने के लिये लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने अपनी जेब से कुछ पैसे भी दिये थे। फिल्म 'पारसमणि' की सफलता के बाद लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक से बढ़कर एक संगीत देकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के सिने करियर की अहम फिल्मों में से एक है वर्ष 1977 में प्रदर्शित फिल्म 'अमर अकबर एंथनी' यूं तो इस फिल्म के सभी गाने सुपरहिट हुये लेकिन यह गीत 'हमको तुमसे हो गया है प्यार' संगीत जगत की अमूल्य धरोहर के रूप में आज भी याद किया जाता है। इस गीत में पहली और अंतिम बार लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी , मुकेश और किशोर कुमार जैसे नामचीन पार्श्वगायकों ने अपनी आवाज दी थी। इन सबके साथ ही 'माई नेम इज एंथनी गोंजालविस' के जरिये प्यारेलाल ने अपने संगीत शिक्षक एंथनी गोंजालविस को श्रंद्धाजलि दी है। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के पसंदीदा पार्श्वगायक के रूप मे मोहम्मद रफी का नाम सबसे पहले आता है। वर्ष 1963 में प्रदर्शित फिल्म 'पारसमणि' इस जोड़ी की पहली हिट फिल्म थी। इस कामयाबी के पश्चात रफी साहब और लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने अपने गीत-संगीत से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। वर्ष 1990 में प्रदर्शित फिल्म 'क्रोध' में अपने संगीतबद्ध गीत 'ना फनकार तुझसा तेरे बाद आया मोहम्मद रफी तू बड़ा याद आया' के जरिये लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने मोहम्मद रफी को अपनी श्रद्धांजलि दी है। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल को सात बार सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 1998 में लक्ष्मीकांत की मृत्यु के बाद प्यारेलाल को गहरा सदमा पहुंचा और उन्होंने फिल्मों में संगीत देना बंद कर दिया।



# हप्पू सिंह उर्फ योगेश त्रिपाठी का संघर्ष की गलियों से कॉमेडी स्टार बनने तक का सफर

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है, यहां हजारों लोग रोज अपने ख्वाबों को हकीकत में बदलने आते हैं। लेकिन कुछ ही लोग अपनी मेहनत और जज्बे से उन सपनों को सच कर पाते हैं। उन्हीं में से एक हैं योगेश त्रिपाठी, जो एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह के किरदार से घर-घर में मशहूर हैं। योगेश की कहानी हिम्मत और संघर्ष की मिसाल है। मुंबई की गलियों में पेन बेचने और छोटे-मोटे काम करने से लेकर टीवी के सबसे प्यारे कलाकारों में गिने जाने तक का उनका सफ़र साबित करता है कि अगर मेहनत और धैर्य हो, तो मुश्किल से मुश्किल रास्ता भी कामयाबी तक पहुंचा देता है। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुये योगेश बताते हैं, जब मैं 2004 में पहली बार मुंबई आया, तब मेरे पास सिर्फ़ सपने थे और यह विश्वास कि मुझे अपने दम पर कुछ करना है। मेरा पहला काम सिर्फ़ 95 रुपये का था और थियेटर में एक शो के 75 रुपये मिलते थे। गुज़ारे के लिए मैंने 150 रुपये में पेन बेचे, छोटे-छोटे बैकग्राउंड रोल किए जिनके 1,500 रुपये मिलते थे, और लगातार अवसर तलाशता रहा। तीन साल तक किसी तरह गुज़ारा किया, लेकिन हार नहीं मानी। 2007 में मुझे पहला विज्ञापन मिला, जिसने राह आसान कर दी। इसके बाद टीवी में छोटे रोल मिले और फिर 2015 में मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ आया। 'भाबीजी घर पर हैं' में मुझे मिला हप्पू सिंह का किरदार। धीरे-धीरे यह किरदार इतना लोकप्रिय हुआ कि 2019 में चैनल ने इस पर अलग शो भी शुरू कर दिया। आज मैंने मुंबई में चार घर खरीदे हैं, वो भी बिना किसी लोन के। यह मेरे लिए सिर्फ़ सफलता नहीं, बल्कि सपना पूरा होने जैसा है। जब मैं पहली बार मुंबई आया था, तो मैंने चार रातें सीएसटी स्टेशन पर बिताई थीं। तभी मैंने ठान लिया था कि एक दिन मैं इसी शहर में 4 घर खरीदकर दिखाऊंगा। आज वो सपना पूरा हो चुका है।



# महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस की 167वीं वर्षगांठ मनाई

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

राष्ट्रीय महिला जागृति मंच नरसिंहपुर इकाई द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे , प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अरुणा दुबे की अगुवाई में एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी की अध्यक्षता में महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस की 167वीं वर्षगांठ मनाई गई।कार्यक्रम की शुरुआत महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में श्रीमती विवेक पांडे ने आज की महिलाओं को महारानी लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का मार्ग बताया,व संगोष्ठी में बात रखी कि समय समय पर देश की वीरांगनाओं को याद किया जाना चाहिए जिससे आज की महिलायें भी प्रेरणा लें। प्रदेश अध्यक्ष अरुणा दुबे ने द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई के राजनीतिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि आप ठान लो कुछ भी तो असंभव को भी संभव कर सकती हो,और आजकल घटित होने वाली घटनाओं में महिलाओं की घृणित



भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष श ज्योति तिवारी जी ने रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और साहस पर स्वरचित पंक्तियां पढीं और महिलाओं में प्रेरणा की अलख जगाई व आज की नारी अपने दायरों को पहचान कर आगे बढ़े पर जोर दिया। सचिव नंदिता चौबे ने बताया महारानी लक्ष्मी बाई अकेली महिला थी फिर भी अंग्रेजों की गलत नीति के आगे नहीं झुकी वैसे ही हम महिलाओं को अपने फायदे के लिए गलत का साथ नहीं देना चाहिए वरन विरोध करना चाहिए। उपाध्यक्ष पूर्णिमा शुक्ला , सपना शर्मा, कीर्ति पालीवाल, प्रियंका गोस्वामी, सुनीता राजपूत, सविता महोबिया , मीना शर्मा ने कविता के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई की शौर्य गाथा का बखान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मंजू लता पांडे एवं मंजू दुबे द्वारा एवं आभार जिला सचिव श्रीमती नंदिता चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मंजूलता पांडे को विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई वीरांगना की वेशभूषा में बहनों द्वारा देश भक्ति और उनके युद्ध कौशल की अलख जगाई । महारानी लक्ष्मी बाई की तरह तलवार चमकती बहनों में कीर्ति पालीवाल , प्रियंका गोस्वामी , भारती रघुवंशी, मीना शर्मा एवं सुश्री अन्वेषा शर्मा ने छोटी मनु का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।सभी वीरांगनाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित कविता दुबे, नीता भारद्वाज , संगीता बेदी, प्रीति गोस्वामी , रेणु नौरिया, सोनाली राय, स्मिता श्रीवास , प्रतिभा नामदेव बहनों का सहयोग रहा।



त्रिवेदी कालोनी राजेन्द्र मेडिकल के पीछे विराजे गणपति बप्पा

## कार्य के प्रति ईमानदार निष्ठावान होते हैं उनका हर जगह सम्मान होताः उदयप्रताप सिंह



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

निश्चित रूप से जो लोग अपने कार्य के प्रति ईमानदार निष्ठावान होते हैं उनका हर जगह सम्मान होता है। जिला शिक्षा विभाग में 33 वर्ष से अधिक समय तक सेवा देने वाले परीक्षा प्रभारी लेखापाल सवल सिंह जाट ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी हैं। यही कारण है कि सेवानिवृत्ति के बाद उनको विभाग के अलावा अपने मित्रों शुभचिंतकों से इस विदाई समारोह में सम्मान प्राप्त हुआ। उक्त बात प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सबल सिंह जाट की सेवानिवृत्ति पर होटल सावित्री सिग्नेचर में आयोजित विदाई समारोह में कही।स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि अब श्री जाट अब अपनी रचनात्मक का लाभ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में देंगे । विदाई समारोह में अनेक वक्ताओं ने सबल सिंह जाट को शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवाकाल की सराहना की। इस अवसर पर स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी धोरेलिया ने कहा कि वे भी सबल सिंह जाट के कार्यों के प्रशंसक है और हमेशा उनके बारे में सकारात्मक बातें सुनने को मिली । शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने कहा कि शिक्षा विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कार्य परीक्षाओं के सुचारू संचालन में परीक्षा प्रभारी रहे सबल सिंह जाट ने बेहद कर्तव्यनिष्ठा समर्पण और निष्ठा से कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री एवं आभार प्रदर्शन मनीष कटारे ने किया।

## कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने बैठक में धारणाधिकार के प्रकरण, टीकाकरण की स्थिति, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति भुगतान तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में टीएचआर वितरण की ऑनलाइन एंट्री के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती एवं



धात्री महिलाओं को वितरित किए जाने वाले पोषण आहार की नियमित रूप से एंट्री कराई जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तायुक्त नाश्ता व भोजन का वितरण करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ाई जाए। इसके बाद निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में अनमोल 2.0 पोर्टल में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान दस्तक अभियान एवं टीकाकरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने बैठक में जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने स्तर पर भी जनसुनवाई आयोजित कर सुनवाई करें। उक्त जनसुनवाई में अनुभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों और ई– ऑफिस की स्थिति के संबंध में भी समीक्षा की गई। उन्होंने दिव्यांगजनों को लाभांवित करने के लिए दिव्यांग शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने इसी प्रकार से जिले में जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संसाधनों को सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत समीक्षा की। इस अभियान के तहत जिले में जनजातीयों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा।

## शर्मा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नियुक्त



**नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के संघ संविधान में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ म.प्र. के प्रांताध्यक्षअतुल मिश्रा ने अंचल कुमार शर्मा, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला अंडिया, संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेहरू, नरसिंहपुर, विकासखण्ड व तहसील नरसिंहपुर को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश का जिलाध्यक्ष नरसिंहपुर मनोनीत किया है। श्री शर्मा के संगठन में जिला अध्यक्ष बनने पर कर्मचारियों ने बधाई देकर विश्वास व्यक्त किया है कि वे संगठन को मजबूत करने साथ कर्मचारियों के हितों के लिए काम करेंगे।

## संयुक्त कलेक्टर जाट को सौंपी गई समस्त शाखाओं का प्रभार एसडीएम गोटेगांव को सौंपा गया

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रशासकीय आधार पर राज्य प्रशासनिक अधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट का स्थानांतरण नरसिंहपुर जिले से अपर कलेक्टर जिला बैतूल के लिए किया गया है। जारी आदेश के परिपालन में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट को नवीन पदस्थापना जिला बैतूल में उपस्थिति दिए जाने के लिए 29 अगस्त को भारतमुक्त किया गया है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संयुक्त कलेक्टर श्रीमती जाट को सौंपी गई समस्त शाखाओं का प्रभार आहरण एवं संवितरण सहित अपने कार्य के साथ– साथ अस्थाई तौर पर आगामी आदेश तक प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोटेगांव श्रीमती देवंती परते को सौंपने का आदेश जारी किया है।

## मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम रम्पुरा टोला के सुरेश कुमार आ. बद्रीप्रसाद ठाकुर कृषि कार्य करते समय ट्रेक्टर–ट्राली के उपर खड़े होकर खाद डाल रहे थे, तभी अचानक उनका सिर बिजली के तारों से टकरा गया, जिससे उनकी 31 मई 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पत्नि विनीता पति सुरेश ठाकुर को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## ड्राइवर कल्याण संघ ने वाहन रैली निकालकर एसडीएम को दिया मांग पत्र

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

ऑल ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन, ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के नेतृत्व में 1 सितंबर को राष्ट्रीय चालक दिवस मनाते हुए नगर के मुख्य मार्गो से वाहन रैली निकली जो तहसील कार्यालय पहुची वहा अनुविभागीय अधिकारी के नाम भारत के सभी चालक के लिए मांग पत्र दिया गया । वाहन पर सवार ड्राइवर हाथों में अपने संगठन का झंडा लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे । मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि देश के 22 करोड़ चालकों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय चालक आयोग प्रदेश चालक आयोग का गठन किया जाए, पिछले एक दशक से राष्ट्रभर में प्रतिवर्ष 1 सितंबर को राष्ट्रीय चालक दिवस मनाया जा रहा है। देश में तमाम दिवस घोषित है। इसलिए 1 सितंबर को सरकार की और से राष्ट्रीय चालक दिवस की घोषणा की जाए और सरकारी कैलेंडर में लागू किया जाए। भारत सरकार एवं राज्य सरकार भारतीय चालक के लिए भारत में चालक संग्रहालय स्थापित करें। राष्ट्रभर में यदि आप व्यवसायक चालक आदि व दुर्घटना



में पूर्वकालिक अपंग हो जाता है। तो उसके भरण पोषण के लिए सरकार द्वारा 10 लाख का मुआवजा प्रदान किया जाए। इससे चालक की मृत्यु पर परिवार के सदस्यों को 20 लाख रूपए का मुआवजा प्रदान किया जाए। राष्ट्रभर में निगमो एवं सरकारी संस्थाओं में संविदा ठेका आउट सोर्सिंग में कार्य कर रहे व्यवसायक चालकों को समान वेतन के तहत नियमितकरण किया जाए। देश भर में सरकार द्वारा चलाई जा रही पेंशन योजना की तरह व्यवसायक चालकों के लिए भी 60 वर्ष के ऊपर प्रति माह न्यूनतम वेतन 10 हजार व पेंशन निर्धारित की जाए, व्यवसायक चालक राष्टरभर में एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश वाहन लेकर जाते है। ऐसे में चालक द्वारा कोई आम नागरिक दुर्घटना का शिकार हो जाता है। तो अपराध के तहत गिरफ्तारी में चालक को जमानत पाने का अधिकार उसका विधि लाइसेंस ही माना जाए। व्यवसायक चालक जो देश भर में सामान की आमद एक प्रांत से दूसरे प्रांत पहुंचाहते हैं। उनका प्रशासनिक/पुलिस उगाही एवं उत्पीड़न बंद किया जाए। चालक को 20 लाख का मेचोरिटी बीमा दिया जाए। चालक को 10 लाख का एक्सीडेंट मेडिकल बीमा दिया जाए।

## कलेक्टर ने किया शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लिंगा और बीतली का औचक निरीक्षण

### छात्र- छात्राओं से संवाद कर पूछे गए सामान्य प्रश्न

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सोमवार को जिले की शासकीय एकीकृत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लिंगा और प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बीतली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्र– छात्राओं से संवाद कर प्रश्न पूछे और अध्यापन कार्य कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार भी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में पाठ्यक्रम अनुसार पढ़ाई कराने के निर्देश दिए। छात्र– छात्राओं से नियमित रूप से कक्षा कार्य, अध्यापन कार्य, गृह कार्य कराने को कहा, जिससे छात्र– छात्राओं का शैक्षणिक स्तर बेहतर बन सके। उन्होंने इस दौरान छात्र– छात्राओं को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति, दर्ज विद्यार्थियों की संख्या, उनके शिक्षण



कार्य आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शिक्षकों की नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और जो शिक्षक स्कूल नहीं आते हैं, उन पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने छात्र– छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्र– छात्राओं से हिंदी में शुद्ध लेखन लिखवाए, बच्चों से अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करवाए और सामान्य प्रश्न पूछे। छात्र– छात्राओं ने पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए।

**उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया**– कलेक्टर श्रीमती पटले ने इसके बाद उप स्वास्थ्य केन्द्र सगौरिया और उप स्वास्थ्य केन्द्र भौरझिर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्रों से नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा नरसिंहपुर के पुनर्गठन एवं पदाधिकारियों की मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी, शाखा नरसिंहपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया गया है कि सोसायटी के पुनर्गठन एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन के संबंध में जिला शाखा के सदस्यों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन एक सितम्बर को किया गया है। सदस्यों की मतदाता सूची कार्यालय कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर व अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर और भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा नरसिंहपुर में चस्पा की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। उक्त जानकारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर ने दी है।

## डॉ. सत्यम शर्मा को खण्ड चिकित्सा अधिकारी वारासिवनी का प्रभार

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने सिविल अस्पताल वारासिवनी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश झोड़े को खण्ड चिकित्सा अधिकारी वारासिवनी के प्रभार से मुक्त कर प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. सत्यम शर्मा को आगामी आदेश तक खण्ड चिकित्सा अधिकारी वारासिवनी का सम्पूर्ण प्रशासकीय व वित्तीय प्रभार सौंपा है।

## कवि सम्मेलन में कवियों ने बिखेरे कविता के इन्द्रधनुषी रंग

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

गणेशोत्सव पर्व पर बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में कवि सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया।अतिथियों में पं.यू एस उपाध्याय गुरुवर अशोक त्रिपाठी एवं पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने गणेश भगवान का पूजन अर्चन वंदन किया।आयोजन समिति से अरुण कुमार खरे ने आमंत्रित कवियों का माला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया।कवियत्री ललिता द्विवेदी ने सरस्वती वंदना और गणेश वंदना से कवि सम्मेलन का श्रीगणेश किया वहीं भावमयी कविता यूं प्रस्तुत की..दसों दिशा लालच की आंधी,दीपक कहां जलाऊं मैं,श्वासों को वायु न मिलती, फूल कहां से लाऊं मैं।कवि कृष्ण कांत चौबे ने बुंदली हास्य रस की फुहार यूं बिखेरी...खीर पुड़ी मैया लें आईं,बब्बा हे वे तनक ने भाईं,अरे समझा रय भोले बब्बा,मैया कहां गओ लड्डू डब्बा,मैया



कहां गओ लड्डू डब्बा।नंदवारा के हास्य कवि बहादुर पटेल ने कविता के उजले उजले स्वर यूं दिये...तीन लोक में तुम पुजते हो,हे गिरजा के नंदन,ब्रम्हा विष्णु सहित सब देवा,करें तुम्हारा पूजन वंदन।गीतकार हरिओम शर्मा ने सुमधुर सुंदर गीत यूं सुनाया..मन में अनुराग प्रीत लाया हूं,श्रृद्धा भक्ति पुनीत लाया हूं भेंट स्वीकारो मेरी गजानन,शब्द सुमनों के गीत लाया हूं।ओज हास्य के चिरपरिचित कवि अशोक त्रिपाठी ने मुक्तक गीत छंद सुनाकर आयोजन में समां बांधा वहीं कवि सम्मेलन का काव्यकलश रखते हुए काव्य पाठ यूं किया.. रिद्धि सिद्धि यश वैभव वर दो गणपति बप्पा,सब भक्तों की झोली भर दो गणपति बप्पा,दर से तेरे कभी कोई भी लौट न पाये खालीभक्ति का वरदान अमर दो गणपति बप्पा।कविवर पंडित सी बी शर्मा और डा महेश त्रिपाठी ने भी अपने काव्य पाठ में गुरु गजानन का यशोगान किया ।कवि सम्मेलन का सरस रोचक संचालन कवि अशोक त्रिपाठी ने किया।आभार प्रदर्शन आयोजन समिति से अरुण कुमार खरे ने किया।कवि सम्मेलन में बी एस पटेल धनपत तिवारी पंडित लीलाधर दुबे अरुण खरे गणेश कुमार चतुर्वेदी डा महेश त्रिपाठी देवेन्द्र दुबे आर के पटवा संतोष नेमा अशोक नेमा धनराज साहू गोविंद विश्वकर्मा मोती पटेल अनिल राय प्रभात राय विजय शर्मा सोमनाथ पटेल ओमप्रकाश नारोलिया दिनेश श्रीवास्तव आदित्य शर्मा विनोद तिवारी आर डी वर्मा प्रेमशंकर राघव यू एस उपाध्याय भवानी शर्मा संतोष शर्मा सी बी साहू सर पं.राजेश दुबे आर के सोनी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# अतिक्रमण शाखा के कार्यों की समीक्षा कर महापौर ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### पुलिस एवं यातायात विभाग के सहयोग से मुख्य मार्गों की पार्किंग व्यवस्था करें व्यवस्थित- महापौर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर निगम की अतिक्रमण शाखा के माध्यम से नगर की सुगम यातायात व्यवस्था सहित मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित रूप से खडे वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग किये जाने की कार्यवाही सहित किये जा रहे अन्य दैनिक कार्यो की समीक्षा सोमवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा की जाकर अतिक्रमण अधिकारी मानेन्द्र सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान यातायात सूबेदार राहुल पाण्डेय भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



### वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग हेतु यातायात विभाग का ले सहयोग

बैठक के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय से बाजार क्षेत्रों के मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर कार्यवाही करते हुए व्यवस्थित पार्किंग कराने की बात कहे जानें पर यातायात प्रभारी श्री पांडेय द्वारा यातायात विभाग के कर्मचारियों एवं नगर निगम के माध्यम से सामूहिक अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करानें में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मुख्य मार्गो की सेंट्रल पार्किंग, पेड़ पार्किंग, रूई बाजार एवं विश्वकर्मा पार्क में व्यवस्थित पार्किंग और किराए पर क्रेन लिए जानें जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### निष्पक्षता से करें प्रभावी कार्यवाही

महापौर द्वारा नगर के बाजार क्षेत्रों मिशन चौक से सुभाष चौक होते हुए स्टेशन रोड मार्ग, अहिंसा तिराहा से जिला चिकित्सालय मार्ग एवं लक्ष्मी बाई तिराहा होते से मोहन टॉकीज मार्ग से सुभाष चौक तक रोजाना अभियान चलाकर मार्ग के अस्थाई अतिक्रमण को अलग कराकर सुचारू यातायात व्यवस्था मुहैया कराने की दिशा में और कारगार प्रयास करने के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह को दिए।

महापौर ने कहा कि शहर की सड़कों, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। नागरिकों की सुविधा और सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निष्पक्षता के साथ रोजाना प्रभावी कार्रवाई करने पर भी महापौर ने जोर दिया।

### आगामी पर्वों के चलते चिन्हित करें हॉकर्स जोन

महापौर ने आगामी नवरात्रि दीपावली एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए फुटकर विक्रेताओं के व्यवस्थित स्थान मुहैया कराने हेतु हॉकर्स जोन के लिए साधूराम स्कूल सहित अन्य सुविधायुक्त स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### रिकॉर्ड करें रोजाना संधारित

बैठक के दौरान महापौर नें अतिक्रमण विभाग द्वारा इस माह की गई चलानी कार्यवाही, कुल अस्थाई दुकानों की संख्या, निर्धारित शुल्क, जब्त सामग्री एवं उसके छोड़ने की प्रक्रिया का रजिस्टर एवं रसीद कट्टे से अवलोकन करते हुए रोजाना की चालानी कार्यवाही की जानकारी रिकार्ड में संधारित करने के निर्देश अतिक्रमण अमले को दिए। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार की आर्थिक शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जायेगी। महापौर ने कहा कि नगर का सौंदर्य और स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए नगर के अन्य स्थलों इंदिरा नगर, कृषि उपज मंडी, एन.के.जे, खिरनी फाटक, ओव्हर ब्रिज के नीचे सहित नगर के अन्य सार्वजनिक मार्गों में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने की मुहिम चलाई जाए ताकि संपूर्ण नगर का आवागमन व्यवस्थित हो सके। बैठक के दौरान अतिक्रमण दल के कर्मचारी रक्कू बाजपेयी, राकेश रजक, अजय कुशवाहा, राजेंद्र उरमलिया, विनय गर्ग, राजेश ठकुरसिया, अंशुल अहिरवार, रोहित बर्मन, अब्दुल नसीम, बलराम समुद्रे की मौजूदगी रही। **फोटो : विकास गुप्ता**



# डिजाइनर हब एग्जिबिशन का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कैडेंस अकादमी आफ फैशन इंटीरियर डिजाइन कटनी के संचालक अनुराधा शशिकांत कोरी द्वारा डिजाइनर हब एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। नागपुर के बाद अब ये एग्जिबिशन कटनी में पिछले ये तीन सालो से हो रहा है। जिसमें फैशन और इंटीरियर डिजाइन के स्टूडेंटस ने अपनी साल भर की स्टडीज को एनिहिविट किया इंटीरियर डिजाइन के स्टूडेंट्स ने आर्किटेक्चुअल मॉडल 21, 3डी डिजाइन कर के बनाये एक प्रोजेक्ट बनाने के लिए स्टार्टिंग प्लानिंग मटेरियल सिलेक्शन से कास्टिंग तक का ध्यान रख के माडल बनाया वही फैशन डिजाइन स्टूडेंट्स ने डिजाइनर आउटफिट से लेकर टेक्सटाइल डिजाइन का वर्क दिखाए स्किल वेस कोर्स होने के कारण यहाँ के ज्यादा तर स्टूडेट कटनी में ही वर्किंग हुई।



### एग्जिबिशन के मुख्य गेस्ट

अशोक विश्वकर्मा, रजनी वर्मा, श्रेया खंडेलवाल, स्वाति पाठक, अन्नू श्रीवास्तव एवं विसिस्ट अथिति में आकांक्षा बरसैंया, शालिनी सोनी, वाणी गट्टानी, रचना गुप्ता, सुनीता गांधी ने एकेडमी के स्टूडेंट के वर्क को सराहते हुए संचालक को बधाईया दी।



## नन्हे-मुन्नें बच्चों द्वारा धार्मिक नाटक प्रस्तुत किये गये

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जैन बोर्डिंग हाउस परिसर में पर्वराज पर्यूषण पर्व के अवसर पर आचार्य शांतिसागर विद्या संस्कार केन्द्र पाठशाला के नन्हे-मुन्नें बच्चों द्वारा धार्मिक नाटक प्रस्तुत किये गये जिसकी उपस्थितजनों ने सराहना की कार्यक्रम का संचालन मंजू दीदी, रूची दीदी द्वारा किया गया। दिग. जैन सोशल ग्रुप मैन द्वारा भजन प्रतियोगिता का अनूठा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका संचालन संजय सिंघई एवं ब्रजेश जैन द्वारा किया गया। चार्तुमास समिति के संयोजक द्वय सिंघई पंचम जैन, अरविन्द्र जैन कोयला ने शांतिधारा करने का सौभाग्य सि. पदम कुमार विन्नी जैन पीयूष एवं सिंघई मनोज कुमार अंकित जैन लल्लन परिवार को प्राप्त हुआ। अर्घ चढ़ाने का सौभाग्य, हाउसिंग बोर्ड पाठशाला की शिक्षिकाओं एवं बालकों द्वारा तथा दिग. जैन सोशल ग्रुप रायल के सदस्यों द्वारा किया गया, महावीर कीर्ति स्तभ में विश्व शांति हेतु युवाओं द्वारा 24 घंटे का णामोकार महामंत्र का अखण्ड पाठ रखा गया। चार्तुमास समिति के संयोजक द्वय सिं. पंचम जैन, अरविन्द्र जैन कोयला, ने बतलाया कि पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री विन्नी जैन ने बतलाया कि राजेश जैन गुड्डा, राकेश जैन, सुशील जैन हीरोपुक परिवार द्वारा स्व. समाजसेवी रतन चंद जैन कुसुम जैन की स्मृति में मेन रोड़ स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग. पंचायती मंदिर में 4 ए.सी. प्रदान किये गये। इस अवसर पर प.पू .श्री 108 पदम सागर जी महाराज ने पर्व के 5 वें दिवस उत्तम सत्यधर्म पर चर्चा करते हुये कहां कि उत्तम सत्यधर्म वाणी तक सीमित नहीं है वाणी तो सिर्फ माध्यम है परन्तु सत्य तो आत्मा के भावों में होता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि सत्य को धारण करने के लिये परिग्रह को छोड़ना पड़ेगा क्यों कि परिग्रह को इकटठा करने के लिए तरह-तरह का झूठ बोलना पड़ता है। उन्होने ने आगे कहां कि विकारी भावों को अपने अंदर से हटाये एवं अपनी आत्मा की साधना करें एवं प्रभु के लिये समर्पण भावना रखे तभी आपका कल्याण संभव है।

# जीतू पटवारी पर हुए प्राणघातक हमले के विरोध में कटनी कांग्रेस जन आक्रोशित

### पुलिस महानिदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन, कड़ी कार्यवाही की मांग

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिला शहर कांग्रेस जनो ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए हमले का विरोध दर्ज कराते हुए, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंप कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि 31 अगस्त को रतलाम में हमारे प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों ने हमला किया।



उन्होंने कहा कि पटवारी पर पहले भी इस तरह के हमले हुए हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि जीतू पटवारी प्रदेश में बेखौफ चल रहे नशे के कारोवार के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी कारण उन पर बार-बार हमले हो रहे हैं। वरिष्ठ नेता फ्री दर्शन गौर ने कहा की भाजपा के इस मृत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नशे के कारोबारियों की भाजपा नेताओं के साथ मित्रता के संबंधों के फोटो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान

पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विजय पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर रजनी वर्मा, राजा जगवानी, मौसूफ अहमद बिट्टू, ईश्वर वहरानी, विवेक गोल्डन पांडे, आंनद पटेल, कमल पांडेय, राजेश जाटव, अजय गोटिया, माया चौधरी, सुमन रजक, मुमता बानो, विनीत जयसवाल, दिग्विजय सिंह, अजय खटीक, श्याम यादव, अजय आहूजा, सुरेंद्र राणा, विवेक विरहा, अभय खरे, राजू कुदरहा, आदित्य कटारे, सुनील कुशवाहा, शाशक गुप्ता, रमेश अहिरवार, शेख सिकंदर, सुरेंद्र कुमार राणा, अजय खटीक, विजय पटेल, श्री भी तिवारी, निर्मल गौतम, सुरेश तिवारी, मनीष चौबे, नमन विश्वकर्मा, हर्षित मिश्रा, रामचन्द्र मूलचंदनानी, पांडे, विज्जु सोलंकी, सुरेश तिवारी, मधु नायक, रमाकांत दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनो सहित महिलाओं की उपस्थिति रही। **फोटो : विकास गुप्ता**



## बुंदेली विद्वान डॉ. पूरन चंद श्रीवास्तव जन्मोत्सव जबलपुर में वरिष्ठ कवि राधेश्याम बृजपुरिया सम्मानित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बुंदेली साहित्य एवं संस्कृति के मूर्धन्य विद्वान डॉ. पूरन चंद श्रीवास्तव के 109 वे जन्मदिवस पर गत सोमवार 1 सितंबर की संध्या संस्कारधानी जबलपुर के शहीद स्मारक सभागार में गुंजन कला सदन द्वारा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी की अध्यक्षता, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बुंदेली दिवस समारोह में बाल कलाकारों की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभा सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण तथा पुस्तक विमोचन आदि विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर साहित्य, संस्कृति, खेल, प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में योगदान देने वाली देश की 20 प्रतिभाओं सहित कटनी नगर के वरिष्ठ कवि श्री राधेश्याम बृजपुरिया को सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. पूरन चंद श्रीवास्तव जी की नव प्रकाशित कृति पर्यावरण महत्व एवं संरोधन का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर वाहन रैली 5 सितंबर को

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जश्न ए ईद मीलादुन्नबी पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर में मिनजानिब-ईद मिलादुन्नबी इतेजातियाँ कमेटी द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है जो सुबह 8 बजे मिशन चौक, बरगवां, झर्रा टिकुरिया, लखेरा, मिशन चौक, सुभाष चौक, सिविल लाइन, गायत्री नगर, रोशननगर, खीरेनी, ओवरब्रिज अहमदनगर होते हुए वापस मिशन चौक में होगी उसके पश्चात मिशन चौक से ही पैगंबर शाहाब का जुलूस निकाला जाएगा वाहन रैली व जुलूस में ईद मिलादुन्नबी इंतजामिया कमेटी ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी पीरबाबा दरगाह कमेटी ने बड़ी से बड़ी संख्या मे समाज जनों से अपील की है।

## आम रास्ता रोकने वाले अपराधी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने सौंपा ज्ञापन

### आम रास्ता तत्काल खोलने, एवं शासन की कब्जा की गई भूमि कब्जा मुक्त कराने किया आग्रह

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** हम सब ग्राम अमाडी तहसील बड़वारा के मूल निवासी एवं छोटे किसान हैं, हमारा निस्तारी रास्ता मनु नारला पिता ने विजय राव एवं रमा नारला पति मनु नारला निवासी ग्राम अमाडी तहसील बड़वारा जिला कटनी द्वारा आम रास्ते में लोहे का गेट लगा कर बन्द कर दिया गया




है, जिससे आमजन, पालतू जानवरों का निस्तार रुक गया है, साथ ही देशकी आजादी के बाद से संचालित बृहताकार सहकारी समिति अमाडी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमाडी व आंगन बाड़ी केन्द्र का रास्ता भी अवरुद्ध कर दिया गया है जिससे जननी एक्सप्रेस, नवनिहाल बच्चो के जीवन में शन्कट उत्पन्न हो गया है जो आज भी गांवों में संपन्न और गरीब में भेद करने का प्रमाण है। हम सब लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते हैं, अत: आप श्रीमान जी से निम्न मांग करतें हैं- आम रास्ता रोकने का अपराध करने वाले मनु नारला पिता एन विजयराव एवं रमा नारला पति मनु नारला के ऊपर रास्ता रोकने का अपराध पंजीबद्ध किया जाये, आम रास्ता तत्काल खोला जाये, मनु नारला के द्वारा शासन की भूमि में किया गया अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाये, उक्त मांगों को एक सप्ताह के अन्दर निराकरण किये जाने का आप से अनुरोध है।




## जनसुनवाई में पुलिस अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें, निराकरण हेतु दिए निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जनता और पुलिस के बीच संवाद को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में 02 सितंबर 2025 को साप्ताहिक जनसुनवाई शिविर का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम, कटनी में किया गया। इस दौरान जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहे तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए 41 फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ सुना गया।

# किसान उच्च गुणवत्तायुक्त बीज का उपयोग करें : विधायक

### रमैया दादा कुटी राखी में किसान संगोष्ठी का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

बहोरीबंद शाखा की बहुउद्देशीय सहकारी समिति कुआं अंतर्गत दादा रमैया कुटी कुआं में विशाल किसान संगोष्ठी का आयोजन विधायक प्रणय प्रभात पांडे की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि सभी किसान सहकारिता से जुड़े और सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने आगे कहा कि फसलों में अच्छे उत्पादन और मुनाफा के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त उपचारित बीज का उपयोग करें। मिट्टी परीक्षण कराकर खाद का उपयोग करें इससे कम लगत अच्छा उत्पादन मिलता है। मिट्टी परीक्षण के लिए लेब संचालित है। इसके पूर्व कार्यक्रम में मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। आयोजन समिति के सदस्यो समिति द्वारा मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### प्रमुख रूप से ए आर हर्षवर्धन कुरील विपणन

अधिकारी, पंकज अटरिया, इफको प्रबंधक राजेश मिश्रा,



कविता राय, पंकज राय, विजय कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अंकेक्षक प्रशासक शैलेश सिंह, ज्योति सोनी, नैना मेहरा, अनीता कोल, भाजपा अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष मुकेश गर्ग, भरत नायक, रामकृपाल यादव, आकाश नायक, अमित साहू, सुनील मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी पटेल, अजय पटेल, बहोरीबंद शाखा प्रबंधक देवेंद्र यादव, आयोजक समिति के अजय नायक, नंद कुमार दुबे, शिवकुमार पटेल, अजीत यादव, मनोज तिवारी, अनिल पटेल सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को उपस्थिति रही।

### 200 किसानों को किया सम्मानित

रमैया दादा कुटी में आयोजित किसान संगोष्ठी में 200 किसानों को आयोजक समिति द्वारा गिफ्ट भेट तथा 6 वरिष्ठ कृषकों को शहर श्रीफल कर सम्मानित किया गया। वहीं आयोजक समिति के अजय नायक नंदकुमार दुबे एवं सदस्यों द्वारा विधायक श्रीपाण्डे को भगवान गणेश की प्रतिमा की भेंट की गई। पौधा रोपण किया विधायक श्री पांडे एव अधिकारियों द्वारा रमैया दादा कुटी प्रांगण में रुद्राक्ष एवं कदम के पेड़ कापौधारोपण भी किया गया।

# बगैर प्रायोजक के एशिया कप खेल सकता है भारत



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पिछले महीने ड्रीम 11 ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ अपना करार खत्म कर लिया था। अब भारतीय टीम एशिया कप बिना किसी मुख्य प्रायोजक के खेल सकती है। इस घटना के बाद बीसीसीआई ने 2 सितंबर को नए प्रायोजक की तलाश शुरू कर दी है। जो भी कंपनी इच्छुक हैं, उनके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट खरीदने की अंतिम तिथि 12 सितंबर तक रखी है। इच्छुक कंपनियों के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर है। एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है और इसका समापन 28 सितंबर को समाप्त होगा।

भारत सरकार ने हाल ही में एक बिल पारित किया था, जिसमें रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, और यह ड्रीम11 का मुख्य व्यवसाय था। इस घटनाक्रम के बाद ड्रीम11 ने बीसीसीआई को बताया कि उसे करार से अलग होने का फैसला लेना होगा। और कारण के रूप में भारत सरकार के उस बिल के नियमों का एग्जिट क्लॉज भी शामिल था। बीसीसीआई के साथ ड्रीम11 का करार 2026 तक था, जिसकी कीमत लगभग 358 करोड़ रुपये थी।

इससे पहले भी बीसीसीआई को ठीक ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था जब 2019 में मोबाइल कंपनी ओप्पो ने तीन साल पहले ही अपना करार खत्म कर लिया था। उस समय शैक्षिक प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू भारतीय टीम के प्रायोजक के तौर पर सामने आई थी। इसके बाद ड्रीम 11 ने 2023 में भारतीय टीम के साथ करार किया।

बीसीसीआई ने इस करार के लिए बिल्कुल साफ कर दिया है कि वह किसी भी शराब के ब्रांड, सट्टेबाजी या जुआ की सर्विस देने वाली कंपनी, क्रिप्टोकरेंसी, ऑनलाइन मनी गेमिंग, तंबाकू ब्रांड, या कोई भी उत्पाद या सेवा जो सार्वजनिक नैतिकता को ठेस पहुंचाने काम करती हो उसकी बोली को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

चार सितंबर को भारतीय टीम एशिया कप के लिए संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना होने वाली है। ग्रुप ए में उनका ओमान, पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ मैच है। भारत 10 और 14 सितंबर को दुबई में यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा, और फिर 19 सितंबर को अबू धाबी में ओमान के साथ मैच है। टूर्नामेंट के ग्रुप बी में अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश, हॉन्गकॉन्ग और श्रीलंका की टीमें शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर फॉर स्टेज के लिए क्वालिफ़ाई करेंगी, और जो टीमें उस राउंड में पहले और दूसरे स्थान पर रहेंगी, वे 28 सितंबर को फाइनल में मुकाबला करेंगी।

# राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया

शारजाह, (वार्ता)।



राशिद खान ने आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ी के रूप में अपनी साख और मजबूत कर ली है। वे संयुक्त अरब अमीरात पर अफगानिस्तान की जीत के साथ पुरुषों की टी20 विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। लेग स्पिनर ने एक बार फिर अपने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया और सोमवार रात 38 रनों की जीत में चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेकर अमीराती मध्यक्रम को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह उन्होंने न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए इस प्रारूप में 165 विकेट अपने नाम कर लिए। शरफुद्दीन अशरफ ने खतरनाक बल्लेबाज मुहम्मद वसीम (37 गेंदों में 67 रन) को आउट किया था, और इसके बाद राशिद ने चार गेंद बाद ही साथी बल्लेबाज आसिफ खान (1) को आउट कर मैच मेजबान टीम से छीन लिया। एथन डिसूजा (12) को आउट करने के बाद, आसिफ के विकेट ने राशिद को साउदी की बराबरी पर ला दिया। लेग स्पिनर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर ध्रुव पाराशर (1) की गेंद पर बाहरी किनारा लेते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ध्रुव पाराशर को सब-फील्डर मोहम्मद इशाक ने कैच कर लिया। अफगानिस्तान की यह त्रिकोणीय श्रृंखला में पहली जीत है, क्योंकि पहले मैच में उसे पाकिस्तान से 39 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले, इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के बीच 84 रनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला, जिसके बाद करीम जनत और 2024 आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अजमतुल्लाह उमरजई की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को 188 रनों तक पहुंचाया, जिसमें बैकएंड पर तीन ओवरों में बनाए गए 49 रन शामिल थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राशिद और अफगानों के सामने यूएई को राहुल चोपड़ा के लिए कोई जोड़ीदार नहीं मिल पाया, जिन्होंने हार के दौरान 35 गेंदों में नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली थी।

# महिला विश्व कप की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि देखकर दिग्गज खिलाड़ी हतप्रभ

**दुबई (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए पुरस्कार राशि में भारी वृद्धि की घोषणा की है। यह विश्व कप इस महीने के अंत में भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाला है। इस प्रतिष्ठित आयोजन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है, जो 2022 में न्यूजीलैंड में आयोजित पिछले संस्करण की तुलना में 297 प्रतिशत की भारी वृद्धि है। इसके साथ ही, कुल पुरस्कार राशि पुरुषों के विश्व कप से भी अधिक हो गई है, जिसकी पुरस्कार राशि 2023 में 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। पूर्व भारतीय दिग्गज झूलन गोस्वामी आईसीसी हिंदी इंस्टाग्राम चैनल पर अपनी पहली उपस्थिति के दौरान द आईसीसी रिव्यू पर इस घोषणा से बेहद खुश थीं, जहां वह टूर्नामेंट से पहले नियमित रूप से दिखाई देंगी। गोस्वामी ने इस ऐतिहासिक घोषणा पर कहा, मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं। बढ़ी हुई पुरस्कार राशि बहुत अच्छी बात है ॥ मैं अपनी तरफ़ से आईसीसी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी। जिस तरह से उन्होंने इस बारे में सोचा है, मुझे लगता है कि इससे महिला क्रिकेट को जरूर काफी बढ़ावा मिलेगा। और नवोदित महिला क्रिकेटरों के माता-पिता के लिए भी। यह एक आश्वासन है कि इस खेल को



पेशेवर रूप से खेला जा सकता है और आगे बढ़ाया जा सकता है। इसलिए, मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छी खबर है और मुझे लगता है कि इससे सभी खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि उपविजेता टीम को 2.24 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। दोनों ही राशियों में 2022 संस्करण की तुलना में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। दोनों हारने वाली सेमीफाइनलिस्ट टीमों को 1.12 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि ग्रुप-स्टेज में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम को 250,000 अमेरिकी डॉलर की गारंटी दी गई है। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

### विनय कुमार यादव और लक्ष्य नागर ने पहले राउंड में बनाई संयुक्त बढ़त

पटना ( वार्ता )।

*दिल्ली के विनय कुमार यादव और नोएडा के लक्ष्य नागर ने पटना गोल्फ क्लब में खेले जा रहे पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन के छठे इवेंट के पहले राउंड में चार अंडर 68 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त बना ली। चंडीगढ़ के अमृत लाल ने दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। पटना गोल्फ एस्टेट एक पार-72 नौ-होल कोर्स है जहां एक राउंड बनाने के लिए नौ होल दो बार खेले जाते हैं। विनय कुमार यादव ने कुछ बेहतरीन चिप-पट की बदौलत पहले नौ होल पर दो बर्डी लगाई और फिर एक और बेहतरीन चिप-पट और पार-4 के 14वें होल पर ग्रीन पर एक शानदार ड्राइव की बदौलत पिछले नौ होल पर दो और बर्डी लगाई।*

# लवलीना, जरीन विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी

**बेंगलुरु (वार्ता)।** टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और निखत जरीन 4 सितंबर से इंग्लैंड में शुरू होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में 20 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी। इस खेल की नवगठित वैश्विक शासी संस्था, विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप का पहला संस्करण एम एंड एस बैंक एरिना में होगा और 14 सितंबर को समाप्त होगा। 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज, जिनमें 17 पेरिस 2024 ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं, 20 भार वर्गों (10 पुरुष और 10 महिला) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में एक सप्ताह के मूल्यांकन के बाद जुलाई में भारतीय टीम का चयन किया गया था। बोरगोहेन 75 किग्रा वर्ग में, जरीन 51 किग्रा वर्ग में, जबकि ओलंपियन पूजा रानी 80 किग्रा वर्ग में मुक्केबाजी करेंगी। पेरिस 2024 के बाद से बोरगोहेन और जरीन की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी हो रही है। अन्य उल्लेखनीय भारतीय मुक्केबाजों में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र



बेरवाल (90 किग्रा) और विश्व मुक्केबाजी कप के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (70 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) शामिल हैं। चैंपियनशिप नॉकआउट प्रारूप में होगी, जिसमें सेमीफाइनल में हारने वालों को कांस्य पदक दिए जाएंगे। प्रत्येक मुकाबले में तीन-तीन मिनट के राउंड होंगे, जिनका निर्णय टेन पॉइंट मस्ट प्रणाली के अनुसार होगा। क्वार्टर फाइनल 10 सितंबर से, सेमीफाइनल 12-13 सितंबर से और फाइनल 14 सितंबर से शुरू होंगे। चैंपियनशिप की लाइव स्ट्रीमिंग भारत में वर्ल्ड बॉक्सिंग के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगी। देश में इसका कोई लाइव टीवी प्रसारण नहीं होगा।

**भारतीय टीम - विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025**

**महिलाएं :-** मीनाक्षी हुडा (48 किग्रा), निखत जरीन (51 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा), संजू खत्री (60 किग्रा), नीरज फोगाट (60 किग्रा), सनामाचा चानू (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), नुपुर श्योरण (80 किग्रा)

**पुरुष:-** जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), पवन बर्तवाल (55 किग्रा), सचिन सिवाच जूनियर (60 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), हितेश गुलिया (70 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), जुगनू अहलावत (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा)।



# कपास की सरकारी खरीद के लिए ऐप शुरू किया गिरिराज सिंह ने

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत किसानों से कपास की निर्बाध खरीद आसान बनाने के लिए, वस्त्र मंत्रालय के भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा विकसित नए मोबाइल एप्लिकेशन, कपास किसान ऐप का मंगलवार को शुभारंभ किया। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह नया मोबाइल ऐप किसानों को स्व-पंजीकरण, स्लॉट बुकिंग और भुगतान स्थिति जानने में सहायक है। यह ऐप किसानों को भुगतान के बारे में जानकारी प्रदान करेगा - जिससे कपास खरीद प्रक्रिया में अधिक तेजी, पारदर्शिता और सुगमता आएगी। श्री सिंह ने कहा कि इस डिजिटल एप से पंजीकरण से लेकर भुगतान स्थिति तक सभी न्यूनतम समर्थन मूल्य संचालन समय पर, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित होगा जो किसानों को किसी संकटकालीन बिक्री से बचाने और डिजिटल इंडिया अभियान को गति प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस ऐप के जरिये किसान एमएसपी के तहत कपास बेचने के लिए खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। साथ ही निर्दिष्ट खरीद केंद्रों के डिजिटल समय सारिणी से प्रतीक्षा समय कम करने, गुणवत्ता मूल्यांकन का वास्तविक समय अपडेट, स्वीकृत मात्रा, भुगतान प्रक्रिया और कई भारतीय भाषाओं में इसकी जानकारी ले सकते हैं।

# मेदांता ने नोएडा में शुरू किया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

नोएडा (वार्ता)।

उत्तर और पूर्वी भारत में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पतालों का चेन चलाने वाले ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड मेदांता के नोएडा में 550 बिस्तरों वाले नये अस्पताल का शुभारंभ हो गया है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह अत्याधुनिक अस्पताल 300 ऑपरेशनल बेड के साथ मंगलवार को खुला, जिसमें 100 से ज्यादा आईसीयू बेड और पांच उन्नत ऑपरेटिंग थिएटर शामिल हैं। अस्पताल दा विंची शी सर्जिकल रोबोट, अगली पीढ़ी के ओ-आर्म, आर्टिस आइकोनो एआई-संचालित बाइप्लेन कैथ लैब, तीन टेस्ला एमआरआई, 256-स्लाइस डुअल सोर्स सीटी स्कैन, पीईटी स्कैन और गामा कैमरा जैसी उन्नत डायग्नोस्टिक प्रणालियों जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। यह कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंसेज, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स और सभी प्रकार के



ट्रांसप्लांट सहित 20 से अधिक सुपर स्पेशियलिटीज में व्यापक तृतीयक और चतुर्थक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करेगा। नोएडा के सेक्टर 50 में स्थित यह अस्पताल मेट्रो नेटवर्क से सीधे जुड़ा है। उद्घाटन के मौके पर मेदांता के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश त्रेहन ने कहा, नोएडा में हमारा नया अस्पताल, लोगों तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की मेदांता की यात्रा में एक और मील का पत्थर है। उन्नत बुनियादी ढांचे, अत्याधुनिक तकनीक और चिकित्सकों की एक मजबूत टीम के साथ यह सुविधा व्यापक तृतीयक और चतुर्थक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए डिजाइन की गयी है।

मेदांता के ग्रुप सीईओ पंकज साहनी ने कहा, यह विस्तार एनसीआर में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगा। उन्नत चिकित्सा सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ, मेदांता अपने पैमाने, नैदानिक उत्कृष्टता और नवाचार के माध्यम से इस अवसर का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## रुपये में पांच पैसे की गिरावट

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी और आयातकों की डॉलर खरीद के कारण मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे टूटकर 88.15 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। भारतीय मुद्रा पर सुबह से ही दबाव रहा। यह चार पैसे की गिरावट के साथ 88.14 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। हालांकि एक समय यह 87.86 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई थी, लेकिन बाद में फिर लुढ़ककर 88.15 रुपये प्रति डॉलर पर आ गयी और उसी स्तर पर बंद हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का क्रम मंगलवार को भी जारी रहा जिससे रुपये पर दबाव देखा गया। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही 0.63 प्रतिशत की तेजी से भी रुपये में गिरावट देखी गयी।

# चावल-गेहूं महंगे, तेलों में घट-बढ़, चीनी के भाव चढ़े



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया। गेहूं के दाम भी बढ़ गये। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 94 रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत चढ़कर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब आठ रुपये बढ़कर 3,856.64 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी सात रुपये की मजबूती के साथ 2,856.81 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपये मजबूत हुआ और 3,318.67 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 37 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही। सोया तेल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल 52 रुपये और वनस्पति 27 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल भी 16 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत करीब 64 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी जबकि अन्य दालों में तेजी रही। चना दाल 11 रुपये और मूंग दाल 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 19 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। उड़द दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब तीन रुपये महंगी हुई।

# जाइडस ने पेश किया भारत का पहला ट्राइवेलेंट इन्फ्लुएंजा वैक्सीन

मुंबई (वार्ता)।

वैश्विक फार्मा कंपनी जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने मंगलवार को देश में पहली बार अपना ट्राइवेलेंट इन्फ्लुएंजा वैक्सीन वैक्सीफ्लू के नाम से पेश किया है। कंपनी ने बताया कि वैक्सीफ्लू विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वैश्विक जरूरतों के अनुरूप है। मौसमी सर्दी-खांसी-जुकाम (इन्फ्लुएंजा) हर साल गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी रहती है, जिससे 30-50 लाख लोग गंभीर रूप से बीमार होते हैं और लगभग 2.9 लाख से 6.5 लाख लोग श्वसन संबंधी कारणों से मौत का शिकार हो जाते हैं। यह बीमारी बच्चों, बुजुर्गों और असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। रोकथाम पर ध्यान देने की जरूरत पर जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शारविल पटेल ने कहा, आज जब हम कई तरह की संक्रामक और संचारी बीमारियों से जूझ रहे हैं, ऐसे समय में बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए उचित टीके की बहुत जरूरत है। हमारी कोशिश हमेशा यही रही है कि हम वैश्विक दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय पर टीका उपलब्ध करायें, क्योंकि यह सुरक्षात्मक स्वास्थ्य देखभाल का सबसे अहम हिस्सा है। हमें पूरा विश्वास है कि इससे टीके से बचाई जा सकने वाली बीमारियां




और उनसे जुड़ी जटिलताएं, खासकर उच्च जोखिम वाले समूहों में, काफी कम हो जायेंगी। पहले फ्लू के लिए क्वाड्रिवेलेंट टीके लगाये जाते थे, लेकिन डब्ल्यूएचओ की 2025-26 की सिफारिशों के अनुसार, मार्च 2020 से बी/यामागाटा वायरस का लगातार न होना दिखाता है कि उसके संक्रमण का जोखिम बहुत कम है। इसी वजह से अब वैक्सीन में इस स्ट्रेन को शामिल करना जरूरी नहीं माना जाता। भारत सरकार के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने भी एनएच 2025-26 में ट्राइवेलेंट इन्फ्लुएंजा वैक्सीन के इस्तेमाल की सिफारिश की है। जाइडस ने बताया कि वैक्सीफ्लू टीका छह महीने और उससे ऊपर की उम्र वाले व्यक्तियों को लगाया जा सकता है।

# अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई ने वापस खरीदे 4.47 करोड़ डॉलर के ऊंची सुरक्षा वाले नोट्स

**अहमदाबाद (वार्ता)।** अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड (एईएमएल) साल 2031 में भुनाये जाने वाले चार करोड़ 46 लाख 61 हजार डॉलर के ऊंची सुरक्षा वाले नोट्स की पुनर्खरीद की है। कंपनी ने 15 जुलाई 2021 को 3.867 प्रतिशत ब्याज पर 30 करोड़ डॉलर मूल्य के ऊंची सुरक्षा वाले नोट्स जारी किये थे। ये 10 साल के लिए जारी किये गये थे और 2031 में भुनाये जाने थे। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने मंगलवार को बताया कि बिजली वितरण के कारोबार में लगी उसकी इकाई अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड ने चार करोड़ 46 लाख 61 हजार डॉलर के ऊंची सुरक्षा वाले नोट्स की पुनर्खरीद कर उन्हें रद्द कर दिया है। इसके लिए उसने अपने आंतरिक स्रोत से नकदी की व्यवस्था की। उसने बताया कि इस




पुनर्खरीद के बाद उसका बकाया मूलधन 25 करोड़ 53 लाख 39 हजार डॉलर रह गया है। कंपनी ने बताया कि यह एईएमएल की मौजूदा पूंजी प्रबंधन योजना का हिस्सा है। इससे पहले कंपनी ने 100 करोड़ डॉलर के 3.949 प्रतिशत ऊंची सुरक्षा वाले नोट्स में से नवंबर 2023 में 12 करोड़ डॉलर के नोट्स टेंडर ऑफर के तहत वापस खरीदे थे। इसके अलावा इस साल जून में शेष नोट्स में से 4.95 करोड़ के नोट्स खुले बाजार से खरीदे थे। ये नोट्स 2030 में भुनाने के लिए जारी किये गये थे। कंपनी ने बताया कि वह आगे भी देनदारी कम करने के लिए इस तरह के उपाय कर सकती है। यह बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

# बैंकिंग, फार्मा में बिकवाली से प्रमुख सूचकांकों में गिरावट

**मुंबई (वार्ता)।** बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुये। सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ। यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520.09 अंक पर खुला था। यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। यह भी 27.95 अंक की तेजी के साथ 24,653 अंक पर खुला था। इसका उच्चतम स्तर 24,758.10 अंक और निचला स्तर 24,522.35 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों में गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.45 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.33, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.15 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गये।

पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की तेजी



रही। एनटीपीसी में 1.60 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.44, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल, आईटीसी और सनफार्मा के शेयर भी मजबूत के साथ बंद हुये। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत चढ़ गया। वित्तीय, बैंकिंग, ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि एफएमसीजी, तेल एवं गैस, रियल्टी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और धातु सेक्टरों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। विदेशों में ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। जापान का निक्केई सूचकांक 0.29 प्रतिशत चढ़ा।

# नई बजटिंग प्रणाली से होगा मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास

## शून्य आधारित बजटिंग और त्रिवर्षीय रोलिंग बजट वाला पहला राज्य बनेगा मध्यप्रदेश

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से औद्योगिकीकरण और विकास की नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार का फोकस केवल आर्थिक वृद्धि पर ही नहीं, बल्कि रोज़गार सृजन, आधारभूत संरचना निर्माण और सामाजिक न्याय पर भी है। इसी दिशा में सरकार ने मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये बजट को अगले 5 वर्ष में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इससे हर क्षेत्र में निवेश और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिलेगी। साथ ही बढ़ते बजट प्रावधान में विभागों के बजट पर अनुशासन लगाने की महत्वपूर्ण पहल भी की जा रही है। इसी कड़ी में अब राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक विकास की ठोस रणनीति तैयार करते हुए शून्य आधारित बजटिंग और त्रिवर्षीय रोलिंग बजट प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि यह पहल विकसित मध्यप्रदेश 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में ठोस आधार बनेगी और देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श साबित होगी। श्री देवड़ा ने कहा शून्य आधारित बजटिंग और त्रिवर्षीय रोलिंग बजट से न केवल प्रदेश की योजनाओं का ठोस मूल्यांकन होगा, बल्कि प्रत्येक खर्च का सीधा संबंध समाज की आवश्यकताओं और राज्य की प्राथमिकताओं से जोड़ा जा सकेगा। यह कदम मध्यप्रदेश को विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश 2047 की दिशा में सबसे मजबूत आधार प्रदान करेगा।




### महत्वपूर्ण है यह पहल

अब तक अधिकांश राज्यों में पारंपरिक बजटिंग पद्धति लागू होती रही है, जिसमें पिछले वर्षों का व्यय आधार बनते थे। इसके विपरीत जीरो बेस्ड बजटिंग में हर योजना को शून्य से शुरू कर उसकी उपयोगिता सिद्ध करनी होगी। इससे अप्रभावी योजनाएँ स्वत: समाप्त होंगी और संसाधनों का इष्टतम उपयोग संभव होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों ने इस प्रणाली को अपनाया है, जहाँ इससे गुड गवर्नेंस और फाइनेंशियल डिसिप्लिन को मजबूती मिली है। अब मध्यप्रदेश इस दिशा में भारत में अग्रणी राज्य बनकर अन्य राज्यों के लिए भी एक मॉडल पेश कर रहा है।

### रोलिंग बजट से लगातार फॉरवर्ड लुकिंग दृष्टि

रोलिंग बजट पद्धति से 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए बजट बनेगा और हर वर्ष इसकी समीक्षा कर नए अनुमानों को जोड़ा जाएगा। इससे योजनाएँ हमेशा आगे की ओर देखने वाली होगी और अल्पकालिक दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक विकास को गति मिलेगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मॉडल कॉर्पोरेट जगत में पहले से सफल साबित हो चुका है, और राज्य शासन में इसे लागू करना नीतिगत दूरदर्शिता का प्रतीक है।

### वित्तीय अनुशासन और सामाजिक न्याय

वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 16त्न और अनुसूचित जनजाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 23त्न बजट सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही वेतन, पेंशन , भत्तों की गणना में पारदर्शिता हेतु नई गाइडलाइन लागू होंगी। इसके अतिरिक्त ऑफ-बजट व्यय और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के वित्तीय प्रभाव को भी अब राज्य बजट में समाविष्ट किया जाएगा। यह व्यवस्था वित्तीय अनुशासन के साथ जनहित में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी।

### राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में महत्व

देश के अन्य राज्यों में अभी भी पारंपरिक बजटिंग पद्धति पर निर्भरता बनी हुई है। मध्यप्रदेश का यह निर्णय वित्तीय सुधारों की दिशा में गेम-चेंजर माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह प्रयोग सफल होता है, तो आने वाले वर्षों में केंद्र और अन्य राज्य भी इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।



# वैदिक घड़ी स्थापित करने पर कैबिनेट के सदस्यों ने सीएम का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित किए जाने पर मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने शॉल और पुष्प-गुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। मंत्रियों ने कहा कि यह पहल भारतीय परंपरा, वैदिक गणना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नई पीढ़ी तक पहुंचाने वाली है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगी। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम है। यह घड़ी केवल समय बताने तक सीमित नहीं है, बल्कि सूर्योदय, सूर्यास्त, राहुकाल, अभिजीत मुहूर्त और चंद्रमा की स्थिति जैसी जानकारी भी उपलब्ध कराती है। इसमें वैदिक समय के साथ-साथ भारतीय मानक समय और ग्रीनविच मानक समय का तुलनात्मक अध्ययन भी संभव है। इस अनूठी घड़ी के साथ मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जो 189 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है और विश्वभर के 7000 से अधिक स्थानों के लिए समय व पंचांग की जानकारी देता है। मंत्रियों ने कहा कि उज्जैन की वैदिक और सांस्कृतिक परंपरा से प्रेरित यह घड़ी मुख्यमंत्री निवास में स्थापित होना गर्व की बात है। यह पहल प्रदेश की गौरवशाली धरोहर को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के साथ युवाओं को वैदिक विज्ञान और गणना प्रणाली से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर परिवहन, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार सहित अन्य मंत्री शामिल थे।

## समुद्र मंथन की सजीव झांकी सजाई गई

**हटा।** सुनार नदी के नाव घाट पर समुद्र मंथन की संजीव झाकी सजाई गई जिसमें एक तरफ देवता और दूसरे तरफ असुरों ने समुद्र मंथन किया। बिहारी जी सेवा समिति द्वारा प्रत्येक बर्ष नावघाट पर गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है एवं भगवान के चरित्रों पर सजीव झांकी सजाई जाती है जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है।





# विपिन महाराज ने लव जिहादियों को राक्षस बताया

### ऐसे लोगों को कठोर दंड की बात कही

**दमोह।** धगट चौराहा क्षेत्र में चल रहे श्री गणेश महायज्ञ में मंगलवार को बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथावाचक विपिन बिहारी महाराज ने लव जिहाद की घटनाओं पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने लव जिहाद में शामिल लोगों को राक्षस की संज्ञा दी। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से तो ऐसे राक्षसों को वो दंड देना चाहिए कि दूसरे राक्षसों को सबक मिले। विपिन बिहारी महाराज ने लव जिहाद के लिए माता-पिता को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा यह माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जब हमारे बच्चे दो-दो, चार-चार घंटे फोन पर बात कर रहे होते हैं तो क्या उस वक्त माता-पिता को यह मालूम होना चाहिए कि वह किससे बात कर रहे हैं। उन्होंने माता.पिता से अपने बच्चों पर अंकुश लगाने और उन पर कड़ी निगरानी रखने की अपील की ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि समाज को बेहतर और श्रेष्ठ बनाना है तो धर्म का प्रदर्शन नहीं धर्म को धारण करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि धर्म एक दूसरे को जोड़ता है और राजनीति मैं कुछ लोग एक-दूसरे को अलग करने का काम करते है ।संतों के आपसी विवादों पर उन्होंने कहा कि यह गलत है। उन्होंने सभी सनातनी संतों से एक-दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़ने का आग्रह किया ताकि सनातन धर्म का झंडा और ऊंचा हो सके। बच्चों को संस्कारिक शिक्षा देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि जिस शिक्षा में संस्कार न हों, उसे छोड़ देना चाहिए। उन्होंने सरकार से पहली से पांचवीं तक के बच्चों को रामायण, पांचवीं से दसवीं तक के बच्चों को महाभारत और उसके बाद गीता को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। उनका मानना है कि ऐसा करने से समाज में आ रही विकृतियां अपने आप खत्म हो जाएंगी।

# पांच युवाओं के माध्यम से आदिवासी गांवों में होंगे विकास के कार्य

**दमोह।** आदि कर्मयोगी मिशन प्रारंभ किया जा रहा हैं, इस मिशन का मूल उद्देश्य यह है कि हम अलग-अलग विभागों की कन्वर्जेंस के माध्यम से आदिवासी भाई-बहनों के समग्र विकास के लिए एक मिशन मोड में काम किया जायेगा। इस सिलसिले में जिले के 7 मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग भोपाल में हुई हैं। आज जिला ओरियंटेशन वर्कशॉप आयोजित की गई थी। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया ओरियंटेशन वर्कशॉप में जिले के सभी अधिकारियों को इस स्कीम के साथ अवगत कराए गया और कल से 3 दिन का ओरियंटेशन ब्लॉक लेवल के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ में प्रारंभ हो रहा हैं जिसमें दो महत्वपूर्ण पहलूओं को शामिल किया गया हैं।

कलेक्टर ने कहा पहला पहलू जिले के अंदर आदि कर्मयोगी मिशन के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में एक आदि सेवा केंद्र बनाया जायेगा, इसकी शुरुआत जिले में सितंबर में की जा रही हैं।



# पटेरा थाना में लव जिहाद का मामला दर्ज

### लड़की पर दबाव बनाने वीडियो वायरल करने का आरोप

**दमोह।** थाना पटेरा क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले रशीद खान ने 10 जनवरी 2024 को युवती के कमरे में घुसकर छोटे भाई की हत्या की धमकी देकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने इस दौरान युवती के वीडियो और फोटो भी बना लिए। आरोपी रशीद खान शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। उसने युवती पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाया। युवती के मना करने पर उसने फोटो वायरल करने की धमकी दी। 23 अप्रैल 2024 को युवती की शादी हो गई। इसके बावजूद आरोपी पीछा नहीं छोड़ा। 31 अगस्त 2025 को जब युवती अपने पति के साथ पीथमपुर में थी, तब आरोपी ने फेसबुक पर उसके आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिए। युवती ने अपने पति को पूरी घटना बताई और दोनों थाने पहुंचे।



### बैठक आयोजित

**हटा।** जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी छिरोल्या के विरुद 15 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है जिस पर आज जनपद पंचायत में आयोजित बैठक में निर्णय होना है। पीठासीन अधिकारी एसडीएम राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में प्रात: 11 बजे जनपद सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई है जिसके लिए सभी 17 सदस्यों को सूचना भेजी गई है। कुल 17 सदस्य पंचायत राज अधिनियम की धारा 28 के प्रावधानों के अंतर्गत अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

## पथरिया में वृहद ब्लड डोनेशन कैंप कल

**दमोह।** जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में कल 4 सितंबर को वृहद ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है। रक्तदान महादान है जो न सिर्फ किसी मरीज को जीवन दान देता है अपितु वह उस पूरे परिवार को प्राणवायु प्रदान करता है। जिस परिवार का सदस्य खून की कमी से जूझ रहा होता है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 2/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश कुमार पाठक पिता नंद कुमार पाठक ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 884/6 मोहनी होम्स बिलहरी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000386584 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1185 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 150 व.फु. आरसीसी पर जिस पर निर्मित विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री विवेक कुमार साहू पिता स्व. श्री पंचम लाल साहू का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 2/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूपलाल मेहरा पिता स्व. जगनराम झारिया ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1640 पुरानी बस्ती कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 1000389053 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 900 व.फु. कच्चा जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. कच्चा निम्न दस्तावेज मृत्युपत्र, शपथ पत्र के आधार पर निगर में दर्ज श्री जगन राम झारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर (म.प्र.)**
क्रमांक- 1972/रा.शा./नपा/2025 नरसिंहपुर, दिनांक : 01.09.2025

**इश्तहार सूचना (भवन/प्लाट/दुकान नामांतरण सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक से तीस दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी। सूचित होवें।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपति हस्ता. माध्यम | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तान्तरिति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 162/05-08-2025 | आजाद | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | शेख सुबराती | शेख शहजाद वगैरह |
| 2 | 163/06-08-2025 | तिलक | भवन | पारि. व्यवस्था | इम्तियाज कुरैशी | रेशमा परवीन वगैरह |
| 3 | 164/05-08-2025 | शंकराचार्य | प्लाट | पंजी. बैनामा | भावना माखीजा | मनोजकुमार झारिया वगैरह |
| 4 | 165/05-08-2025 | रानी अवन्ती | भवन | पंजी. दानपत्र | धनाबाई कतिया | पप्पूलाल राकेशिया |
| 5 | 166/05-08-2025 | राम | प्लाट | पंजी. बैनामा | शेख नईम कुरैशी | शफीक शाह |
| 6 | 167/05-08-2025 | आजाद | भवन | शपथ पत्र | कुंतीबाई केवट | कोमलप्रसाद केवट वगैरह |
| 7 | 168/05-08-2025 | राम | भवन | पंजी. बैनामा | संगीता दीक्षित | बबिता चौरसिया |
| 8 | 169/05-08-2025 | रानी अवन्ती | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | भूषण प्रसाद दुबे | गीता दुबे वगैरह |
| 9 | 170/05-08-2025 | बजरंग | भवन | पंजी. बैनामा | उमेश दत्त दुबे | राधा विजय तिवारी |
| 10 | 171/05-08-2025 | नेहरु | भवन | पंजी. बैनामा | सोनाबाई पटैल वगैरह | दिव्यश्री साहू |
| 11 | 172/05-08-2025 | निरंजन | प्लाट | पंजी. बैनामा | महेंद्रकुमार नेमा | दिव्यश्री साहू |
| 12 | 173/05-08-2025 | बजरग | भवन | पंजी. बैनामा | कमला सोनी | रहीसा बेगम |
| 13 | 174/05-08-2025 | शंकर | भवन | सह स्वामित्व | ललित कुमार पटैल | चन्द्रकला पटैल वगैरह |
| 14 | 175/05-08-2025 | नरसिंह | भवन | पंजी. बैनामा | अभय कुमार नेमा | रुखसार बानो |
| 15 | 176/05-08-2025 | इंदिरा वार्ड | भवन | पंजी. बैनामा | कृष्ण गोपाल दुबे वगैरह | उदित राज दुबे |
| 16 | 177/05-08-2025 | इंदिरा वार्ड | प्लाट | पंजी. बैनामा | संतोषकुमार दुबे | चेतना दुबे |
| 17 | 178/05-08-2025 | गयादत्त | भवन | पंजी. बैनामा | रेनू सेतवानी वगैरह | राधा वाधवानी |
| 18 | 179/05-08-2025 | गांधी | भवन | सह स्वामित्व | अनिलकुमार गौतम | किरण गौतम वगैरह |
| 19 | 180/05-08-2025 | गांधी | भवन | पंजी. दानपत्र | सलिल गौतम | प्रणय गौतम |
| 20 | 181/05-08-2025 | शिवाजी | भवन | पंजी. बैनामा | कृष्णकुमार विश्वकर्मा | नीता नेमा |
| 21 | 182/05-08-2025 | आजाद | भवन | नोट. वसीयत | कोदूलाल चौधरी | दशरथ लाल चौधरी |
| 22 | 183/05-08-2025 | भगतसिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | पराग नेमा वगैरह | विष्णुप्रसाद मेहरा |
| 23 | 184/05-08-2025 | राम | भवन | पंजी. बैनामा | अभय कुमार पालगे | संतोषकुमार बेलापुरकर |
| 24 | 185/05-08-2025 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | लालजू यादव | अंजू यादव |
| 25 | 186/05-08-2025 | राजीव | प्लाट | पंजी. बैनामा | सुनीलकुमार खत्री | रोहित कुमार कोष्टी |
| 26 | 187/05-08-2025 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी. बैनामा | गायत्री ठाकुर वगैरह | सावित्रीबाई पटैल |
| 27 | 188/05-08-2025 | शंकराचार्य | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | सुशीला नेमा | प्रीति गुप्ता, मंजू नेमा |
| 28 | 189/01-09-2025 | भगतसिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | पराग नेमा वगैरह | कृष्णा बाई पटैल |
| 29 | 190/01-09-2025 | भगतसिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | पराग नेमा वगैरह | बती बाई पटैल |
| 30 | 191/01-09-2025 | शंकराचार्य | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | जोगेंद्र सिंह पटैल | प्रभा पटैल |
| 31 | 192/01-09-2025 | निरंजन | प्लाट | पंजी. बैनामा | पवन कानडे वगैरह | आकाश साहू |
| 32 | 193/01-09-2025 | निरंजन | प्लाट | पंजी. बैनामा | पवन कानडे वगैरह | अमरचंद साहू |
| 33 | न्यू मार्केट | स्टेशन गंज | प्लाट नं. 19 | मृत्यु प्रमाणपत्र | जगदीश मानसाता | सिद्धार्थ मानसाता |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर

# फसल बीमा भाजपा सरकार का सबसे बड़ा घोटाला : राहुल राज

## भाजपा सरकार का असली चेहरा यही है - किसान बदहाल, कंपनियाँ मालामाल



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल राज ने आज पत्रकार वार्ता में फसल बीमा योजना को भाजपा सरकार का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए कहा की किसान विरोधी भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को किसानों की सुरक्षा कवच बनाने की बजाय इसे लूट का जाल बना दिया है। किसानों की मेहनत, खून-पसीने की कमाई और सरकार की भारी-भरकम सब्सिडी - सब कुछ बीमा कंपनियों और कॉर्पोरेट घरानों की जेब में जा रहा है, जबकि किसान अपने हक़ से वंचित हैं।

राहुल राज ने आगे कहा आज स्थिति यह है कि किसानों को मुआवज़े के नाम पर 50, 150 या 1500 जैसी मज़ाकिया रकम मिल रही है, जबकि बीमा कंपनियाँ और भाजपा सरकार की मिलीभगत से हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हो रहा है।

### चौंकाने वाले आंकड़े

वर्ष 2024 - किसानों से 2743 करोड़ प्रीमियम वसूला गया। 100 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि 36,803 करोड़ बनती थी, लेकिन किसानों को एक भी रुपया नहीं मिला। वर्ष 2023 - किसानों से 2751 करोड़ वसूले गए। 100प्रतिशत क्षतिपूर्ति 36,674 करोड़ बनती थी, लेकिन किसानों को मात्र 775 करोड़ दिए गए। वर्ष 2022 -3827 करोड़ प्रीमियम वसूला गया। 100प्रतिशत क्षतिपूर्ति 36,322 करोड़ बनती थी, लेकिन किसानों को केवल ?1042 करोड़ दिए गए। वर्ष 2021 - 6700 करोड़ प्रीमियम लिया गया, लेकिन किसानों को केवल 2801 करोड़ लौटाए गए।यह सभी आँकड़े प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज हैं।

### किसानों के साथ धोखा

किसानों से लाखों करोड़ प्रीमियम और सब्सिडी के नाम पर वसूला गया, लेकिन बदले में उन्हें लगभग कुछ भी नहीं मिला। गिरदावरी और अनवरी के नाम पर पटवारियों से लेकर कलेक्टर तक की मिलीभगत से फर्जी रिपोर्ट तैयार की जाती है। किसानों का नुकसान कम दिखाया जाता है, जबकि एक ही गांव में अलग-अलग खेतों में नुकसान अलग-अलग होता है। एक हल्के में चार ऐसे खेतों को चयनित किया जाता है जिसमें सबसे कम नुकसान है जबकि गाइडलाइन के अनुसार सबसे ज्यादा नुकसान वाले खेतों का सर्वे होना चाहिए सर्वे गाइडलाइन के बावजूद, 25प्रतिशत अग्रिम राशि किसानों को कभी नहीं दी जाती। भुगतान में 1-2 साल तक देरी की जाती है, ताकि सरकार और कंपनियों के बीच कमीशन का खेल चल सके। अब तो सैटेलाइट सर्वे का बहाना लेकर पूरा नुकसान ही शून्य बता दिया जाता है।

**कार्यालय मध्य वनवृत्त स्टेशन रोड जबलपुर-482001**
**दूरभाष 0761-2624341 ई-मेल ccf.jbp@mp.gov.in**

**ईमारती काष्ठ, जलाऊ काष्ठ के परिवहन हेतु संक्षिप्त निविदा/नीलाम सूचना की विज्ञप्ति वर्ष 2025-2026**

मध्यवृत्त जबलपुर के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में उत्पादित उत्पादन वनमंडल मंडला/डिण्डौरी/जबलपुर/कटनी के ईमारती काष्ठ/जलाऊ काष्ठ तथा कालपी डिपो से दिल्ली डिपो ईमारती काष्ठ के परिवहन हेतु परिवहन समूहों की निविदायें कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर/संबंधित वनमंडल कार्यालय में निम्न तिथियों में मुहरबंद निविदाएं निम्न चक्रों की आमंत्रित की जानी है, प्राप्त निविदाएं उक्त दर्शित तिथियों में मध्यवृत्त कार्यालय जबलपुर में ही निविदाकारों के समक्ष खोली जावेंगी।

**परिवहन समूहों का निविदा कार्यक्रम मध्य वन वृत्त जबलपुर**

| क्र. | निविदा क्रम | मध्य वन वृत्त कार्यालय जबलपुर में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | संबंधित वनमंडल कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम निविदा | 24.09.2025 (14.00 बजे तक) | 23.09.2025 (17.00 बजे तक) | 24.09.2025 (15.00 बजे से) |
| 2. | द्वितीय निविदा | 14.10.2025 (14.00 बजे तक) | 13.10.2025 (17.00 बजे तक) | 14.10.2025 (15.00 बजे से) |
| 3. | तृतीय निविदा | 30.10.2025 (14.00 बजे तक) | 29.10.2025 (17.00 बजे तक) | 30.10.2025 (15.00 बजे से) |
| 4. | नीलाम परिवहन समूह अवशेष रहने की स्थिति में | 06.11.2025 को सायं 14.00 बजे से वृत्त कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर में | | |

प्रत्येक परिवहन समूह के लिये निविदा अलग-अलग निविदा फार्म में दी जावेगी। निविदा हेतु निविदा फार्म एवं/ विस्तृत शर्तें परिवहन समूहों की सूची एवं अन्य जानकारियों वृत्त कार्यालय एव संबंधित वनमण्डल कार्यालय में कार्यालयीन दिवस व समय में प्राप्त की जा सकती है साथ ही निविदा फार्म 100 रूपये अदायगी कर प्राप्त किए जा सकते है ।

निविदाकार के द्वारा दी गई निविदा के संबंध में यह माना जावेगा कि निविदाकार को निविदा की सभी शर्ते मान्य है। परिवहन समूहों के लिये प्रत्येक निविदा के साथ सत्यकार की राशि के रूप में रूपये 3000/- (तीन हजार) मात्र एव दिल्ली डिपो में परिवहन होने वाली काष्ठ के लिये सत्यकार की राशि रूपये 5000/- (पांच हजार) मात्र बैंक डिपाजिट / काल डिपाजिट जो स्टेट बैंक आफ इंडिया अथवा किसी अधिकृत बैंक का संलग्न करना अनिवार्य होगा किसी भी प्रकार के वाद विवाद होने की स्थिति में संबंधित बनसंरक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

निविदा/नीलाम के सबंध में अन्य जानकारी उत्पादन वनमण्डल मण्डला कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07642-252449 उत्पादन वनमण्डल डिण्डोरी कार्यालय के दूरभाष क्रमाक 07644-234312 एवं सामान्य वनमंडल जबलपुर के दूरभाष क्रमांक 0761-2624195 एवं सामान्य वनमंडल कटनी के दूरभाष क्रमांक 07622-350033 से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय बेवसाईट www.mpforest.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

जी-18083/25

**वनसंरक्षक**
**मध्यवृत्त जबलपुर**

# नर्सिंग छात्राओं ने सीखी कानून की बारीकियां ताकि सुरक्षित दें सकें स्वास्थ्य सेवाएं

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिन्सार) में 28 अगस्त से एक सितम्बर तक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के अंतर्गत लीगल अवेयरनेस एंड नर्सिंग इम्प्लिकेशंस विषय पर चार दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता प्रदान करना तथा स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाले मेडिको-लीगल मुद्दों की गहन समझ विकसित करना था। इस कोर्स का आयोजन प्रो. डॉ. सपना दास (प्राचार्य जिन्सार) के मार्गदर्शन में हुआ, जो कि आयोजन अध्यक्ष रहीं। कार्यक्रम की आयोजन सचिव प्रो. डॉ. प्रिन्सी शाजी (उप प्राचार्य जिन्सार) रहीं। पाठ्यक्रम समन्वयक की भूमिका में भानु प्रिया रजक और संयोजक के रूप में सुश्री ऋषिका कोठारी रहीं। उद्घाटन सत्र में नर्सों के लिए विधिक जानकारी को आवश्यक बताया गया ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सुरक्षित, नैतिक एवं उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से प्रदान की जा सकें। पांच दिवसीय इस कोर्स में कानून और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रख्यात विशेषज्ञों ने व्याख्यान देकर छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दृष्टिकोण भी प्रदान किया।





**जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नसिग साइंसेज एंड रिसर्च में लीगल अवेयरनेस एंड नर्सिंग इम्प्लिकेशंस पर वैल्यू एडेड कोर्स का सफल आयोजन**

## बताए रोगियों के अधिकार, नर्सों की जिम्मेदारी

इसी प्रकार आयोजन में ऋतु शर्मा (सहायक प्राध्यापक, मदर टेरेसा लॉ कॉलेज) ने नर्सिंग में विधिक ढांचे, भारतीय नर्सिंग परिषद एवं राज्य परिषदों की भूमिका तथा विधिक साक्षरता की महत्ता पर प्रकाश डाला । निशांत जैन (सहायक प्राध्यापक, श्रीराम लॉ कॉलेज) ने लापरवाही, चिकित्सा त्रुटि, सही दस्तावेजीकरण तथा मेडिको-लीगल मामलों के प्रबंधन पर सरल और व्यावहारिक जानकारी दी।

इसी क्रम में डॉ. शबाना अंजुम (प्राचार्य, जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज) ने भारतीय नर्सिंग परिषद अधिनियम और अन्य संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी तथा नर्सों के लिए उपलब्ध विधिक सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डाला। अंचला गुप्ता (सहायक प्राध्यापक, मदर टेरेसा लॉ कॉलेज) ने नर्सों की पेशेवर जवाबदेही, कार्य विभाजन और पर्यवेक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

अंतिम दिवस पर भावना वर्मा (उप प्राचार्य, हितकारिणी लॉ कॉलेज) ने रोगियों के अधिकार, नर्सों की जिम्मेदारियों तथा नैतिकङ्ककानूनी संतुलन पर विचारोंत्तेजक व्याख्यान दिया । इस कार्यक्रम ने नर्सिंग विद्यार्थियों को विधिक दृष्टिकोण से सशक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आने वाली कानूनी चुनौतियों से निपटने हेतु तैयार किया ।

# जल्द से जल्द हो क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले बदमाश की गिरफ्तारी

### कांग्रेस पार्षदों ने उजार पुरवा क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर एसपी को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मंगलवार को शहर के कांग्रेस नेताओं एवं उजार पुरवा क्षेत्र के लोगों द्वारा एसपी कार्यालय पहुंचकर कुख्यात बदमाश मोनू यादव की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु मांग की गई। दरअसल कांग्रेस के पार्षद संतोष दुबे पंडा के नेतृत्व में मंगलवार को दर्जनों की तादाद में उजार पुरवा क्षेत्र के लोगों द्वारा क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले बदमाश मोनू यादव के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई। शिकायत में बताया गया कि विगत 29 अगस्त को लार्डगंज थाना अंतर्गत उजार पुरवा बाबली निवासी 25 वर्षीय हर्षवर्धन जब घर में सो रहा था । उसी वक्त मोनू यादव अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर में घुस गया । बदमाशों ने पहले तो हर्षवर्धन की आंखों में लाल मिर्ची का पाउडर डाला, फिर उसपर हत्या की नियत से कई गोलियां चला दी। इस वारदात में हर्षवर्धन के दाहिने पैर मे 02 गोलियां । इसके बाद सभी आरोपी धमकी देतें हुए मौके से भाग निकले।

### पहले से कई मामले दर्ज

पार्षद संतोष दुबे ने बताया कि मोनू यादव आपराधिक प्रवृत्ति का है । जिसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले चल रहे है । आरोपी द्वारा अवैध ब्याज का धंधा करना, गरीब परिवारों के घर पर कब्जा करना और लोगों से आए दिन गुंडागर्दी की जाती हैं। इसी के विरोध में मंगलवार को क्षेत्रीय कांग्रेस पार्षद संतोष दुबे (पंडा) के नेतृत्व में परिवारजनों एवं क्षेत्रवासियों के साथ एसपी को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें वारदात में शामिल सभी आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी एवं कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपते समय नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पीड़ित के माता-पिता, राजू केवट, रामलम्मा केवट, नायडू केवट, श्यामा केवट, दुर्गा राव, श्रीनिवास , महेश कोरी, अनंदा जनवार एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे ।

# आरपीएफ की पहरेदारी, ताकि ट्रेनों में सुरक्षित रहे हर एक नारी

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ ने चलाएं कई अभियान



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पमरे के रेल सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन अमानत, ऑपरेशन मिशन जीवन रक्षा एवं ऑपरेशन मेरी सहेली आदि अभियानों को चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेल के द्वारा बिछड़े हुए, घर से भागे एवं अपहरण का शिकार हुये बच्चों को उनके परिजनों एवं गैर सरकारी संगठन जैसे चाइल्ड लाइफ लाइन इत्यादि अभियान के तहत 463 बालक एवं बालिकाओं को उनके परिवारों से मिला कर एक बड़े समाजिक दायित्व का निर्वहन किया। ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा 604 यात्रियों को उनके छूटे एवं मिसिंग सामान (जैसे-मोबाइल, लैपटॉप, पर्स, ज्वैलरी इत्यादि) अनुमानित कीमत 1 करोड़ 19 लाख 63 हज़ार 261 रूपये को सुरक्षित सुपुर्द किया। ऑपरेशन मिशन जीवन रक्षा के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा 17 यात्रियों एवं व्यक्तियों की जान को बचाया गया। ऑपरेशन मेरी सहेली के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु 18 महिला टीमों की तैनाती की गई है। जिसमें मागभग 42 हज़ार 137 अकेली यात्रा करने वाली महिलाओं को अटेंड कर आवश्यक सहायता प्रदान की गयी एवं उनसे फीडबैक भी प्राप्त किया गया है।

### पेड़ पर फंदा बनाकर युवक ने की आत्महत्या

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा थाना क्षेत्र के ग्राम डुंडी में पूर्व सरपंच ने धान के खेत में लगी नीम के झाड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूलकर अपनी जान दे दी । मौके पर पहुंची सिहोरा थाने की पुलिस ने मृतक बाबूलाल पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम डुंडी का मंगलवार दोपहर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले को जांच में लिया है।

# शराब दुकान का कांग्रेसियों ने किया विरोध

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शहर में शराब दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गोरखपुर क्षेत्र में एक कंपोजिट शराब दुकान को चौथी बार रातों-रात स्थानांतरित करने की कोशिश पर कांग्रेस और स्थानीय लोगों ने विरोध जताया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी नेताओं और शराब माफियाओं की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। इसको लेकर पूर्व विधायक तरुण भनोट और नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल कलेक्टर ऋषभ जैन को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि दुकान को प्रस्तावित स्थान ङ्क आदि शंकराचार्य चौक के पास शिफ्ट किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस इलाके में अनगढ़ महावीर मंदिर, हनुमान मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थान हैं। ऐसे में शराब दुकान खुलने से वातावरण खराब होगा और युवा पीढ़ी पर नकारात्मक असर पड़ेगा। संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन और आपत्तियों को कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाकर उचित निर्णय लिया जाएगा।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में आये 160 आवेदन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्यह अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 160 आवेदन दिये। जिसमें 125 नये आवेदन हैं तथा 35 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर राजस्व संबंधी, पीएम आवास का लाभ दिलाने, लड़ाई-झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, अतिक्रमण हटाने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने व बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे।

# विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर-एसपी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मंगलवार को पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के साथ श्री गणेश विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हनुमानताल, आधारताल के तालाब, तिलवारा तथा भटौली के विसर्जन स्थल पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्री गणेश विसर्जन के दौरान समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें और प्रमुख जगहों पर आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जाए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लापरवाही बरतने वाले 6 पटवारियों की रूकी वेतन वृद्धि

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रभारी अधिकारी भू.अभिलेख एवं संयुक्त कलेक्टर नदीमा शीरी द्वारा 6 पटवारियों की असंचयी प्रभाव से एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किये गये हैं। इन पटवारियों में आशुतोष लोधीए सुधीर कुमार पटेल, नितेश यादव, ओमप्रकाश तिवारी, परसराम परते एवं प्रतिभा मेसराम शामिल है। ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा गत दिनों आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की गई थी। समीक्षा के दौरान इन पटवारियों के क्षेत्र में लक्ष्य के विरूद्ध अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर कलेक्टर श्री सक्सेना ने कार्यवाही करने के निर्देश प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख को दिये थे।

# एसपी कार्यालय में लड़ पड़ी एक युवक की दो पत्नियां



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मंगलवार दोपहर एसपी ऑफिस जनसुनवाई के दौरान उस समय अखाड़ा बन गया जब एक युवक की दो पत्नियां आमने-सामने आ गईं। दोनों ने बीच ऑफिस में एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। बाल पकड़कर घसीटा, पानी की बोतल और चप्पलों से मारपीट की। पुलिस ने बीच-बचाव कर जैसे-तैसे दोनों को अलग किया और सिविल लाइन थाने भेज दिया। लाल मिट्टी इलाके की प्रीति वंशकार ने आरोप लगाया कि उसकी छह साल पहले अभिषेक सोनकर से शादी हुई थी और उनके दो बच्चे भी हैं। लेकिन पति ने दूसरी महिला से विवाह कर लिया और उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया। प्रीति शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची थी तभी अभिषेक अपनी दूसरी पत्नी छाया को लेकर वहां पहुंच गया। आमना-सामना होते ही दोनों पत्नियां भिड़ गईं और हंगामा खड़ा हो गया। इस मामले में सीएसपी भगत सिंह गठोरिया ने बताया कि दोनों महिलाओं और युवक को थाने भेजकर बयान लिए गए हैं। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रीति ने चेतावनी दी कि यदि पति ने उसे साथ नहीं रखा तो वह बच्चे सहित आत्महत्या कर लेगी।

# रेत खाली करते वक्त ट्रांसमिशन से टकराया हाईवा, टला बढ़ा हादसा

### पाटन क्षेत्र की घटना, कई घंटे बाधित रही बिजली

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



पाटन रोड विधासागर परिसर में रेत खाली करते समय एक हाईवा के ट्रांसमिशन लाइन से टकराने के कारण शहर के बड़े अस्पतालों सहित महत्वपूर्ण क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति करने वाली 132 के.व्ही. नयागांव (जबलपुर)- माढ़ोताल (जबलपुर) लाइन का एक सर्किट बाधित हुआ, ट्रांसमिशन लाइन के तुरंत ट्रिप होने से भीषण हादसा टल गया। 132 केव्ही सबस्टेशन माढ़ोताल (जबलपुर) में अति उच्चदाब की वैकल्पिक सप्लाई होने से शहर के बड़े महत्वपूर्ण हिस्से की विद्युत आपूर्ति में व्यवधान नहीं हो सका। एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता आरएस पांडे ने बताया कि मंगलवार को जबलपुर पाटन रोड स्थित विधासागर परिसर में एक हाईवा ने लापरवाही तरीके से रेत खाली करते समय ऊपर से गुजर रही शहर की महत्वपूर्ण 132 केव्ही नयागांव (जबलपुर)- माढ़ोताल (जबलपुर) ट्रांसमिशन लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया, हाईवा में सवार ड्राइवर और हेल्पर तो किसी तरह बच गये पर ट्रांसमिशन लाइन और हाईवा को अत्याधिक नुकसान पहुँचा। किस्मत से ट्रांसमिशन लाइन का कंडक्टर नहीं टूटा अन्यथा जानमाल की भीषण क्षति के साथ ट्रांसमिशन कंपनी को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता और उस दरम्यान शहर के महत्वपूर्ण हिस्से में विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहने का एक विकल्प कम रहता।

**इन प्रमुख क्षेत्रों में होती है विद्युत सप्लाई-** श्री पांडे ने बताया कि इस महत्वपूर्ण 132 केव्ही नयागांव, अस्पताल, कॉलेज, अतंर्राजीय बस अड्डा, विजय नगर सहित अनेक महत्वपूर्ण व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लाखों उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होती है। घटना के कारण क्षतिग्रस्त ट्रांसमिशन लाइन की युद्ध स्तर पर मरम्मत कर उसे ऊर्जीकृत कर दिया गया। इसके कारण ट्रांसमिशन लाइन के सर्किट में लगभग 04 घंटे 17 मिनिट का विद्युत व्यवधान रहा। एमपी ट्रांसको के अधिकारियों ने संबंधित माढ़ोताल थाने में मामले की प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करने के लिये आवेदन दिया है।

## स्कूलों की मरम्मत न होने से पढ़ाई में हो रहा व्यवधान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव गुडविन चार्ल्स ने बताया की बारिश की वजह से छतिग्रस्त शासकीय शालाओं की बिल्डिंग का निरीक्षण नगर निगम की टीम के द्वारा किया गया था और ये आश्वासन दिया गया था की इन सभी शालाओं का नगर निगम के द्वारा सुधार/मरम्मत कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ कर दिया जाएगा । स्कूल में कार्यरत शिक्षकों एवं अध्ययनरत बच्चों के जानमाल को ध्यान में रखते हुए उन छतिग्रस्त कमरों में कक्षा का संचालन नहीं किया जा रहा है। परंतु आज दिनांक तक मरम्मत कार्य हेतु किसी भी प्रकार की कार्यवाही नगर निगम द्वारा नहीं की गयी जिससे शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों में रोष व्याप्त है। कई स्कूलों की छत में से पानी टपकना शुरू हो गया है और टीन का शेड भी खराब हो गया है साथ ही छत से प्लास्टर गिर रहा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, मीनुकांत शर्मा आदि ने शीघ्र सुधार की मांग की है ।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.